हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● सोमवार ● 03.02.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 192 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### मुंबई एयरपोर्ट पर 50 करोड़ रुपये का सोना जब्त

**मुंबई :** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने पिछले पांच दिनों में मुंबई एयरपोर्ट पर 50 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा, सोना और हीरे जब्त करके आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। कस्टम विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को मीडिया को बताया कि उनकी टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 28 जनवरी से 1 फरवरी के बीच एक विशेष अभियान चलाया था। इस दौरान कस्टम टीम ने 50.116 करोड़ रुपये मूल्य का 50.11 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा, 93.8 लाख रुपये मूल्य के हीरे और 1.5 करोड़ रुपये मूल्य का 2.073 किलोग्राम सोना जब्त किया है। अभियान के दौरान सीमा शुल्क अधिनियम के तहत छह मामले दर्ज करके आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि इसी तरह कस्टम टीम ने 24-25 जनवरी को ड्रग्स, सोने की धूल और विदेशी मुद्रा जब्त की थी। ऑपरेशन के दौरान 7.51 करोड़ रुपये कीमत की 751 ग्राम संदिग्ध कोकीन पकड़ी, जिसे एक यात्री ने छिपाकर खाया था। मुंबई सीमा शुल्क टीम ने यात्री के बैग में छिपाकर रखे गए 1,010 ग्राम सोने की धूल भी जब्त की थी, जिसकी अनुमानित कीमत 75.47 लाख रुपये है। कस्टम टीम ने एक छिपे हुए डिब्बे में 22.40 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा जब्त की। इसी तरह 1 फरवरी को कस्टम टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 1.649 किलोग्राम कोकीन बरामद की, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य करीब 16.49 करोड़ रुपये है।

### बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ गैर-जमानती वारंट

**केरल :** केरल की अदालत ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अदालत ने दोनों के खिलाफ एक आपराधिक मामले में गैर-जमानती वारंट जारी किया है। यह मामला पतंजलि आयुर्वेद के साथ जुड़े भ्रामक मेडिकल विज्ञापनों से संबंधित है। केरल के ड्रग्स इंस्पेक्टर ने दिव्य फामेर्सी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद यह वारंट जारी किया गया। अदालत ने 15 फरवरी को उनकी पेशी सुनिश्चित करने के लिए यह वारंट जारी किया है। बता दें कि इससे पूर्व पलक्कड़ जिला न्यायालय ने 1 फरवरी को बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। लेकिन इसपर उनकी अनुपस्थिति के कारण अब गैर-जमानती वारंट की कार्रवाई की गई है।

गौरतलब है कि बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड पर कई कानूनी मामले चल रहे हैं। इनमें भ्रामक विज्ञापन, ट्रेडमार्क उल्लंघन और अवमानना जैसे आरोप शामिल हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव को कुछ मामलों में राहत दी है। इसके साथ ही उन्हें भविष्य में कोर्ट के आदेशों का पालन करने की चेतावनी भी दी थी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने लगाया था 4 करोड़ का जुर्माना बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से पतंजलि को लेकर कई विवाद उठे हैं। इनमें कोविड-19 के इलाज को लेकर किए गए दावों और एक विवादित विज्ञापन पर कोर्ट द्वारा की गई सख्त कार्रवाई भी शामिल है। इसके अलावा बॉम्बे हाई कोर्ट ने पतंजलि पर 4 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया था।

# भारत ने लगातार दूसरी बार जीता महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप का खिताब

एजेंसी

**कुआलालंपुर :** भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका महिला अंडर 19 टीम को 9 विकेट से हराया। भारत ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है। इस टूर्नामेंट की शुरूआत 2023 में हुई थी। पहले ही संस्करण में भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने शेफाली वर्मा की कप्तानी में जीत हासिल की थी। अब दो साल बाद दूसरे संस्करण में निकी प्रसाद की कप्तानी में भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम की है। कुआलालंपुर के बयूमास ओवल में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में

- फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराया

दक्षिण अफ्रीका महिला अंडर 19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 82 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे भारतीय महिला अंडर 19 टीम को जीत के लिए 83 रनों का लक्ष्य मिला। जवाब में भारतीय टीम ने 11.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम किया और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। भारतीय टीम की जीत में गोंगाडी तृषा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने फाइनल में ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए पहले गेंदबाजी में तीन विकेट लिए, फिर बल्ले से नाबाद 44 रन भी बनाए। 83 रनों के लक्ष्य




का पीछा करने उतरी भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने अच्छी शुरूआत की और चार ओवर में टीम का स्कोर 36 रन पहुंचा दिया। पांचवें ओवर में जी कमलिनी के रूप में भारतीय टीम को पहला झटका लगा। कमलिनी 8 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद भारतीय टीम का कोई और विकेट नहीं गिरा और लक्ष्य को 11.2 ओवर में आसानी से हासिल कर लिया। गोंगाडी तृषा 33 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से 44 रन और सानिका चाके 22 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एकमात्र विकेट कायला रेनेके ने लिया। इससे पहले फाइनल में पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका महिला अंडर 19 टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। उसे दूसरे ही ओवर में पहला झटका लगा। सलामी बल्लेबाज सिमोन लॉरेन्स बिना खाता खोले बोल्ड हो गईं। फिर 20 रन के स्कोर पर दूसरी सलामी बल्लेबाज जेम्मा बोथा भी पवेलियन लौट गईं। बोथा ने तीन चौके की मदद से 14 गेंदों पर 16 रन बनाए। 20 रन के स्कोर पर ही दक्षिण अफ्रीका को तीसरा झटका लगा। दियारा रामलाकन 3 रन बनाकर बोल्ड हो गईं। दक्षिण अफ्रीका महिला अंडर 19 टीम के विकेट्स गिरने का सिलसिला जारी रहा और पूरी टीम 20 ओवर में 82 रन पर ऑलआउट हो गई। कप्तान कायला रेनेके 7 रन, काराबो मेसो 10 रन, मीइके वान वूर्स्ट 23 रन, फाय कॉलिंग ने 15 रन बनाए। सेशनी नायडू, एश्ले वैन विक और मोनालिसा लेगोडी खाता भी नहीं खोल सकीं। भारत की ओर से गोंगाडी त्रिशा ने 3 विकेट, वैष्णवी शर्मा, परुणिका सिसोदिया और आयुषी शुक्ला ने क्रमशः 2-2 विकेट अपने नाम किए। शबनम शकील के खाते में एक विकेट आया।

# हेमन्त सोरेन ने सेरेंगसिया के शहीदों को किया नमन, कहा- लड़ाई आज भी जारी है

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चाईबासा :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि आदिवासी समुदाय के पूर्वजों की तपस्या, त्याग और बलिदान का परिणाम है कि आदिवासियों को आज एक अलग पहचान मिल रही है। हम उन शहीदों को सम्मान एवं नमन करते हैं, जिनकी बदौलत देश के विभिन्न मंचों पर अपनी आवाज बुलंद करने की हम सभी को ताकत मिली है। हमें आदिवासी होने का फक्र है। हमें अपने शहीदों और आंदोलनकारियों पर गर्व है। वे आज ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ 1837 में हुए विद्रोह के महानायकों की याद एवं सम्मान में पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो प्रखंड स्थित सेरेंगसिया में आयोजित शहीद दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अमर वीर शहीदों को नमन और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश की आजादी की लड़ाई शुरू भी नहीं हुई थी उस दौरान हर लिहाज से ताकतवर अंग्रेजी फौज के खिलाफ आदिवासियों ने संघर्ष करते हुए अपना लोहा मनवाया था। देश के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। लेकिन, आज भी सामंती ताकतों के खिलाफ आदिवासियों का संघर्ष जारी है। हम अपने आदिवासियों से आग्रह करते हैं कि

- 4.12 अरब की योजनाओं की दी सौगात 3.62 अरब की परिसंपत्ति का किया वितरण
- हमें आदिवासी होने तथा अपने शहीदों और आंदोलनकारियों पर गर्व है
- राज्य के शहीदों और आंदोलनकारियों को सम्मान के साथ दे रहे हक- अधिकार
- समस्याओं के समाधान के लिए आपके दरवाजे पर पहुंचेगी जिला और ब्लॉक प्रशासन की टीम

वे अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ा-लिखा कर उनका भविष्य बनाएं। आदिवासियों को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से मजबूत होने की जरूरत है।

**नए वर्ष की पहली तारीख से ही शहादत दिवस मनाने की हो जाती है शुरुआत**

मुख्यमंत्री ने कहा झारखंड वीरो और शहीदों रही है। इस राज्य में इतने बलिदान दिए हैं कि यहां सालों भर शहादत दिवस मनाने की परंपरा है। नए वर्ष की पहली तारीख को खरसावां गोलीकांड के शहीदों को नमन करने के साथ इसकी शुरूआत हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शहीदों और उनके आश्रितों को सम्मान के साथ हक- अधिकार दे रही है।

**अलग राज्य के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा, कई ने शहादत दी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए हमें लंबा संघर्ष करना पड़ा। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में आदिवासियों ने लगभग 40- 50 वर्षों तक संघर्ष और लड़ाई लड़ी, तब जाकर झारखंड के रूप में अलग राज्य मिला। लेकिन, लगभग 18- 20 वर्षों तक जिन्होंने यहां शासन किया, उन्हें राज्य के विकास तथा आदिवासियों की चिंता नहीं की। लेकिन, जिस तरह हमने लड़कर झारखंड लिया, उसी तरह लड़कर हक और अधिकार भी लेंगे।

**झारखंड के खनिज संसाधनों से पूरा देश हो रहा रोशन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के खनिज संसाधनों से देश का खजाना भर रहा है। यहां के खनिज से पूरा देश रोशन हो रहा है। लेकिन, आज भी यह राज्य देश के सबसे पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। इसकी वजह अलग राज्य बनने के बाद भी विकास पर ध्यान नहीं दिया गया। लेकिन, जब से हमारी सरकार है, इस राज्य को




आगे ले जाने का प्रयास निरंतर जारी है।

**आधी आबादी को सम्मान देने के साथ बना रहे सशक्त**

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में आपके समर्थन से हमारी सरकार बनी। लेकिन, सरकार को पूरे कार्यकाल के दौरान कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। 2024 में आपके आशीर्वाद से एक बार फिर हमें मजबूत सरकार बनाने का मौका मिला। मैं आपको बताना चाहूंगा कि जहां केंद्र सरकार का महिलाओं के विकास के लिए लगभग 25- 26 हजार करोड़ रुपए का बजट है। वहीं, हमारी सरकार आधी आबादी को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए हर महीने 15 अरब रुपए का प्रावधान किया है। झारखंड देश का पहला राज्य है, जो बहन - बेटियों को हर महीने 25-25 सौ रुपए सम्मान राशि के रूप में दे रही है।

**पैसे कहां खर्च करने हैं, सरकार रास्ता दिखाएगी**

मुख्यमंत्री ने महिलाओं को आगाह किया कि वे उन लोगों से सावधान रहें, जो लोभ, लालच और झांसा देकर सरकार से आपको मिल रहे पैसे पर अपनी नजर गड़ाए हुए है। उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि वे अपने पैसे कहां और कैसे खर्च करेंगी, अब सरकार राह दिखाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन से कहा कि महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए कार्य योजना बनाएं तथा गांव और पंचायत स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करें।मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि गरीबों को सिर्फ मदद की ही नहीं जरूरत है, बल्कि उन्हें उनके पैरों पर खड़ा करना है। इसके लिए उन्हें आर्थिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूती देना जरूरी है।

## जेएमएम के स्थापना दिवस पर सीएम ने शिबू सोरेन से की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** झारखंड मुक्ति मोर्चा दुमका में 2 फरवरी को अपना 46वां स्थापना दिवस समारोह 'झारखंड दिवस' के रूप में मना रहा है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हो रहे हैं। इससे पहले उन्होंने आज दिशोम गुरु शिबू सोरेन और अपनी मां रूपी सोरेन ने मुलाकात की और आशिर्वाद लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी तस्वीर भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की। इसके साथ उन्होंने लिखा, ''आज आदरणीय बाबा दिशोम गुरुजी और मां से आशीर्वाद लिया। आज दुमका में ऐतिहासिक झामुमो के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन भी किया जा रहा है। झामुमो के सभी कर्मठ सिपाहियों को इस शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।''

## चार मई को खुलेंगे भगवान बद्रीनाथ के कपाट

**टिहरी :** उत्तराखंड़ में वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर रविवार को टिहरी राज दरबार नरेंद्रनगर में गणेश पूजन के साथ विश्व प्रसिद्ध धाम भगवान बदरीनाथ के कपाट खोलने की तिथि घोषित कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक शुभ लग्न के अनुसार मंदिर के कपाट आगामी 4 मई को सुबह 6 बजे प्रातः विधिवत पूजा-अर्चना के साथ आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। भगवान बदरी विशाल के महाभिषेक के लिए तिलों का तेल 22 अप्रैल को पिरोया जाएगा। उसी दिन राज दरबार से गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा शुरू होगी। इसके साथ ही चारधाम यात्रा के भी विधिवत शुरूआत हो जाएगी। नरेंद्रनगर स्थित राजदरबार में बसंत पंचमी पर राज पुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने गणेश, पंचांग और चौकी पूजन के बाद महाराजा मनुजेंद्र शाह की जन्म कुंडली का अध्ययन और ग्रह नक्षत्रों की दशा देखकर भगवान बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खोलने की तिथि घोषित की।

# दिल्ली में बदलाव का वसंत आ गया व झाड़ू के तिनके बिखरने लगे : नरेंद्र मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि दिल्ली में बदलाव का बसंत आ गया है और झाड़ू के तिनके बिखरने लगे हैं। इससे साफ हो गया है कि दिल्ली से आप-दा जाने वाली है और गरीब एवं मध्यम वर्ग के जीवन को खुशहाल बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने वाली है। मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए दक्षिणी दिल्ली के आर के पुरम में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद, पांच फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है।



इस बार पूरी दिल्ली कह रही है, अबकी बार भाजपा सरकार। प्रधानमंत्री ने कहा, दिल्ली की आप-दा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी, दिल्लीवासियों की सेवा का मौका जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को समाप्त करने के लिए खप जाऊंगा। गरीब हो या मध्यम वर्ग हर परिवार का जीवन खुशहाल हो, ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। उन्होंने कहा,हमें ऐसी डबल इंजन सरकार बनानी है जो लड़ाई-झगड़े की बजाय, दिल्ली के लोगों की सेवा करे। जो बहाने बनाने की बजाय, दिल्ली को बनाने-सजाने में ऊर्जा लगाए। उन्होंने कहा कि आपने आने वाले पांच साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है, अब गलती से भी यहां आप-दा सरकार नहीं आनी चाहिए, जो दिल्ली के पांच और साल बर्बाद कर दे। मोदी ने कहा कि आपदा के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि लोग आपदा पार्टी से नफरत करते हैं। आपदा इतनी हैरान है कि वे झूठी घोषणाओं का सहारा ले रहे हैं। दिल्ली के सामने आपदा का पदार्फाश हो गया है। न्होंने कहा, दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। आप -दा के नेता, उसे छोड़कर जा रहे हैं, ये जान चुके हैं कि ग्राउंड पर जनता आप-दा से कितना नाराज हैं। प्रधानमंत्री ने कहा,मैंने विकसित भारत के निर्माण के लिए चार स्तंभों को मजबूत करने की गारंटी देश को दी थी। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति। कल जो बजट आया है, वो मोदी की ऐसी ही गारंटियों को पूरा करने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि आप भी जानते हैं कि 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था 10वें नंबर से पांचवें नंबर पर पहुंच चुकी है, यानी देश की आर्थिक शक्ति बढ़ रही है, अर्थव्यवस्था का कद बढ़ रहा है, नागरिकों की कमाई भी बढ़ रही है। पहले की स्थिति होती तो देश की ये बढ़ती हुई कमाई घोटालों में चली जाती, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी। लेकिन भाजपा की ईमानदार सरकार देशवासियों का एक-एक पैसा देश की भलाई, देशवासियों की भलाई के लिए लगा रही है।

## नासिक-सूरत हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, सात की मौत, 15 घायल

एजेंसी



**मुंबई :** महाराष्ट्र में नासिक-सूरत हाईवे पर सापूताड़ा घाट पर रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई जबकि 15 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। हादसे का शिकार हुए सभी यात्री मध्य प्रदेश के हैं। हादसा इतनी भीषण था कि बस के गिरते ही उसके परखच्चे उड़ गए। करीब 50 श्रद्धालुओं से भरी लग्जरी प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, श्रद्धालुओं से भरी यह बस कुंभ से आ रही थी और गुजरात के धार्मिक स्थलों के दर्शन करने जा रही थी। इस बीच सापुतारा के मालेगांव घाट के पास यह हादसा हुआ। सुबह करीब 5:30 बजे नासिक-सूरत हाईवे पर सापुतारा घाट के पास प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे के तुरंत बाद वहां चीख-पुकार मच गई। आस-पास के लोगों ने जब बस हादसा देखा तो तुरंत घायलों की मदद के लिए पहुंचे। पुलिस को भी सूचना दी गई। हादसे का शिकार हुए सभी यात्री मध्य प्रदेश के हैं। वे कुंभ मेले के बाद नासिक के त्रयंबकेश्वर मंदिर गए थे। इसके बाद गुजरात देव दर्शन के लिए जा रहे थे।

## एक नजर

### सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ का अचला सप्तमी पर सूर्य पूजनोत्सव कल



**हजारीबाग :** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की हजारीबाग जिला इकाई की ओर से चार फरवरी की सुबह 9.30 बजे से सूर्य सप्तमी अर्थात अचला सप्तमी का आयोजन भक्तिभाव से किया जाएगा। इसमें महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सह वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र शामिल होंगे। इस आशय का निर्णय रविवार को न्यूज एरिया पहली गली स्थित शंकर मिश्र के आवास प्रांगण महा कल्याणेश्वर शिव मंदिर परिसर की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महासंघ के जिलाध्यक्ष सह वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप पाठक ने बताया कि सूर्य पूजनोत्सव होगा। इस दौरान आदित्य हृदय स्रोत का पाठ 11 शाकद्वीपीय ब्राह्मण करेंगे। उसके बाद खीर-पूड़ी और बुंदिया का भोग वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया जाएगा। इस बीच शंकर मिश्र और उनकी टीम संगीतमय भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिरस में डुबो देंगे। कार्यक्रम में जिलेभर से शाकद्वीपीय समाज से सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु जुटेंगे। बैठक में. प्रांतीय प्रवक्ता वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ पाठक. जिला अध्यक्ष प्रदीप पाठक, सचिव शंकर चंद्र पाठक,उपाध्यक्ष शंकर मिश्रा, उपाध्यक्ष. उपेंद्र उपाध्याय कोषाध्यक्ष सुरेंद्र उपाध्याय युवा कमेटी सचिव अनुज पाठक, शशि भूषण उपाध्याय, उज्जवल पाठक आदि उपस्थित थे।

### लातेहार में हथियार के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

**लातेहार :** लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चला कर बालूमाथ थाना क्षेत्र से पांच अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया।
गिरफ्तार अपराधियों में चंदवा निवासी वीरेंद्र गंझू, मुन्ना गंझू, उमेश गंझू, हेरहंज निवासी दिलीप उरांव और बारियातु निवासी विकास साहू शामिल है। सभी अपराधी राहुल सिंह गिरोह के लिए काम करते हैं । पुलिस ने इन अपराधियों के पास से तीन बंदूक और 13 गोलियों समेत कई अन्य सामान बरामद किया है।
रविवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल सिंह अपराधी गिरोह के कुछ अपराधी बालूमाथ थाना क्षेत्र के जोगियाडीह के पास एकत्रित हुए हैं और कोयला व्यवसाय मुकेश सिंह की हत्या की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के बाद थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम बनाई गई और अपराधियों के खिलाफ छापेमारी की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

### सभी धर्मो का आधार और संरक्षक है सरना धर्म : सोमा कंडीर

**खूंटी :** बंदगांव प्रखंड के लुंबई मैदान में रविवार को सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थन सभा में करमू हेंब्रम, बलराम हेंब्रम और बेला मुंडरी की अगुवाई में सरना स्थल में पूजा-पाठ कर भगवान सिङबोंगा से खुशहाली की कामना की गई। सभा को संबोधित करते हुए धर्म गुरु सोमा कंडीर ने कहा कि सरना प्रकृति पर आधारित मानव सभ्यता का प्रचीनतम धर्म है। यह सभी धर्मो का आधार और संरक्षक है। सरना धर्म का अपना धार्मिक विधि-विधान, बहुमूल्य जीवन शैली, दर्शन तथा आदर्श है जिसमें लाखों लोगों की धार्मिक आस्था-विश्वास है। यह जातीयता से ऊपर उठकर समानता का पाठ पढ़ाता है।

सांसद सामूहिक विवाह उत्सव संपन्न,कन्यादान के वक्त भावुक हुए सांसद मनीष,कहा-

# सांसद सामूहिक विवाह में एक हुए 101 जोड़े

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सात फेरों से बंधा जन्मों का ये बंधन, प्यार से रब ने है जोड़ा प्रीत का दामन...। हजारीबाग स्टेडियम टेडियम में अभूतपूर्व सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 का यह दृश्य जेहन में सदैव यादगार रहेगा। खासकर उन 101 जोड़ों को, जिन्होंने और उनके परिजनों ने कभी कल्पना तक नहीं की होगी कि उनके दूल्हे इस कदर सजी-धजी कार में बैंड, बाजा, बारात के साथ रंग-बिरंगी आतिशबाजियों के बीच झूमते-गाते और नाचते उनके साथ सात फेरे लेंगे। लेकिन यह शाही शादी हकीकत में तब्दील थी। दरअसल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल इन 101 गरीब घरानों की बेटियों के लिए किसी मसीहा से कम नहीं थे। इन जोड़ों को शाही शादी के सपने दिखाए और फिर उनके ख्वाब को पंख भी लगाए। बेटियों के कन्यादान और फिर शादी के बाद विदाई के दौरान मसीहा सांसद मनीष जायसवाल विचलित और भावुक हो गए। नव वर-वधू से कहा कि जिंदगी में कभी किसी चीज की जरूरत हो, इस भाई, इस बेटे को जरूर याद कर लेना। यह मनीष सदैव हाथ जोड़े, शीश नवाए आपके लिए खड़ा मिलेगा। वास्तव में इनमें कुछ ऐसे जोड़े थे, जो बोल और सुन नहीं पाते थे। कुछ ऐसे जोड़े थे, जिनके नेत्र की रोशनी चली गई। कुछ ऐसे लोग थे, जिन्हें दो जून की रोटी भी मुश्किल से मयस्सर हो रही। इन सभी 101 जोड़ों के सुखी दांपत्य जीवन के लिए सांसद मनीष जायसवाल ने इलेक्ट्रिक स्कूटी के साथ 36 प्रकार के साजो-सामान के साथ विदाई किया ताकि उनकी आगे की गृहस्थी भी हंसी-खुशी फूले-फले। सांसद जायसवाल ने यहां तक कहा कि भविष्य में नव वर के लिए वह नौकरी-रोजगार के लिए भी पहल करेंगे। म्यूजिकल मंत्रोच्चार से 101 जोड़ों का विवाह रचाने वाले कोलकाता से पधारे राघव पंडित जी ने भी सांसद मनीष जायसवाल की इस नेक व पुण्य पहल की स्वतंत्र कंठ से खूब सराहना की और कहा कि जहां का जनप्रतिनिधि मनीष जायसवाल जैसा हो वहां लोगों के जीवन में चिंता कम होगी। कोई पीता के चेहरे पर निरासी नहीं होगी और कोई मन उदास नहीं होगी क्योंकि उन्हें पता है कि उनका जन्म प्रतिनिधि सजग है और उनके सुख-दुःख का सहभागी है । अभूतपूर्व जमात के साथ निकली बारात, कोई पहुंचा बीएमडब्ल्यू के साथ तो कोई थार पर होकर सवार सांसद मनीष जायसवाल ने की अगुवाई, छाए थे मंगल जज्बात 02 फरवरी यानी रविवार की सुबह उन 101 जोड़ों के लिए जितनी सुहानी थी। उससे कहीं अधिक सांसद मनीष जायसवाल के जज्बात बिखर रहे थे। बड़कागांव रोड़ पर सिमरा रेस्ट हाउस के समीप स्थित अपकमिंग जीडी गोयनका स्कूल परिसर जब 101 दूल्हों की सामूहिक बारात निकली, तो चहुंओर मंगल गान के साथ ताशा की धुन फिजाओं में वैवाहिक माहौल का कुछ अलग ही समां बंध गया।

## बजट में झारखंड की उपेक्षा चिंताजनक : सूरज दास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही विधानसभा के एआईएमआईएम युवा नेता सूरज दास ने आम बजट को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में झारखंड के लिए कोई विशेष घोषणा नहीं की गई, जिससे राज्य की उपेक्षा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने बजट की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि वेतनभोगी वर्ग के लिए यह बजट फायदेमंद हो सकता है, लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य के बजट में कटौती चिंता का विषय है। सूरज दास ने किसानों की स्थिति पर भी अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि खेती से जुड़ी वस्तुओं पर जीएसटी में कोई छूट नहीं दी गई, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ेगी। किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए ऋण तो बढ़ाया गया है, लेकिन महंगाई का कोई समाधान नहीं किया गया, जिससे किसानों को सीधा लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने मनरेगा योजना को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मनरेगा का बजट जस का तस रखा गया है, लेकिन श्रमिकों की आय बढ़ाने के लिए कोई ठोस योजना पेश नहीं की गई। बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि 140 करोड़ की आबादी वाले देश में केवल 9 करोड़ लोग टैक्स देते हैं, लेकिन बाकी लोगों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई। बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए सूरज दास ने कहा कि सरकार ने चुनावी लाभ और राजनीतिक स्वार्थ के लिए बिहार पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने इसे सत्ता का दुरुपयोग करार देते हुए सवाल उठाया कि झारखंड जैसे अन्य राज्यों को क्यों नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी राज्यों को समान महत्व मिलना चाहिए, लेकिन इस बजट में झारखंड के विकास को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया।

## अफीम की खेती नष्ट करने के लिए चौपारण पहुंचे एसपी अरविंद कुमार सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** चौपारण में प्रशासन की लगातार कार्रवाई से अफीम, डोडा की खेती पर अंकुश लगता दिख रहा है। कार्रवाई के बाद ग्रामीण लगातार अफीम की खेती को खुद ही नष्ट कर रहे हैं। इसी कड़ी में चौपारण पुलिस ने एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में चौपारण के मुड़िया गांव में 50 एकड़ वन भूमि और रैयत भूमि पर लगी अफीम की फसल को नष्ट किया। साथ ही मुड़िया में ग्रामीणों के बीच अफीम की खेती नहीं करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया। मुड़िया में कार्रवाई के बाद थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि नष्ट की गई अफीम की खेती को लेकर लोगों की पहचान कर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पुलिस ने नक्सलियों पर अंकुश लगाने में सफलता हासिल तो कर ली है, लेकिन अफीम की खेती अभी भी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। दर्जनों प्राथमिकी और गिरफ्तारी के बाद भी अफीम की खेती करने वाले किसानों और माफियाओं में कोई खौफ नहीं है। जिसके कारण खेतों में फिर से अफीम की फसल लहलहाने लगी है। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के कारण ग्रामीण अब खुद ही अफीम के खेतों में ट्रैक्टर और हल चला रहे हैं। इलाके में अफीम की खेती की गूंज ऐसी रही कि जिले के एसपी अरविंद कुमार सिंह को भी चौपारण प्रखंड के जंगली इलाकों में अफीम की खेती को नष्ट करने उतरना पड़ा, ग्रामीण भी इससे काफी प्रभावित दिखे।

## रेनबो ट्रॉफी टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही के शिवपुर गडलाही स्थित रेनबो स्कूल मैदान में शनिवार को रेनबो ट्रॉफी टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में करियारपुर के मुखिया एवं समाजसेवी पूरण राम, रेनबो स्कूल के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा, राजू रंजन, बंगाली राम ने संयुक्त रूप से टूर्नामेंट का उद्घाटन मशाल जलाकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में पंचमाधव और रेलो की टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। पंचमाधव की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 74 रन बनाए। जवाब में रालो की टीम ने भी बेहतरीन खेल दिखाया, लेकिन वह लक्ष्य को हासिल करने से चूक गई और 68 रन ही बना सकी। इस तरह पंचमाधव ने यह मुकाबला 6 रन से जीत लिया। इस मैच में विक्रम कुमार राणा ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला विजैया और श्रीनगर की टीमों के बीच खेला गया। श्रीनगर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार शुरूआत की और 8 ओवर में 82 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विजैया की टीम महज 37 रन ही बना सकी और मुकाबले में श्रीनगर ने एकतरफा जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के पहले दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में भी जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला। आयोजकों के अनुसार, टूर्नामेंट में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं, और अगले कुछ दिनों तक रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। आयोजक ने कहा कि रेनबो ट्रॉफी के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देना और खेल को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह के दौरान आयोजकों ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। आने वाले दिनों में टूर्नामेंट के अन्य मुकाबले और भी दिलचस्प होने की उम्मीद है। मौके पर मोहन प्रजापति, अजय प्रजापति, नारायण प्रजापति, सिकन्दर पंडित सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## मानवता की सच्ची सेवा ही सरस्वती पूजा का सुखद संदेश : जेपी जैन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



हजारीबाग : मानवता की पूजा ही सच्चे अर्थों में वास्तविक पूजा है। सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर गुरुकुल कोचिंग संस्थान गुरुकुल इंटर कॉलेज गुरुकुल कंप्यूटर अकैडमी द्वारा अनाथ आवासीय विद्यालय ,मूक- बधिर बच्चों के स्कूल, वृद्धाश्रम के सम्मानित बुजुर्गजनों, दिव्यांग आवासीय विद्यालय के बच्चों को पठन सामग्री, भोजन, फल, बिस्किट, केक , मिठाई,टॉफी, बुजुर्ग जनों के लिए धोती ,साड़ी ,कम्बल, तौलिया, दवाएं, घड़ी तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण गुरुकुल के विद्यार्थीगणों द्वारा किया जायेगा। विगत 21 वर्षों से संस्थान द्वारा इस कार्य को निरंतर किया जा रहा है । विगत वर्ष विद्यार्थियों ने अनाथ आवासीय विद्यालय में केंट वाटर मशीन लगाई गई थी जिससे आज बच्चे स्वच्छ पेय जल का सेवन कर रहें है। इस तरह के सामाजिक कार्यों से विद्यार्थियों में मानव मात्र के सेवा के संस्कार आते है जो उनके व्यक्तित्व विकास और उज्जवल भविष्य के निर्माण में सहायक होते है। युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्वयों के प्रति जागरूकता सबल राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक है। गुरुकुल के निदेशक जेपी जैन एवं प्रबंध निदेशिका शिप्रा जैन ने कहा कि मानवता की सच्ची सेवा ही सरस्वती पूजा का सुखद संदेश है वृद्ध जनों अनाथ बच्चों, मूक बधिर, दिव्यांग बच्चों के साथ समय व्यतीत कर विद्यार्थियों में संवेदनशीलता की भावना तथा दूसरे के सुख-दुख में सदैव तत्पर रहने की भावना समाहित होती है इससे बच्चों में अच्छे संस्कार समाहित होते हैं।

# प्रेस क्लब में सरस्वती पूजा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग प्रेस क्लब के प्रांगण में सोमवार को मां सरस्वती की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ बड़े धूमधाम से की जाएगी। यह पूजा कार्यक्रम बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्रीय पत्रकार, समाजसेवी, और प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। पूजा के दौरान मां सरस्वती के प्रतिमा की पूजा के साथ विधिपूर्वक मंत्रोच्चारण, पुष्प अर्पण,धूप और दीप जलाने की परंपरा का पालन किया जाएगा, जो ज्ञान और विद्या की देवी की आराधना का प्रतीक है। हजारीबाग प्रेस क्लब भवन को सजाया गया है, जो बिल्कुल एक दुल्हन की तरह सुसज्जित प्रतीत हो रहा है। यहां पर रोशनी की बहार है, जो कार्यक्रम की भव्यता और महत्व को दर्शाती है। जगमगाती लाइट्स और रंग-बिरंगे फूलों से सजा हुआ भवन एक आकर्षक दृश्य प्रस्तुत कर रहा है। इस सजावट में विशेष रूप से शाम के समय रोशनी का महत्व और बढ़ जाता है, जिससे यह आयोजन और भी ऐतिहासिक और यादगार बनता है। इस पूजा में क्लब के सदस्य, पत्रकार, और स्थानीय समाजसेवी एवं अधिकारियों के साथ मिलकर अपनी श्रद्धा अर्पित करेंगे। हर साल की तरह इस वर्ष भी पूजा अर्चना के बाद सभी उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल मां सरस्वती की पूजा करना है, बल्कि यह भी एक अवसर है जहां समाज के सभी वर्गों के लोग एकत्रित हो सकते हैं और आपसी सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा दे सकते हैं। हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित यह पूजा एक ऐसा अवसर बन गया है, जो क्षेत्रीय पत्रकारिता और समाजसेवा के क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश देने का काम करता है। इस आयोजन के माध्यम से क्लब का यह संदेश है कि समाज के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करने वालों को धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में भागीदारी निभानी चाहिए, ताकि हम सब मिलकर समाज की उन्नति और समृद्धि की दिशा में योगदान दे सकें। इस धार्मिक आयोजन का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह क्लब के सदस्यों के लिए एक समर्पण और एकता का प्रतीक है। सभी उपस्थित लोग मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त कर ज्ञान के क्षेत्र में और अपने कार्यक्षेत्र में सफलता की कामना करेंगे। आयोजन के सफल संचालन के लिए क्लब के सभी सदस्य पूर्ण रूप से तत्पर हैं, और कार्यक्रम की सफलता के लिए हर आवश्यक व्यवस्था की गई है। हजारीबाग प्रेस क्लब में मां सरस्वती पूजा के भव्य आयोजन को लेकर पूजा कमेटी के अध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा की मां सरस्वती ज्ञान, बुद्धि और विद्या की देवी हैं, और हम सभी पत्रकारिता से जुड़े लोग उनके आशीर्वाद से ही समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा से जुड़ने का भी एक माध्यम है। हजारीबाग प्रेस क्लब में हर वर्ष हम पूरे विधि-विधान से इस पूजा को संपन्न कराते हैं, और इस बार भी इसे भव्य और ऐतिहासिक रूप देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने आगे कहा की हम सभी पत्रकार साथी, समाजसेवी और नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि इस पावन अवसर पर शामिल होकर मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दें।

## संक्षिप्त खबरें

### न्यू दृष्टि आई हॉस्पिटल का विधायक ने किया उद्घाटन



**बड़कागांव :** बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित डाकघर के समीप नई दृष्टि आई हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से विधायक को बुके देकर स्वागत किया गया एवं सोहराय आर्ट की खूबसूरत तस्वीर भेंट की गई। मौके पर विधायक ने कहा कि बड़का गांव के लिए आई हॉस्पिटल खुलने से लोगों को काफी राहत मिलेगी, लोगों को अब बाहर शहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अब आसानी से आंखों की इलाज करा सकेंगे। वहीं प्रोपराइटर आशीष कुमार ने कहा कि हमारे यहां सभी प्रकार के आंखों से संबंधित रोगों की जांच व विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा सर्जरी की जाएगी। गणेश प्रसाद मेहता,जागेश्वर प्रसाद ,रामचंद्र महतो, अनुज भारती,टुकेश्वर महतो, वचन देव कुमार ,सोहनलाल मेहता,उपेंद्र कुशवाहा ,संदीप कुशवाहा, हेमंत महतो, आशीष कुमार, निखिल कुमार ,संदीप कुमार, तपेश्वर कुमार तापस ,सुदेश महतो, आजाद मेहता, रामविलास कुमार, रंजीत विश्वकर्मा, संजय पासवान, अजय मेहता के अलावा कई विशिष्ट प्रबुद्ध उपस्थित थे।

### बड़कागांव प्रखंड की तमाम पंचायतो में मनाया गया मनरेगा दिवस



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के तमाम सभी 23 पंचायतो में मनरेगा दिवस विशेष रोजगार दिवस के रूप में मनाया गया। अपने-अपने पंचायत में मुखिया रोजगार सेवक पंचायत सेवक एवं अन्य ग्रामीण मनरेगा से संबंधित कर्मी उपस्थित होकर ग्राम सभा का आयोजन किया। इस दौरान पंचायत के विकास के लिए जरूरत के योजना का चयन किया गया। बड़कागांव मध्य पंचायत भवन में मुखिया तकरीमुल्लाह खान की अध्यक्षता में मनरेगा दिवस मनाई गई । मनरेगा के तहत 8 लोगों को लेबर कार्ड दिया गया। मौके पर पंचायत सचिव अशोक तिवारी, पंचायत रोजगार सेवक पवन कुमार पांडेय ,मजहर आलम वार्ड सदस्य, मुस्कान प्रवीन ,सीमा देवी, गणेश राम, सपना देवी, निर्मला देवी,शहजाद आलम, संजय कुमार रवि, हामिद रजा , साहिन बेगम और अन्य लोग उपस्थित थे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा में छात्र-छात्राओं के बीच हुआ साइकिल का वितरण



**चौपारण :** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिजन करमा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में वर्ग 8 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली साइकिल का वितरण स्थानीय मुखिया देवंती देवी एवं पंचायत समिति सदस्य विनय चंद्रवंशी, समिति अध्यक्ष नरेश भुइयां, प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार दास के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित मुखिया देवंती देवी ने कहा कि साइकिल मिलने से अब बच्चे को समय पर एवं प्रतिदिन विद्यालय आने में आसानी होगी। वहीं पंचायत समिति सदस्य चंद्रवंशी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष वर्ग आठ में अध्ययनरत बच्चों को इसी प्रकार साइकिल मिलनी चाहिए। साथ ही स्कूली विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति लगन पैदा करने के लिए, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और बच्चे आसानी से अपने घर से स्कूल पहुंच सकें, इस उद्देश्य से सरकार द्वारा लाई गई यह योजना काफी कारगर साबित हो रही है। लाभान्वित बच्चों को पढ़ाई में और अधिक मेहनत करने के लिए कहा गया ताकि शिक्षा के स्तर में सुधार हो सके। साइकिल पाकर सभी छात्र बहुत खुश नजर आ रहे थे। सभी शिक्षकों ने बच्चों से नियमित रूप से स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए कहां। साइकिल वितरण कार्यक्रम में समिति सदस्य राजेन्द्र कुमार गुप्ता, शिक्षक उपेन्द्र कुमार वर्मा, अमित कुमार, प्रमोद कुमार, रामदास राम, बिन्दुल देवी, सतीश कुमार, रिंकी देवी सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

### मां अंबे दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में 251 श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ के लिए रवाना



**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना स्थित बाजार से मां अंबे दुर्गा पूजा समिति के नेतृत्व में बड़कागांव प्रखंड से 251 श्रद्धालुओं का जत्था प्रयागराज के संगम स्नान के लिए महाकुंभ के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओं ने मां अंबे दुर्गा मंदिर में माथा टेकर आशीर्वाद लिया तत्पश्चात जय श्री राम, हर हर महादेव, जय माता दी जयकारा लगाते हुए रवाना हुए। जत्था प्रयागराज के संगम स्नान करने के बाद श्री राम जन्मभूमि अयोध्या, विंध्याचल,चित्रकूट,काशी विश्वनाथ, बनारस एवं बोधगया का यात्रा कर एक सप्ताह के बाद अपने घर लौटेंगे। श्रद्धालुओं को मां अंबे दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी,संरक्षक दामोदर प्रसाद मेहता, सचिव पिंटू गुप्ता, अरविंद कुमार,किशोर कुमार,सुदेश कुमार, सुधांशु शेखर,सहित अन्य लोगों ने श्री राम पताका लहरा कर रवाना किया।मौके पर मुख्य रूप से बीगल किशोरी महतो,प्रेम महतो, मानो देवी,निर्मला देवी,रोहणी देवी, किरण देवी, संध्या देवी,देवंती देवी,रामसुंदर मेहता, अभिषेक कुमार, अनीता देवी,ऋषभ कुमार, देवेंद्र जायसवाल, सोहर महतो, सोहन महतो, अरुण महतो, नारायण महतो, गीता अंबष्ठ, अभिषेक अंबष्ठ, ज्ञाणी महतो, सूरज कुमार, नितेश कुमार,सोहन महतो,गणेश महतो, हृदय महतो,जीवन महतो,कांति देवी, गोवर्धन उर्फ खूंटा बाबा, सरजू साधु,संतोष कुमार, जीवंती, आशा देवी, मंजू देवी,राजकिशोर सोनी,संजय कुमार,प्रीतम महतो,सुष्मिता कुमारी, पूनम देवी, सुमित्रा देवी, सहित भारी संख्या में श्रद्धालु रवाना हुए।

# नहीं मिली मंईयां सम्मान की राशि, जनवरी और फरवरी का पैसा एक साथ देने की तैयारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की जनवरी की राशि अभी तक लाभुकों के खाते में नहीं आए हैं। लेकिन मिली जानकारी के अनुसार लाभुकों को जनवरी और फरवरी का बकाया राशि एक साथ देने ती तैयारी चल रही है। फिलहाल, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के निर्देश पर जिलों में आवेदनों का सत्यापन किया जा रहा है। हालांकि, इस प्रक्रिया में कई गड़बड़ियां सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि आधार से बैंक खाता लिंक न होने और सत्यापन में देरी की वजह से लाभुकों को जनवरी माह की राशि नहीं मिल पाई। अगर फरवरी में सत्यापन पूरा हो जाता है, तो लाभुकों को जनवरी और फरवरी दोनों माह की राशि एक साथ दी जाएगी। योजना के तहत बैंक खाते को आधार से जोड़ने की अंतिम तिथि दिसंबर थी, लेकिन कई लाभुक इसे पूरा नहीं कर सके।

अब विभाग समय सीमा बढ़ाकर 31 मार्च तक करने की तैयारी कर रहा है। इस प्रस्ताव को कैबिनेट की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। जिलों को योजना के तहत राशि पहले ही आवंटित कर दी गई है। सत्यापन और आधार-खाता लिंकिंग पूरी होते ही राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में बीडीओ कार्यालय और शहरी क्षेत्रों में सीओ कार्यालय में आवेदन जमा लिए जा रहे हैं और सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के दौरान कुछ बड़ी अनियमितताएं सामने आई हैं। एक व्यक्ति के नाम पर कई आवेदन किए गए हैं। एक ही बैंक खाते का उपयोग कर कई आवेदन जमा किए गए हैं। कुछ पुरुषों ने भी इस योजना का लाभ लेने की कोशिश की है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सत्यापन प्रक्रिया पूरी होते ही लाभुकों को बकाया राशि जल्द दी जाएगी और योजना का सही लाभ सिर्फ पात्र महिलाओं को ही मिलेगा।

## रांची में इस बार गर्मी में नहीं होगी पेयजल की समस्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** गर्मी ने राज्य भर में दस्तक दे दी है। लगभग हर वर्ष गर्मियों में राजधानी रांची के लोगों को पेयजल की समस्याओं से जूझना पड़ता है। इसका कारण अपेक्षा के अनुसार बारिश का नहीं होना है। हालांकि इस बार मॉनसून की अच्छी बारिश होने से गर्मी में रांची के सभी डैम लबालब भरे हुए हैं। इससे इस वर्ष गर्मियों में यहां के लोगों को पेयजल की किल्लत नहीं होगी। राजधानी रांची के मुख्य तीन डैम धुर्वा डैम, गोंदा और गेतलसूद से राजधानी के पेयजल की जरूरत की पूर्ति होती है। रविवार को धुर्वा डैम में पेयजल का स्तर 2193 फिट 6 इंच है, जबकि पिछले वर्ष डैम का जलस्तर 2187 फिट 3 इंच था। पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष डैम में 6 फिट अधिक पानी है। यही स्थिति लगभग गोंदा और गेतलसूद डैम की भी है। इन दोनों डैम में भी पर्याप्त पानी उपलब्ध है। मालूम हो कि इस वर्ष बरसात में भारी बारिश होने से गोंदा डैम से दो बार पानी ओवरफ्लो हुआ था। इस संबंध में धुर्वा डैम के अधीक्षण अभियंता आनंद कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष डैम से पानी की राशनिंग नहीं होने की सम्भावना है, क्योंकि इस वर्ष डैम में पर्याप्त पानी मौजूद है।

## होल्डिंग टैक्स में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ नगर निगम उठाएगा सख्त कदम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** नगर निगम अब होल्डिंग टैक्स में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने जा रहा है। इस संदर्भ में उप प्रशासक गौतम साहू ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इसमें उन्होंने टैक्स कलेक्टरों और श्री पब्लिकेशन के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि अब शहर के हर एक मकान और प्रतिष्ठान की गहन जांच की जाएगी। ताकि होल्डिंग टैक्स में किसी भी तरह की गड़बड़ी पकड़ी जा सके।नए आदेश के तहत, अगर किसी आवासीय भवन को व्यवसायिक इस्तेमाल के लिए किराए पर दिया गया है या वहां कोई व्यापार किया जा रहा है। तो ऐसे भवनों पर शत-प्रतिशत जुमार्ना लगाया जाएगा। यह फैसला उन मालिकों के खिलाफ है, जो आवासीय टैक्स देते हुए अपने संपत्तियों का गलत तरीके से व्यवसायिक उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा टैक्स कलेक्टरों को भी लापरवाही बरतने पर चेतावनी दी गई है। उप प्रशासक ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो टैक्स कलेक्टर अपना काम सही ढंग से करेंगे, उन्हें प्रोत्साहन दिया जाएगा। वहीं जो कोताही बरतेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। खासतौर पर, व्यापारिक प्रतिष्ठानों की नियमित जांच कर यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया कि सभी के पास वैध ट्रेड लाइसेंस हो।

## आजसू में कुमुद वर्मा की घर वापसी, सुरेंद्र लिंडा और महादेव टोप्पो ने भी थामा दामन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड के राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत झारखंड आंदोलनकारी कुमुद वर्मा ने अपनी राजनीतिक घर वापसी करते हुए आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ चडरी सरना समिति के महासचिव एवं समाजसेवी सुरेंद्र लिंडा और महादेव टोप्पो ने भी आजसू पार्टी का दामन थामा। इसके अलावा कांटा टोली के सामाजिक कार्यकर्ता मो तौफीक ने भी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ली। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिससे पार्टी के जनाधार को और अधिक मजबूती मिली। इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा, युवाओं का राजनीति में सक्रिय भागीदारी लेना और झारखंड के बेहतर भविष्य के निर्माण में उनका योगदान सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता है। युवा न केवल परिस्थितियों को बदल सकते हैं बल्कि सही दिशा में प्रयास कर झारखंड की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तस्वीर भी बदल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आजसू पार्टी झारखंड के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रतिबद्ध है, और ऐसे विचारशील, कर्मठ एवं संघर्षशील लोगों का पार्टी से जुड़ना झारखंड के राजनीतिक परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाएगा। आजसू पार्टी में बढ़ती लोकप्रियता आजसू पार्टी की विचारधारा और जनसंपर्क अभियानों के चलते प्रदेशभर से लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। पार्टी न केवल झारखंड की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को मजबूती देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि युवाओं के लिए एक सशक्त मंच भी प्रदान कर रही है। आज का यह आयोजन यह प्रमाणित करता है कि झारखंड के लोग विकासोन्मुख राजनीति और ठोस नेतृत्व की आवश्यकता को समझ रहे हैं और आजसू पार्टी को इसका उपयुक्त विकल्प मान रहे हैं।

## आसिफ एकराम ने भारत रंग महोत्सव का किया उद्धाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय ने 2 फरवरी को शौर्य सभागार, डोरंडा, रांची में अपने प्रमुख आयोजन भारत रंग महोत्सव, भारत के अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच उत्सव, के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। प्रेमपूर्वक 'भरंगम' कहा जाने वाला दुनिया का सबसे बड़ा रंगमंच उत्सव है, जिसने 2024 में सफलतापूर्वक 25 वर्ष पूरे किए। इस अनूठी पहल के माध्यम से, उत्सव की पहुंच को और विस्तारित कर रहा है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह पहल पिछले वर्ष की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम, वंदे भरंगम' पर आधारित है। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में आसिफ एकराम, क्अर, निदेशक, संस्कृति निदेशालय, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार, रांची ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), विशिष्ट अतिथि रहे, जबकि अब्दुल कादिर शाह, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के संकाय सदस्य, ने सत्र की अध्यक्षता की। आसिफ एकराम ने कहा, मैं अत्यंत हर्षित हूँ कि भारत रंग महोत्सव हमारे शहर में हो रहा है। यह राँची के लिए एक सुनहरा अवसर है कि वह उच्च स्तरीय रंगमंच की उत्कृष्टता का साक्षी बने–जहाँ प्रस्तुतियाँ केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि गहरी संवेदनाएँ और सार्थक संदेश भी लेकर आती हैं।

## 15 फरवरी से 15 मार्च तक सभी जिलों में होगा अटल विरासत सम्मेलन: सीपी सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** भाजपा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष में व्यापक रूप से पूरे देश में अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगी। झारखंड प्रदेश भाजपा भी कार्यक्रम की तैयारी में जुट गई है। शताब्दी आयोजन केलिए प्रदेश स्तरीय समिति बनी जिसके संयोजक प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू हैं। सह संयोजक पूर्व विधायक अनंत ओझा, प्रदेश मंत्री मति सुनीता सिंह सहित शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, अनिल सिंह, अनुज कुमार शामिल हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आगामी कार्ययोजना पर प्रेसवार्ता करते हुए वरिष्ठ नेता एवं विधायक सीपी सिंह ने कहा कि प्रदेश भाजपा श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी से जुड़ी स्मृतियों को संग्रहित करेगी। सभी जिलों में गठित अटल शताब्दी आयोजन समिति जिला स्तर पर अपने जिलों से जुड़ी अटल की स्मृतियों का संग्रह करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड निमार्ता अटल का झारखंड से गहरा जुड़ाव रहा था। उन्होंने अपने जीवन काल में अनेकों बार झारखंड के सुदूर ग्रामीण जिलों तक सड़क, रेल मार्ग से यात्राएं की थी। कई जनसंघ कालीन कार्यकताओं के आवास पर भी उनका जाना, विश्राम करना हुआ था। कई कार्यक्रमों में उनकी बड़ी सहभागिता हुई थी। झारखंड क्षेत्र में पार्टी के जनाधार को मजबूती प्रदान करने में अटल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इन सारी बातों, जानकारियों को पार्टी शताब्दी वर्ष में संग्रह कर उसका डिजिटलाइजेशन करने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों से भी आग्रह किया कि अगर उनके पास अटल बिहारी वाजपेयी से जुड़ी कोई स्मृति, फोटोग्राफ, वीडीओ है तो उसे अपने जिलों में गठित समिति को उपलब्ध कराएं। पार्टी तक सूचना पहुंचने पर कार्यकर्ता उसका संग्रह भी कर सकते हैं। कार्यकर्ता फोटोग्राफ या अन्य स्मृतियों की मूल प्रति नहीं रखेंगे,बल्कि उसकी कॉपी कराकर वापस कर दिया जाएगा। यह संग्रहण कार्य आगामी 14 फरवरी तक संपन्न होगा। जिसकी जिलों में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सीपी सिंह ने बताया कि पार्टी आगामी 15फरवरी से 15मार्च तक सभी जिलों ने अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन करेगी। सम्मेलन में प्रबुद्धजन, विशिष्ट जन को आमंत्रित किया जाएगा। अटल के साथ कार्य कर चुके कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में सम्मानित भी किया जाएगा। इस प्रेसवार्ता में प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह प्रभारी अशोक बड़ाइक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### झारखंड में चार और पांच फरवरी को छाए रहेंगे बादल

**रांची :** झारखंड में चार और पांच फरवरी को बादल छाये रहेंगे। मौसम विभाग के अनुसार चार और पांच फरवरी को राज्य के उत्तरी और मध्यवती जिलों रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ तथा उत्तरी जिलों देवघर, धनबाद, दुमका, गिरडीह, गोडडा, जामताडा, पाकुड़, तथा साहेबगंज में आंशिक बादल छाए रहेंगे। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी है। फिलहाल तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। हालांकि लोगों को अभी शाम सुबह में ठंड का एहसास होगा। मौसम विभाग ने लोगों को ठंड से बचने की सलाह दी है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में फिलहाल हल्की ठंड रहेगी। इसलिए लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि 4 और 5 फरवरी को कई जिलों में आंशिक बदल छाये रहेंगे, जिसके बाद तापमान में 1–2 डिग्री का उतार चढाव देखने को मिलेगा। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.5डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### प्रदेश कांग्रेस ने बजट पूर्व और निकाय चुनाव पर की परिचर्चा

**रांची :** बजट पूर्व और निकाय चुनाव पर प्रदेश कांग्रेस की ओर से परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने की। परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद उपस्थित हुए। प्रथम पाली में मंत्री सांसद विधायक पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायकों ने भाग लिया जबकि दूसरी पाली में विस्तारित कार्य समिति के सदस्य, पूर्व प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और बोर्ड निगम आयोग के अध्यक्ष सदस्य उपस्थित थे। बैठक में मीर ने कहा कि अबुआ बजट कैसा हो इस पर विचार के लिए यह परिचर्चा एक पहल है। बैठक में आए विचारों से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया जाएगा। उनसे विचार विमर्श किया जाएगा। जिसमें जनप्रतिनिधि, संगठन के सदस्यों और जनता के विचारों के अनुरूप बजट बनाने की कोशिश की जाएगी। न्यूनतम साझा कार्यक्रम के अनुसार हमने जनता को जो गारंटी दी है उसे पूरा करना है। एक गारंटी हमारी मंईयां सम्मान के रूप में पूरी हुई है, इससे जनता के बीच सरकार की विश्वसनीयता बढ़ी है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विस्थापन आयोग अनुसूचित जाति परिषद जातिगत जनगणना के लिए प्रारंभिक बजट प्रावधान किया जाए, झारखंड में जल संचयन के लिए विशेष रूप से बजट में प्रावधान किया जाए।

### 10 अंचलों में दाखिल खारिज शिविर का हुआ आयोजन

**रांची :** जिला प्रशासन, रांची द्वारा पहली बार एक साथ 10 अंचल में शिविर लगाकर 10 डिसिमल तक के लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन करते हुए आवेदकों को करेक्शन स्लिप (शुद्धि पत्र) निर्गत किया गया। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री द्वारा बड़गाईं अंचल में आवेदकों को शुद्धि पत्र प्रदान किया गया। जबकि अनगड़ा, अरगोड़ा, बेड़ो, बुण्डू, बुढ़मू, चान्हो, हेहल, ईटकी एवं नगड़ी में वरीय पदाधिकारियों द्वारा आवेदकों को करेक्शन स्लिप दिया गया। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री द्वारा आम जनों से प्राप्त हो रही शिकायतों के बाद पहले चरण में 10 डिसिमल तक के म्यूटेशन के लंबित मामलों के निष्पादन के लिए कार्य योजना तैयार की गई। सभी अंचल अधिकारियों के साथ लगातार बैठकों के बाद 10 डिसिमल तक के बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के लंबित म्यूटेशन के मामलों की सूची तैयार की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति 15 फरवरी को बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में होंगी शामिल



**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 15 फरवरी को झारखंड के रांची दौरे पर आएंगी। वह भारतीय विज्ञान संस्थान (बीआईटी) मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में करेंगी। यह समारोह 15 फरवरी से लेकर 15 जुलाई तक चलेगा। समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और बिरला ग्रुप के चेयरमैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी बीआईटी मेसरा के जनसंपर्क अधिकारी द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि बीआईटी मेसरा की स्थापना 1955 में हुई थी, और यह संस्था 70 साल पूरे होने के अवसर पर अपने प्लेटिनम जुबली समारोह का आयोजन कर रही है। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें बीआईटी मेसरा के शिक्षा, नवाचार और समाज के उत्थान में योगदान को उजागर किया जाएगा।

### झारखंड को कुछ और वंदे भारत ट्रेन



**रांची :** इस साल के आम बजट में रेलवे के लिए कुछ अहम योजनाओं की घोषणा की गई है। इनसे भारतीय रेलवे का भविष्य आधुनिक और सुरक्षित बनने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। बजट में वंदे भारत स्लीपर, वंदे मेट्रो और बुलेट ट्रेन जैसी आधुनिक ट्रेनों को शामिल करने पर जोर दिया गया है। इससे टाटानगर से वाराणसी और बिलासपुर मार्ग पर वंदे भारत ट्रेनों के संचालन की संभावना बढ़ेगी। इसके साथ ही, हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग पर सुरक्षा के इंतजामों को और मजबूत किया जाएगा। रेल हादसों को रोकने के लिए कवच नामक ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम पर जोर दिया गया है। इसके लिए बजट में फंड आवंटित किए गए हैं। रांची मंडल को मिल सकती है बड़ी राशि इस बजट में रेलवे ने इंफ्रास्ट्रक्चर को प्राथमिकता दी है। रेलवे नए और सुरक्षित रेल मार्गों को बिछाने के साथ ही अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग करेगी। इस दौरान टाटा से खड़गपुर तक ऑटो सिग्नल सिस्टम की स्थापना की जाएगी। साथ ही चक्रधरपुर मंडल के राजखरसावां से राजगांगपुर तक ट्रेन संचालन में बदलाव की भी तैयारी है। इसके अलावा चौथी लाइन के लिए भी फंड की व्यवस्था की गई है। इस विकास के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर और रांची मंडल को 5000 करोड़ से अधिक की राशि मिल सकती है। इसके अलावा यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए फुट ओवरब्रिज, ओवर ब्रिज, सबवे, और नए रेल मार्गों के सर्वे की योजना भी है। साथ ही पुराने ट्रैक को बदलने का काम भी किया जाएगा, ताकि ट्रेनों की गति में वृद्धि हो सके और दुर्घटनाओं के खतरे को कम किया जा सके। जानकारी हो कि रेलवे ने अपनी योजनाओं के लिए पहले से आवंटित फंड में और वृद्धि की है। इससे यात्रियों को अधिक सुविधा और सुरक्षा मिल सके।

### जेसीआई के अवॉर्ड नाइट में विक्रम चौधरी ने किया मेंबर्स को सम्मानित



**रांची :** स्वर्णभूमि बैंक्वेटस में आयोजित जेसीआई रांची अवॉर्ड नाइट 2024 का समापन हुआ। साल भर जिन मेंबर्स ने संस्था के कार्यों को संभाला उन्हें जेसी विक्रम चौधरी ने सम्मानित किया। जेसी मुकेश झा को लाइफटाईम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कुछ विशेष अवॉर्ड्स :बेस्ट सपोर्टिव पास्ट प्रेसिडेंट: अनूप अग्रवाल, मनीष रामसिसरिया, नारायण मुरारका, दीपक अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अमित खोवालप्रेसिडेंट रिकॉग्निशन अवॉर्ड: अमन सिंघानिया, अनुभव अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल, अमन पोद्दार, चंद्रेश बजाज, रौनक जैन, निखिल मोदी, आशीष गौतम, अनिमेष निखिल, नीरज पोद्दार प्रेसिडेंट एप्रिसिएशन अवॉर्ड: आदित्य जालान, रोहित दयानी, मंदीप सिंह, संकेत सरावगी, अंकित अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल बेस्ट सपोर्टिव न्यू बडी: ऋषभ अग्रवाल, सृजन हेतंसरिया, अग्निश मित्रा, रजत साबू, उमंग टाइवाला, अभिषेक नारनौली बेस्ट जेसी मेंबर: निखिल अग्रवाल बेस्ट लोम ऑफिसर एग्जीक्यूटिव: रवि आनंद बेस्ट लोम ऑफिसर नॉन एग्जीक्यूटिव: अंकित मोदी यस मैन ऑफ जेसीआई: दीपक पटेल, शुभम बुधिया बेस्ट न्यू जैसी: ऋषभ जालान मैक्स प्रोजेक्ट: निखिल अग्रवाल, दीपक पटेल कार्यक्रम का संचालन का आदित्य जालान, संकेत सरावगी, केशू जैन, कौशल अग्रवाल और निखिल मोदी ने कुशलता से किया।

### श्याम मंदिर में बसंत पंचमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**रांची:** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में बसंत पंचमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रविवार को सुबह 5:30 बजे की मंगला आरती में भक्तों की काफी भीड़ थी। इसके बाद मंदिर के मंड के पर्दे लगाकर मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा जी के सानिध्य में मंदिर के आचार्य ने बाबा श्याम का बसंत पंचमी स्नान विधिवत रूप से करवाया। खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर के परंपरा के अनुसार आज हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भी आज बाबा का महास्नान उत्सव संपन्न हुआ। कोलकाता बेंगलुरु से मंगाए गए बसंती पीला रंग के फूलों से बाबा का बसंती श्रृंगार किया गया। बाबा श्याम को दूध दही गंगाजल शहद इत्र के मिश्रण से स्नान करवा कर रूह मसाज किया गया। बाबा का बसंती पोशाक बागा लेने के लिए भक्तों की भीड़ सुबह से ही हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में दिख रही थी। भक्त अपनी अर्जी मनोहर लेकर बाबा श्याम के आगे अरदास लग रहे थे। मंदिर के पट जैसे ही खुले बाबा श्याम का बसंती श्रंगार देख भक्त भाव विभोर हो रहे थे। खाटूनरेश की जय हारे के सहारे की जय श्याम प्यारे की जय जैसे पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। इसके बाद श्रृंगार आरती के बाद भक्तों के बीच बाबा श्याम का केसरिया बागा सभी के बीच प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया। श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में आज का बसंत पंचमी उत्सव पर्व संपन्न हुआ। आज के बसंती विशेष श्रृंगार की सेवा एक श्याम भक्त द्वारा प्रसाद की सेवा जुगल किशोर केडिया प्रदीप केडिया प्रवीण केडिया के परिवार द्वारा पोशाक बागा की सेवा सुशील अग्रवाल रीना अग्रवाल द्वारा पंचमेवा प्रसाद की सेवा संजय प्रिया बरनवाल द्वारा निवेदित की गई थी।

## एक नजर

### तेतुलमारी थाना में एएसआई रविन्द्र सिंह को दी गई विदाई



**धनबाद :** तेतुलमारी थाना प्रभारी सत्येंद्र यादव के नेतृत्व में तेतुलमारी थाना परिसर में आज तेतुलमारी थाना के सेवानिवृत्त एएसआई रबिन्द्र प्रसाद सिंह को थाना परिवार के द्वारा गुलदस्ता व फूल माला सुटकेश, छाता,शॉल देकर विदाई दी। मौके पर पु अ नि दुर्गेश सिंह,स अ नि सुरेश ठाकुर,हेमंत मिंज, बुधु उरांव, दीनानाथ ओझा, मो नासिर, सहित पूरा थाना परिवार मौजूद थे।

### पूजा को लेकर बिजुलिया मार्केट में रही चहल पहल

**चास :** प्रखण्ड के चास तलगडिया मुख्य पथ पर स्थित जिला परिषद व बिजुलिया मार्केट मे रविवार को सरस्वती पुजन एंव अन्य सामग्री की खरीदारी को लेकर विशेष चहल पहल रही।फल दुकान, पुजन सामग्री, समाज सामग्री तथा साकआलु, गाजर व बैर की दुकानों पर भीड़ देखने को मिला। नवयुवक कमिटी व विधार्थी द्वारा तलगडिया व क्षेत्र में प्रतिमा स्थापित कर पुजा अर्चना करने में जुटे हुए हैं। मंदिरों व भव्य पंडाल व लाईटिंग सजावट किया जा रहा है। 3 फरवरी को पुजा अर्चना की जायेगी।

### ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**बोकारो :** पेटरवार थाना क्षेत्र के लुकैया सकुन पेट्रोल पंप के पास ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ढेनाराम मांझी के पुत्र अमीन मुर्मू (32) के रूप में हुई है, जो कसमार थाना क्षेत्र के सिल्ली साडम का निवासी था। अमीन मुर्मू पेटरवार से राशन और सामान लेकर अपने घर सिल्ली साडम जा रहा था, तभी एनजी प्रोजेक्ट कंपनी के ट्रेलर (संख्या जेएच 09 बीएफ 9044) ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि अमीन मुर्मू का सिर बुरी तरह कुचल गया और बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतक छोटा होटल चलाता था, और उसका परिवार में एक पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां थीं। घटना के बाद परिवार के लोग और स्थानीय लोग एनएच 23 को जाम कर दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीणों ने एनजी प्रोजेक्ट कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया है, जिसमें सड़क निर्माण के दौरान धूल और बिना पानी छिड़काव के सड़क की स्थिति खराब हो गई है, जिससे अक्सर दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने उचित मुआवजे की मांग भी की है।

### बोकारो हाफ मैराथन आज

**बोकारो :** स्टील प्लांट के तत्वाधान से 2 फरवरी को हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो की भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया इस मैराथन का आयोजन सेक्टर 4 स्थित कुमार मंगलम स्टेडियम से शुरू हुआ जिसमें 2 किलोमीटर, 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की दौड़ शामिल था यह आयोजन न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश और विदेश से आए प्रतिभागियों को आकर्षित कर रहा है। इस बार लगभग 5500 से अधिक धावकों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है, जो पिछले वर्षों की तुलना में एक बड़ी संख्या है। बोकारो भारत की एकमात्र ग्लोबल एक्टिव पार्टनर सिटी है, और इस मैराथन को AIMS द्वारा प्रमाणित किया गया है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और दौड़ के माध्यम से फिटनेस को प्रोत्साहित करना है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों की परेशानी बढ़ी, नहीं मिले आवास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य सभी को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराना है। लेकिन बोकारो जिले के चास मुफस्सिल थाना अंतर्गत कालापत्थर क्षेत्र में इस योजना के लाभुकों को अब तक आवास नहीं मिला है, जिससे वे भारी मानसिक और आर्थिक परेशानी झेल रहे हैं।

कालापत्थर प्रधानमंत्री आवासीय परियोजना के अंतर्गत कई लाभुकों ने नियमानुसार कुल निर्धारित राशि का भुगतान नवंबर 2023 में ही कर दिया था। उन्हें मौखिक रूप से आश्वासन दिया गया था कि दिवाली 2023 तक उन्हें गृह प्रवेश करा दिया जाएगा। परंतु, नगर निगम द्वारा बार-बार सिर्फ आश्वासन दिए गए और आज तक किसी भी लाभुक को उनके आवास का अधिकारिक हस्तांतरण नहीं किया गया है। लाभुकों ने जब 2 अप्रैल 2024 को नगर निगम कार्यालय में संपर्क किया, तो उन्हें बताया गया कि राज्य में चुनावी आचार संहिता लागू होने के कारण आवास हस्तांतरण रुका हुआ है। लेकिन अब चुनाव संपन्न होने के बावजूद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे लाभुकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। इन लाभुकों में अधिकतर मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं, जिन्होंने किसी तरह कर्ज लेकर या अपनी जमापूंजी से आवास के लिए 3.11 लाख रुपये की पूरी राशि जमा की है। लेकिन आवास न मिलने के कारण वे अब भी किराए के मकानों में रहने को मजबूर हैं। इससे उनके आर्थिक बोझ के साथ-साथ मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। सरकार द्वारा इस योजना के तहत गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों को आवास का सपना दिखाया गया था, लेकिन जब लाभुकों को समय पर उनका अधिकार नहीं मिलता, तो यह योजना केवल कागजों तक ही सीमित रह जाती है। प्रशासन को चाहिए कि वह जल्द से जल्द लाभुकों को उनके घर सौंपे और उनकी परेशानियों को समाप्त करे।

## सूरज देवी चोपड़ा की जयंती पर सहयोग विलेज में अन्नपूर्णा दिवस मनाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी क्लब चास के सदस्यों ने आईटीआई मोड़,चास स्थित सहयोग विलेज के बच्चों के साथ अन्नपूर्णा दिवस मनाया। स्वर्गीय सूरज देवी चोपड़ा की जयंती पर सभी बच्चों को भोजन कराया गया। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा की बच्चों के प्रति सद्भावना और सामाजिक सहायता उपलब्ध कराना सच्ची पूजा है। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष चयनित डिंपल कौर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सकारात्मक परिवर्तन होता है। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा रोटरी का उद्देश्य मानवता की सेवा है। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा की समाज के हर वर्ग से जुड़ना हमारा कर्तव्य है। मुकेश ने कहा की सामाजिक दायित्व के तहत ऐसे आयोजन आगे भी रोटरी क्लब करती रहेगी। इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीत और कविताएं भी सुनाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिनोद चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल, डिंपल कौर,संजय बैद, प्रेम शंकर सिंह, मंजीत सिंह, हरबंस सिंह,प्रेम कुमार, ललिता चोपड़ा, सूमी कौर, श्वेता रस्तोगी, अर्चना सिंह का अहम योगदान रहा।

## बोकारो में 22 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो के हरला थाना क्षेत्र, सेक्टर 9 बी की स्ट्रीट 15 और 16 में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 22 वर्षीय सूरज कुमार ने आत्महत्या कर ली। वह अविवाहित था और प्राइवेट गाड़ी चलाने का काम करता था। सूरज अपने मामा लाल कुमार के साथ रहता था, जो मूल रूप से आसनसोल के निवासी हैं और बोकारो में जीवन यापन कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह सूरज के मामा लाल कुमार अपने काम पर गए हुए थे। तभी उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनके भगना (भांजे) सूरज ने फांसी लगा ली है। घर लौटकर देखने पर उन्होंने पाया कि सूरज ने आउट हाउस में गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

**पुलिस जांच और आगे की कार्रवाई**

घटना की जानकारी मिलते ही हरला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ताकि आत्महत्या के सही कारणों का पता लगाया जा सके। फिलहाल सूरज की आत्महत्या के पीछे की असली वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। परिवारवालों का कहना है कि उन्हें उसकी किसी परेशानी के बारे में जानकारी नहीं थी। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या सूरज किसी मानसिक तनाव, आर्थिक समस्या या अन्य व्यक्तिगत कठिनाइयों से जूझ रहा था।

**आत्महत्या: एक गंभीर सामाजिक समस्या**

यह घटना आत्महत्या की बढ़ती समस्या की ओर इशारा करती है। आर्थिक तंगी, सामाजिक दबाव, मानसिक तनाव, व्यक्तिगत संघर्ष और अवसाद आत्महत्या के प्रमुख कारणों में शामिल हैं।

समाधान और रोकथामः

मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाना झ आत्महत्या की रोकथाम के लिए मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना जरूरी है।

## शहीद जगदेव प्रसाद की 104वीं जयंती पर पारिवारिक सहायता केंद्र ने दी श्रद्धांजलि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भारत लेनिन अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 104 वीं जयंती समारोह पर पारिवारिक सहायता केंद्र के द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 104वीं जयंती समारोह मदन मोहन महतो के अध्यक्षता एवं संतोष कुमार महतो के संचालन में शहीद जगदेव बाबू की तस्वीर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग पुष्प एवं माला अर्पित करते हुए पुष्पांजलि दी गई । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पारिवारिक सहायता केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष मदन मोहन महतो ने कहा भारत लेनिन शहीद जगदेव बाबू सामाजिक राजनीतिक आर्थिक और संस्कृतिक असमानता के खिलाफ समता मूलक शोषण विहिन समाज की स्थापना हेतु आजीवन संघर्ष करने वाले विद्वान, पत्रकार,जादुई वक्ता, क्रांतिकारी समाजवादी राजनेता थे इन्होंने कभी अपने सिद्धांत और विचारधारा के साथ समझौता नहीं किया जिसके कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा मुख्यमंत्री बनाने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया । कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन के दौरान इन्हें गोली मारकर हत्या कर दी गई उनकी हत्याकांड की जांच के लिए आयोग बना परंतु आज तक वह आयोग द्वारा जांच पूरी नहीं की जा सकी । इन्होंने क्रांतिकारी परिवर्तन के लिए प्रमुख नारे दिये ।100 में 90 शोषित है,90 भाग हमारा है 10 का शासन नहीं चलेगा,धन धरती राज पाठ में भागीदारी चाहिए क्रांतिकारी परिवर्तन के रास्ते में प्रथम पीढ़ी के लोग मारे जाएंगे! दूसरी पीढ़ी जेल जाएगा!!,तीसरी पीढ़ी राज करेगा । पारिवारिक सहायता केंद्र ने सर्व समिति से शहीद जगदेव प्रसाद की हत्याकांड की जांच पूरी कर सच्चाई जनता के बीच लाने तथा केंद्र सरकार द्वारा शहीद जगदेव प्रसाद को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग का प्रस्ताव पारित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संतोष कुमार महतो, अरविंद राम, शमरेश कुमार महतो, धनेश्वर कुमार महतो, जयप्रकाश महतो, उमेश प्रसाद महतो, देवरंजन महतो ,नरेश ठाकुर, असगर अंसारी, ठाकुर गोसाई ,राजू गोस्वामी ,एस प्रसाद ,राजेंद्र वर्मा ,राजकुमार पासवान, शंकर ठाकुर, अजीत कुमार शर्मा ,सुधीर रजक एवं अन्य उपस्थित थे।

## नक्सलियों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई जंगल से बरामद हुए हथियार और विस्फोटक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो में नक्सलियों से बरामद एके 47 हथियार पुलिस फोर्स की। बिहार के मुजफ्फरपुर और मुंगेर भेजी गई पुलिस की टीम। कल सर्च ऑपरेशन के दौरान पैक नारायणपुर थाना क्षेत्र के बंशी जरवा डेगागढ़ा जंगल से बरामद किया गया जिसमे एक ऐ के - 47 रायफल, दो मैगजीन और 90 जिंदा कारतूस, मैगजीन पाउच, नक्सली वर्दी, 1500 रुपए के नोट, सेविंग मशीन, कैंची, स्टील चम्मच, पावर चश्मा, नोटबुक, फेविक्विक, बेसलिन, साबुन 128GB के दो पेन ड्राइव, इंप्रोवाइज्ड बॉटल बम झ 4 पीस, इस ऑपरेशन में बेरमो डीएसपी और पुलिस बल के साथ साथ सीआरपीएफ के जवान के साथ अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस मामले में 22 जनवरी के साथ पुलिस और नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई थी जिसमे दो नक्सली मारे गए थे और कई भाग गए थे उस समय भी नक्सलियों के पास से एक एके 47 राइफल और कारतूस के साथ अन्य सामान बरामद किया गया था और फिर सर्च ऑपरेशन के तहत सर्च एंड डेस्टॉय ऑपरेशन चलाया गया। इस ऑपरेशन के दौरान डेगागढ़ा जंगल में चट्टान के नीचे सुराख में छिपाए गए नक्सली हथियारों और विस्फोटकों का बड़ा जखीरा बरामद किया गया। बोकारो एसपी ने मीडिया से बात करते हुए उक्त बातें कही।

# मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में आमसभा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो में मिथिला-मैथिली की बहुप्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को सर्वसम्मति से कर लिया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार परिषद-संचालित नगर के सेक्टर चार स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में आमसभा का आयोजन राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इसमें भारी संख्या में परिषद के सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर महासचिव नीरज चौधरी की ओर से समाज के गणमान्यजनों तथा परिषद के पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में तैयार की गई नई कार्यकारिणी समिति को ध्वनिमत से अनुमोदित किया गया। इसके तहत निर्विवाद रूप से करतल ध्वनि के बीच आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जेपी चौधरी अध्यक्ष बनाए गए। उनके अलावा समिति में समरेंद्र झा एवं दिलीप कुमार झा उपाध्यक्ष, नीरज चौधरी महासचिव , मिहिर मोहन ठाकुर वित्त सचिव , मिहिर कुमार झा, प्रदीप कुमार झा, अविनाश कुमार झा अवि एवं सुनील चौधरी उप महासचिव, विवेकानंद झा एवं अरुण पाठक सांस्कृतिक सचिव, प्रदीप कुमार व कमलेश कुमार मिश्र उप सांस्कृतिक सचिव, रोशन कुमार तरुण व मनोज कुमार झा उप वित्त सचिव, आनंद मिश्रा व बहुरन झा संगठन सचिव, शिवेश पाठक योजना सचिव तथा दीपक कुमार झा एवं मुकेश कुमार झा प्रेस/सूचना सचिव बनाए गए। इसके अलावा, कार्यकारिणी सदस्यों में इंद्र कुमार झा, गोविंद कुमार झा, अनिल कुमार झा, अरविंद कुमार मिश्र, सुधांशु शेखर झा, गंगेश पाठक, आनंद राजहंस, सुशील झा, सुदीप कुमार ठाकुर, प्रकाश झा, गोपालजी झा, पशुपति झा, विजय कुमार ठाकुर, विजय कुमार सिंह, दिलीप ठाकुर, आर एन मिश्र, गणेश झा, शंकर कुमार सिंह, गोपाल कृष्ण झा, जीवन मंडल, धर्मेंद्र कुमार कंठ तथा विजय कुमार मिश्र अंजू शामिल किए गए। इसके साथ ही पांचसदस्यीय एक निदेशक मंडल का भी गठन किया गया, जिसमें राजेंद्र कुमार, कृष्ण चंद्र झा, विजय कुमार झा, अविनाश कुमार झा एवं सतीश चंद्र झा शामिल किए गए। निदेशक मंडल मिथिला सांस्कृतिक परिषद एवं परिषद संचालित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सुचारू संचालन में मार्गदर्शन, मिथिला सांस्कृतिक परिषद एजुकेशनल सोसाइटी एवं मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल की प्रबंधन समिति के गठन की दिशा में अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### चिटाहीधाम रामराज मंदिर से कल निकलेगी कलश यात्रा



**धनबाद :** चिटाहीधाम रामराज मंदिर में आगामी 4 फरवरी से होने वाले वार्षिक उत्सव सह श्रीराम महायज्ञ को लेकर प्रेस वार्ता की गई। वार्ता में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो व बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने सयुक्त रूप से जानकारी देते हुए कहा कि इस उत्सव में श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो समिति द्वारा इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है, श्रद्धालु सुगमता के साथ मंदिर पहुंचे जिसको लेकर क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मती कार्य भी पूरा कर लिया गया है। वार्षिक उत्सव को लेकर मंदिर और यज्ञशाला की भव्यता और सजावट देखते ही बन रही है। आगामी 4 फरवरी से चलने वाले श्रीराम महायज्ञ की शुरूआत कलश यात्रा के साथ होगी,कलश यात्रा सुबह श्रीरामराज मंदिर से निकलेगी जिसमें लाखों लोगों की संख्या में शामिल होने की बात कही जा रही है,जबकि हजारों की संख्या में महिलाएं कलश यात्रा में शामिल रहेंगी। कलश यात्रा के दौरान कानपुर की झांकी,पांच हाथी,इक्कीस ऊंट तथा इक्यावन घोड़े भी रहेंगे,वहीं डीजे सार्जन, डी जे शशि,का रोड शो के अलावा महाराष्ट्र का बैंड,ताशा और नगाड़े भी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए जगह जगह पानी और शर्बत की व्यवस्था रहेगी। कलश यात्रा रामराज मंदिर से निकलेगी जो तेलमच्चो स्थित दामोदर ब्रिज पहुंचेगी जहां नदी में पूरे विधि विधान के साथ कलश में जल भरण किया जाएगा। जिसको लेकर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो द्वारा कई बार घाट का निरीक्षण कर पूजन स्थल,पद यात्रा मार्ग सहित कई सुविधाओं का जायजा लिया गया है।इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक महायज्ञ को सफल और भव्य बनाने के लिए मैं पूरी तरह से कृतसंकल्पित हूँ, सभी भक्तजनों के लिए हर सुविधा उपलब्ध हो, इसकी पूरी व्यवस्था की जा रही है।

### राष्ट्रीय पदक विजेता को किया गया सम्मानित



**धनबाद :** भाजपा राजगंज मंडल की महिला मोर्चा की महामंत्री भाजपा नेत्री शोभा राय के पुत्र प्रेम राय को सम्मानित करने के लिए राजगंज मंडल के अध्यक्ष महामंत्री ने राष्ट्रीय पदक विजेता को मिठाई खिलाकर एवं पुष्प हार देकर एवं सोल पहना कर सम्मानित किया गया राजगंज मंडल के भाजपा अध्यक्ष रणजीत सिंह ने प्रेम राय को मिठाई खिलाकर एवं पुष्प हार देकर सम्मानित किया रायगंज मंडल महामंत्री संजीत सिंह जी ने पुष्प हार एवं सोल देकर प्रेम राय को सम्मानित किया विदित हो प्रेम राय ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता तेलंगाना में स्वर्ण पदक जीतकार राजगंज मंडल टुंडी विधानसभा धनबाद झारखंड का नाम रोशन किया है तेलंगाना राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में धनबाद क्लब के प्रेम राय ने फाइनल में उड़ीसा को हराकर झारखंड धनबाद के नाम स्वर्ण पदक अपने नाम किया एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया उसको सम्मानित करने के लिए राजगंज मंडल के भाजपा नेता रणजीत सिंह जी संजीत सिंह जी युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय साहनी, उपाध्यक्ष अमरेश पासवान, डीके निषाद, मनोज सिंह, महिला मोर्चा की नेत्री शोभा राय एवं अन्य सम्मानित नागरिक ने खिलाड़ी का नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया सम्मान समारोह में में भाजपा नेता एवं धनबाद जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सिन्हा कोच,दीपक बाउरी, महिपाल कुमार, डब्लू सिंह,वकील खान, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**धनबाद :** सरस्वती पूजा को लेकर कतरास थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन हुआ। एस आई सोनू प्रसाद ने कहा कि पूजा ज्ञान की देवी सरस्वती पूजा में डी जे नही बजाना है,विवादित गाना से परहेज करें, शांति पूर्वक पूजा अर्चना करे।पूर्व पार्षद हरि प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि कानून बनाने वाले ही कानून की अवहेलना करते है,बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट ,3 सवारी बाइक चलाते है।यह गलत है।बैठक में मो शाहबुद्दीन,पूर्व पार्षद हरि प्रसाद अग्रवाल, प्रभात मिश्रा, रणधीर ठाकुर,प्रिंस शर्मा,ऐहतराम कुरैशी,उदय वर्मा,अजय भगत,मनोज गुप्ता,रघुनाथ हजारी,मो असरत,मो शौकत ,आनंदी यादव,ए केरकेट्टा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### रक्तवीर परिवार के सचिव ने अपने जन्मदिन पर थैलेशिमिया पीड़ितों के लिए लगाया रक्तदान शिविर




**बोकारो :** रक्तवीर परिवार के सचिव बिनय कुमार ने अपने जन्मदिन पर रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड सेंटर, बोकारो में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेक्टर चार थान प्रभारी श्रीमान संजय कुमार जी रहे। जिन्होंने खुद रक्तदान कर शिविर की शरुआत किये। उसके मौके पर उन्होंने कहा की रक्तदान करने से मन को संतुष्टि मिलती है, साथ ही आप तंदरुस्त रहते हैं, सबसे बड़ी बात की जिनको ये मिलता है उन्हें नया जीवन मिलता है। मैं धन्यवाद देना चाहूँगा संस्था के अध्यक्ष संजय शर्मा जी का जिनके कारण आज मुझे भी रक्तदान करने का मौका मिला।साथ ही बिनय जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें। संस्था के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा की हमारी संस्था के सदस्य लगातार रक्तदान करते ही हैं साथ ही लोगों को जागरूक कर रक्तदान को बढ़ावा भी देते हैं। सबसे बड़ी बात यह हैं की सभी सदस्य अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह जैसे खास मौके पर रक्तदान करते रहते हैं। इस मौके पर संस्था के ,सन्नी आनंद, राजा सिंह, बिनय कुमार, आशीष राज सिंह, अमीर कुमार, रोहित कुमार, चंदन कुमार, मुकेश कुमार सुमन, विवेकानंद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### यूपी जीआरपी मोबाइल चोरी मामले को लेकर राजमहल पहुंची

**साहिबगंज/राजमहल :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जीआरपी पुलिस शनिवार को समन की सत्यापन करने राजमहल पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार मोबाइल चोरी के मामले को लेकर गोरखपुर रेल थाने में केस दर्ज की गई थी। केस के अनुसंधान में रेल पुलिस को राजमहल थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति की घटना में संलिप्तता की जानकारी तकनीकी आधार पर मिली है। जीआरपी गोरखपुर पुलिस ने शनिवार को स्थानीय पुलिस की सहयोग से समन का सत्यापन करवाया। मौके पर गोरखपुर जीआरपी के केएन पांडे आदि थे।

### तालझारी में गुजरात रेल पुलिस का छापा

**साहिबगंज/तालझारी :** गुजरात के अहमदाबाद रेल पुलिस शनिवार को तालझारी थाना पहुंच स्थानीय पुलिस की मदद से एक फरार अभियुक्त का सत्यापन किया। अहमदाबाद पुलिस ने बताया कि मोबाइल चोरी के आरोप में लोगों ने रेल पुलिस को सौंपा था। रेल पुलिस को चकमा देकर वह फरार हो गया था। फरार आरोपी के पास से जो आधार कार्ड मिली थी, उसी के सत्यापन स्थानीय पुलिस की मदद से की गई।

### सरस्वती पूजा के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**साहिबगंज/राजमहल :** सरस्वती पूजा के मौके पर राजमहल प्रखंड क्षेत्र के जामनगर में बीते शनिवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। मौके पर राजमहल विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन राजा उर्फ एमटी राजा ने फीता काटकर विधवा रूप से शुभारंभ किया। विधायक को भागवत कथा आयोजन समिति के सदस्यों ने फूल माला पहनकर स्वागत अभिनंदन किया। विधायक के द्वारा कथावाचक का भी अभिनंदन किया गया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष नुकुल मंडल, सचिव बीरबल रजक, कोषाध्यक्ष मनोज मंडल, निर्मल मंडल, गौतम मंडल, विश्वजीत मंडल, संजय मंडल, आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में राकेश नायक गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर :** थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव के बरढोड़हा के पास रविवार शाम 5:00 के करीब दो बाइकों के बीच सीधी टक्कर हो जाने से चैनपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी 40 वर्षीय राकेश नायक गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं दूसरा बाइक चालक सिलफरी गांव निवासी पंकज टोप्पो को हल्की-फुल्की खरोच आई है। गंभीर रूप से घायल राकेश नायक को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक इलाज के उपरांत उन्हें बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बाइकों को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार पंकज टोप्पो अपने बाइक से चैनपुर की ओर से जा रहा था वहीं विपरीत दिशा से आ रहे राकेश नायक की बाइक से सीधी टक्कर हो गई जिसमें राकेश नायक गंभीर रूप से घायल हो गए राकेश नायक के दाहिने पैर में गंभीर चोट आई है वहीं टक्कर इतना जबरदस्त था कि राकेश नायक की बाइक के परखच्चे उड़ गए। राहगिरों ने मदद करते हुए 108 पर कॉल कर एंबुलेंस बुलाकर घायल राकेश नायक को अस्पताल भेजा। आपको बता दें कि सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है बावजूद रफ्तार का कहर क्षेत्र में कम होने का नाम नहीं ले रही है।

## उधवा पक्षी आश्रयणी में मनाया गया विश्व वेटलैंड दिवस

# उधवा आश्रयणी में चित्रांकन, क्राफ्ट पेंटिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** झारखंड के एक मात्र रामसर साइट घोषित हुए उधवा पक्षी आश्रयणी में रविवार को विश्व वेटलैंड दिवस पर वन प्रमंडल के तत्वाधान में कई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्यतिथि के रूप में दुमका आरसीसीएफ सतीश चंद्र राय, गोड्डा डीएफओ बाघ पवन शालीग्राम ने पौधे को पानी से सींच कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान आरसीसीएफ ने कहा कि आज का वेटलैंड दिवस ऐतिहासिक और झारखंड, साहिबगंज व उधवा के लिए गौरव का दिन है। 31 जनवरी को झारखंड का पहला रामसर साइट बनने के बाद आज इस इंटरनेशल स्पॉट पर वेटलैंड दिवस मनाना सुखद अनुभूति का विषय है। अब राज्य, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस जगह का विकास तेज गति से होगा। इस दौरान चित्रकला, क्राफ्ट पेंटिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। जिसमें एनसीसी, जवाहर नवोदय विद्यालय, उधवा हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मौके पर गोड्डा रेंजर संजय कुमार, एडब्ल्यूसी स्टेट कॉर्डिनेटर सत्य प्रकाश, आरएफओ तालझारी पंचम दूबे, नीति आयोग डीपीओ मनीष कुमार, वनपाल राणा रंजीत चौधरी, वन रक्षी इंद्रजीत कुमार, सनी रजक, सुनील कुमार, अमित कुमार, प्रेम कुमार, अंकित झा, फैलिसिटस हांसदा, पप्पू कुमार, रजेश टुडू, अखलेश मरांडी, समाज सेवी गौतम चिरानियाँ सेवानिवृत शिक्षक मनोज शर्मा, सभी फॉरेस्ट गार्ड, गंगा प्रहरी, डॉल्फिन व बर्ड वाचर व अन्य उपस्थित थे।

**डीएफओ ने ग्रहण किया रामसर साइट का प्रमाण पत्र**

इधर साहिबगंज डीएफओ प्रबल गर्ग ने यूपी अयोध्या के पार्वती आर्ग रामसर साइट में केंद्र सरकार की पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आयोजित कार्यक्रम में एमओएस कीर्ति वर्धन सिंह के हाथों उधवा पक्षी आश्रयणी के रामसर साइट का प्रमाण पत्र ग्रहण किया।

### प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी

**चित्रकला**

- रेहान इस्लाम, जेएनवी
- अंकिता मंडल, जेएनवी,
- ईशा हुसैन, प्लस हाई स्कूल उधवा।

**क्राफ्ट पेंटिंग**

- हर्ष राज,
- कोमा मरांडी
- रेहान इस्लाम(जेएनवी), ललन कुमार, अंजना कुमारी

**निबंध लेखन**

- जहांगीर शेख, हाई स्कूल उधवा,
- उम्मे रुकैया, हाई स्कूल उधवा,
- फरहान हुसैन (जेएनवी), इंजामामुल हक, हाई स्कूल उधवा।

## रामकृष्ण आश्रम काली मंदिर की खिड़की, दरवाजा तोड़े जाने पर आक्रोश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया (गिरिडीह):** बड़की सरिया नगर पंचायत क्षेत्र के बागोडीह मोड़ स्थित श्री रामकृष्ण आश्रम काली मंदिर के एक कमरे का खिडकी व दरवाजा को तोड़े जाने को लेकर स्थानीय लोगों व मंदिर प्रबंधन समिति में आक्रोश है। इसे लेकर रविवार को मंदिर व देवी-देवता की आस्था से जुड़े लोगों ने बैठक कर घटना की निंदा की। इसे लेकर तोड़फोड़ करने वाले रमेश चंद्र दगा के विरुद्ध सरिया थाना में आवेदन भी दिया है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि रमेशचन्द्र डागा द्वारा बिना किसी आम सहमति के मंदिर के पिछले हिस्से के खिड़की, दरवाजा व लक्ष्मी माता के सिंहासन स्थल की तोडफोड कर मंदिर को नुकसान पहुंचाया गया है। इस घटना से हमारी धार्मिक भावना को ठेस पहुंची है। मंदिर की देखरेख व पूजा-पाठ वर्षों से ग्रामीणों द्वारा किया जाता रहा है। इन्होंने थाना प्रभारी से इस मामले में उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं इसकी कॉपी एसडीओ सरिया, एसडीपीओ सरिया, विधायक बगोदर तथा सांसद कोडरमा को दी गई है। आवेदन में बैजनाथ सिंह, अनूप कुमार पांडेय, निखिल कुमार, सतेंद्र सिंह, अवधकिशोर पाण्डेय, पूर्व प्रमुख रामपति प्रसाद, पृथ्वीदेश पाण्डेय, मेघलाल मंडल, राधेश्याम पांडेय, किशुन पंडित,गोपाल पांडेय,राजू साव समेत अन्य लोगों के हस्ताक्षर हैं।

## कॉलेज में विदाई समारोह का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिल्ली :** सिल्ली एक फरवरी को सिल्ली कॉलेज सिल्ली में इतिहास विभाग की तरफ से एम ए जूनियर छात्रों सत्र 2023-2025 के द्वारा सत्र 2021-2023 और सत्र 2022-2024 के छात्रों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडर कॉलेज मंडर इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. पी.सी. एन.राणा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया साथ ही साथ प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि,आप सभी आने वाले कल के भविष्य हैं,आप जहां भी जाएं अपना नाम रोशन करें,हमारी दुआ आपके साथ है। उन्होंने कहा कि आज सिल्ली कॉलेज सिल्ली रांची वि.वि. रांची के लिए एक मिशाल है,यहां बी ए ,एम ए ओपेन वि. वि. के साथ साथ विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को चलाती है,मैं आप सभी के साथ साथ कॉलेज की उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। कार्यक्रम को प्राचार्य ने भी संबोधित किया,सभी अतिथियों का स्वागत इतिहास विभाग के शिक्षक प्रो. विश्वनाथ मुंडा ने अपने संबोधन से किया। कार्यक्रम को प्रो नकुल चंद्र महतो, हरेंद्र महतो, मुखिया शर्मिला कुमारी,एवं छात्र शिवनाथ मुंडा,दीपक महतो, लालदेव, सुधीर, ने भी अपने बिताए हुए पल को साझा किया।रंगारंग कार्यक्रम की आगाज छात्रा रिया पाठक, जोबा कुमारी, निशि कुमारी,सुहानी कुमारी, अंबिका कुमारी छात्र धनेश्वर गोराई ने किया।

## रॉयल पाम इंटरनेशनल स्कूल में इस्लामिक एग्जीबिशन का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** रांची रॉयल पाम इंटरनेशनल स्कूल, हाजी चौक, सिमलिया , रांची में इस्लामिक सह विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। रॉयल पाम इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन मोहम्मद जमशेद अंसारी ने कहा कि इस्लाम धर्म को लेकर बच्चों में जागरूकता के उद्देश्य से इस्लामिक प्रदर्शनी आयोजित हुई। इसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। यहां पर मस्जिद, दरगाहों, मक्का-मदीना, हरम शरीफ, जन्नत, जहन्नुम सहित साइंस को कुरान की रौशनी मे एवं अन्य जगहों के मॉडल बनाकर प्रदर्शित किया गया। स्कूल की तरफ से आ रहे हुए मेहमानों की तरफ से बच्चों की हौंसला अफजाई भी की गई। रॉयल पाम इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसपल शबनम आरा ने बताया कि प्रदर्शनी में इस्लामी शिक्षाओं को विभिन्न मॉडलों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। मॉडल के जरिए बताया गया कि कुरआन की शिक्षाएं संपूर्ण मानवजाति के लिए हैं। प्रदर्शनी में विभिन्न कालों में आए ईशदूतों के संदेशों एवं संस्कृति को भी मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। आजकल के बच्चे इस्लामी सिद्धांतों को भूल रहे हैं उनको फिर से ताजा करने के मकसद से यह एग्जिबिशन आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि सैयद सेराज वजी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और दूसरे स्कूलो में भी ऐसे आयोजन करने का आग्रह किया, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर शबनम आरा ने कहा कुरान ने जो 1400 साल पहले बोला है उसे यहां के बच्चों ने मॉडल में उतारा है। मौलाना नसीम अनवर नदवी डायरेक्टर फातिमा गर्ल्स एंड बॉयज स्कूल ने कहा कि मुझे यहां आकर बहुत खुशी हुई यहां बच्चों को दीन और दुनिया दोनों ही में तरसते का काम किया जा रहा है।

## बेस्ट कोरियोग्राफर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट हुए मोहन सहीस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मुरी :** सिल्ली मोहन सहीस दिन प्रतिदिन अपने कला के माध्यम से विभिन्न स्थानों,राज्यों, एवं देश विदेश में अपना ,और अपने माता पिता के साथ साथ अपने शहर और राज्य का नाम भी रोशन कर रहे है कभी रवा रत्न से सम्मानित होकर कभी बिस्वा रत्न से सम्मानित होकर तो कभी वर्ल्ड रिकॉर्ड बना कर, इसी तरह फिर से स्वामैक फिल्म प्रोडक्शन के आयोजित आईडीपी आइकॉनिक अवॉर्ड शो में शामिल होकर अपने मंत्रमुग्ध कोरियोग्राफी के लिए चुने गए ,मोहन ने पिछले कुछ महीने मुंबई में क्रोयोग्राफ कर रहे थे जिनमें मोहन ने इंडियन टेलीविजन सीरियल में कोरियोग्राफ किया था,आज उनकी क्रायोग्राफी इंडस्ट्री में बेस्ट कोरियोग्राफी और बेस्ट डांस के लिस्ट में चयन किया गया है अगर मोहन को इस अवॉर्ड को जीतते है तो मोहन को स्वयं बॉलीवुड कोरियोग्राफर मास्टर मर्जी जो डांस इंडिया डांस , डांस दीवाने, डांस चैंपियन जैसे शो को जज कर चुके है और बॉलीवुड पर अपना क्रायोग्राफी के दम पर पूरी इंडस्ट्री को नाचा चुके है मोहन को उनके हाथों से बेस्ट कोरियोग्राफर का अवॉर्ड देकर सम्मानित किया जाएगा यह शो भोपाल में 3 फरवरी को रखा गया है फिलहाल इस समय मोहन शो के लिए रांची से रवाना हो चुके है। हम सभी मुरी सिल्ली के एवं झारखंड के लाल मोहन के लिए विजई की कामना करते है।

# साहिबगंज में मनरेगा दिवस का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** अभियान प्रशिक्षण केंद्र, साहेबगंज में मनरेगा दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें जिले के कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति इस अवसर पर अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जिला प्रबंधक जेएसएलपीएस मतीन तारिक, पूर्व मनरेगा लोकपाल एवं सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष अब्दुस सुभान, मार्था मरांडी और सीडब्ल्यूसी सदस्य दिनेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। मनरेगा की उपयोगिता और चुनौतियों पर चर्चा अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि मनरेगा सरकार की सबसे प्रभावशाली योजनाओं में से एक है, जिसने ग्रामीण स्तर पर आर्थिक सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब वे बोरियो प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थे, तब उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत 500 डोभा, 300 सड़क और 300 कुएं निर्माण कार्य करवाए थे। पूर्व मनरेगा लोकपाल एवं सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष अब्दुस सुभान ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम ग्रामीण भारत की जीवनरेखा है। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान मनरेगा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि इस योजना ने उस समय लाखों ग्रामीण परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान किया, जिससे बड़े पैमाने पर पलायन को रोका जा सका। हालांकि, उन्होंने चिंता व्यक्त की पिछले कुछ वर्षों में मनरेगा में कई चुनौतियाँ आई हैं। ऑनलाइन हाजिरी और आधार-आधारित भुगतान प्रणाली के कारण मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल रही है। इसके अलावा, बोगस कार्ड के नाम पर बड़ी संख्या में जॉब कार्ड डिलीट कर दिए गए हैं, जिससे कई श्रमिक रोजगार से वंचित हो गए हैं। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर जिला प्रबंधक जेएसएलपीएस मतीन तारिक ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा एक मांग आधारित योजना है। जितनी अधिक डिमांड होगी, उतनी ही अधिक योजनाओं का निर्माण होगा और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होगा। सामाजिक अंकेक्षण के क्षेत्रीय समन्वयक कौशर अंसारी ने बताया कि मनरेगा के तहत जल संरक्षण, बागवानी, गौशाला निर्माण, वृक्षारोपण, लघु सिंचाई, ग्रामीण संपर्क मार्ग, भूमि विकास, बाढ़ नियंत्रण जैसे विभिन्न कार्य किए जाते हैं, जो न केवल रोजगार सृजन बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सरस्वती पूजा की तैयारी पूरी



**साहिबगंज :** सरस्वती पूजा को लेकर शहर में चहल-पहल बढ़ गई है। पूरे शहर के गली मोहल्लों के अलावा शिक्षण संस्थान में विद्या की देवी माता शारदे की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की तैयारी गई है। पूजा पंडाल की सजावट में एक दूसरे को पीछे छोड़ने की होड़ मची हुई है। सरस्वती पूजा 3 फरवरी को है। शहर के विभिन्न मोहल्ले में करीब सैकड़ो स्थानों पर छोटी बड़ी सरस्वती पूजा होती है। पुरोहित के मुताबिक सरस्वती मां की प्रतिमा की स्थापना रविवार रात को होगी। सोमवार को शुभ मुहूर्त में विधिवत सरस्वती माता का पूजा किया जाएगा। उधर सरस्वती पूजा को लेकर पूजा पंडाल के सजावट को लेकर शहर में जगह-जगह मौसमी दुकानें सज गई है। दुकानदारों के मुताबिक पूजा पंडाल में सजावट के लिए थोक सामग्री मंगवा ली है, लेकिन फीकी बिक्री से वे थोड़ा मायूस है। चैती दुर्गा स्थित दुकानदारों ने बताया कि पहले सरस्वती पूजा करने वाले दो-चार दिन पहले ही सजावट की सामग्री की खरीदारी कर लेते थे। इस साल अब तक बिक्री नहीं के बराबर है। चौक बाजार स्थित दुकानदारों ने भी बताया कि सरस्वती पूजा को लेकर बिक्री समान है पहले की अपेक्षा काफी कम है।

### क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट में माही स्पोर्ट्स येलो ने 9 विकेट से क्वार्टर फाइनल मैच जीता



**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत रविवार को कंबाइंड इलेवन-2 बनाम माही स्पोर्ट्स येलो के बीच दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। कंबाइंड इलेवन-2 टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 103 रन बना कर ऑल आउट हो गई। केशव कुमार ने 14 व रेहान खान ने 41 रन बनाए। माही स्पोर्ट्स के गेंदबाज सागर सुमन ने 7 व दीपक व अनाउल्लाह ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही स्पोर्ट्स येलो की टीम ने 9.4 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 105 रन बना कर 9 विकेट से मैच जीत लिया। आदित्य ज्ञान ने 25 व अनाउल्लाह अंसारी ने 62 रनों की पारी खेली। कंबाइंड इलेवन के गेंदबाज केशव कुमार ने 1 विकेट लिया। माही स्पोर्ट्स के खिलाड़ी सागर सुमन को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि जिला राजमहल मॉडल कॉलेज के प्राचार्य डॉ रंजीत कुमार सिंह ने सागर सुमन को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग सुजीत कुमार ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन सचिव अंकुर सिन्हा, राकेश कुमार रोशन, मो जुनैद व अन्य मौजूद थे। अपनी समस्याएं मौखिक नहीं लिखित रूप में दें अमित कुमार महतो ।

### जनता ने विश्वास कर बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए चुना है : विधायक



**सिल्ली :** सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो ने रविवार को सिल्ली प्रखंड के मुरी पूर्वी और मुरी पश्चिमी के पंचायत भवन में जनता दरबार लगाया और लोगों की समस्याएं सुनी इस दौरान जनता दरबार में मैया योजना, अबुआ आवास, राशन कार्ड,विधवा पेंशन,समेत कई मामले आए । विधायक ने सभी मामलों पर प्रखंड और आंचल के पदाधिकारी को जांच कर यथा शीघ्र निष्पादन करने का आदेश दिया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि हमें जनता ने विश्वास कर बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए चुना है। हमें भी जनता के प्रति खरा उतरकर बेहतर तरीके से कार्य करना है। इस दौरान विधायक लोगों से रूबरू हुए और कहा कि जो भी समस्याएं हैं अपनी समस्याओं को मौखिक नहीं लिखित रूप में दें। मैं विश्वास दिलाता हूं कि इन समस्याओं का निष्पादन जल्द से जल्द करने का कोशिश करूंगा। विधायक ने आगे कहा कि प्रखंड और आंचल कार्यालय के जितने भी पदाधिकारी है उनका फोन नंबर लेकर रखें और किसी भी प्रकार की जानकारी की जरूरत पड़े तो सीधे संपर्क करें। इस मौके पर सिल्ली पूर्वी जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार कृषि पदाधिकारी कमलाकांत महतो अशरफ अली, संतोष महली,भीम महतो,दिलीप महतो, पवन महतो, फलारी महतो, मोहम्मद समसु ,नौशाद आलम, महेश, संजीत साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### फुटबॉल टूर्नामेंट में जेएलकेएम टीम ने जीता फाइनल मैच



**अनगड़ा :** सालहन में तीन दिवसीय मा शक्ति पीठ मेला सह फुटबॉल टूनार्मेंट का भी आयोजन किया गया था यह मेला पूर्व विधायक राम कुमार पहान के सौजन्य से विगत कई वर्षों से लगातार आयोजन किया जाता है और फुटबॉल टूनार्मेंट का भी आगाज किया जाता है आज के फईनल मैच में डी एस एस रांची ओरमांझी और जे एल के एम टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें प्लांटी सुटआउट में जे एल के एम टीम ने जीत दर्ज कर प्रथम पुरस्कार हासिल किया`इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रामटहल चौधरी जलेंद्र डॉ रिझू नायक वीरेंद्र भोगता प्रशाद रणधीर चौधरी अजय महतो सूरज नारायण महतो राजू महतो मार्शल महतो विराट महतो रोशन कुमार सुधांशु मंटू दीपक नवीन आदि शामिल थे।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 का अग्रणी, पथप्रदर्शक एवं अतुलनीय बजट



प्रहलाद सबनानी

**भारत में मध्यमवर्गीय परिवार देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आया है। हाल ही के समय में प्रत्यक्ष कर संग्रहण में व्यक्तिगत आयकर की भागीदारी कारपोरेट क्षेत्र से आयकर की भागीदारी से भी अधिक हो गई है। अतः मोदी सरकार से अब यह अपेक्षा की जा रही थी कि मध्यमवर्गीय परिवारों को बजट के माध्यम से कुछ राहत दी जाय।**

दिनांक 1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लोकसभा में बजट पेश किया। श्रीमती सीतारमन ने एक महिला वित्तमंत्री के रूप में लगातार 8वां बजट लोकसभा में पेश कर एक रिकार्ड बनाया है। वित्तमंत्री द्वारा लोक सभा में पेश किया गया बजट अपने आप में पथप्रदर्शक, अग्रणी एवं अतुलनीय बजट कहा जा रहा है क्योंकि इस बजट के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीब वर्ग एवं मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। पिछले कुछ समय से देश की अर्थव्यवस्था में विकास की गति कुछ धीमी पड़ती हुई दिखाई दे रही थी अतः विशेष रूप से मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि शेष बच सके ताकि वे विभिन्न उत्पादों को खरीदकर अर्थव्यवस्था में इनकी मांग बढ़ा सकें, ऐसा प्रयास इस बजट के माध्यम से किया गया है। साथ ही, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से रोजगार उन्मुख क्षेत्रों यथा कृषि क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, निवेश, निर्यात एवं समावेशी विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि इन्हें विकास के इंजिन के रूप में विकसित किया जा सके।

भारत में मध्यमवर्गीय परिवार देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आया है। हाल ही के समय में प्रत्यक्ष कर संग्रहण में व्यक्तिगत आयकर की भागीदारी कारपोरेट क्षेत्र से आयकर की भागीदारी से भी अधिक हो गई है। अतः मोदी सरकार से अब यह अपेक्षा की जा रही थी कि मध्यमवर्गीय परिवारों को बजट के माध्यम से कुछ राहत दी जाय। और फिर, मुद्रा स्फीति की सबसे अधिक मार भी गरीब वर्ग के परिवारों एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर ही पड़ती दिखाई देती है। केंद्रीय वित्तमंत्री ने मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयकर की वर्तमान सीमा को 7 लाख रुपए से बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दिया है। अर्थात अब 12 लाख रुपए तक की आय अर्जित करने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार का आयकर नहीं लगेगा। वेतन एवं पेंशन पाने वाले नागरिकों को 75,000 रुपए की स्टैंडर्ड कटौती की राहत इसके अतिरिक्त प्राप्त होगी। इस वर्ग के करदाताओं को 12.75 लाख रुपए तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं चुकाना होगा। इसके साथ ही, आय कर की दरों में भी परिवर्तन किया गया है। अब 4 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर शून्य रहेगी। 4 लाख रुपए से 8 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर 5 प्रतिशत, 8 लाख रुपए से 12 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 10 प्रतिशत, 12 लाख रुपए से 16 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 15 प्रतिशत, 16 लाख रुपए से 20 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 20 प्रतिशत, 20 लाख रुपए से 24 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर 25 प्रतिशत एवं 24 लाख रुपए से अधिक की कर योग्य आय पर 30 प्रतिशत की दर से आयकर लागू होगा। मध्यमवर्गीय करदाताओं को उक्त सुधारों से लगभग 80,000 रुपए से 1.10 लाख रुपए तक की राशि की बचत होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस सुधार से कुल मिलाकर देश के बजट में एक लाख करोड़ रुपए की राशि कम प्राप्त होगी अर्थात मध्यमवर्गीय परिवारों को कुल एक लाख करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि का लाभ होगा। और, यह लाभ लगभग 2 करोड़ करदाताओं को होने की सम्भावना है। इससे देश के मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों के हाथों अतिरिक्त राशि उपलब्ध होगी जिसे वे विभिन्न उत्पादों की खरीद पर खर्च करेंगे और देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक होंगे। मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों ने जितना सोचा था शायद उससे भी कहीं अधिक राहत उन्हें इस बजट के मध्यम से दी गई है। इसीलिए ही, इस बजट को अग्रणी, पथप्रदर्शक एवं अतुलनीय बजट की संज्ञा दी जा रही है।

मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों को, आयकर में छूट देकर, दी गई राहत देते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि इससे बजटीय घाटा में वृद्धि नहीं हो। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बजटीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.9 प्रतिशत रहने की सम्भावना पूर्व में की गई थी, परंतु अब संशोधित अनुमान के अनुसार यह बजटीय घाटा कम होकर 5.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजटीय घाटा 5.4 रहने का अनुमान लगाया गया है। अतः देश की वित्तीय व्यवस्था पर किसी भी प्रकार का विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने जा रहा है। हां, पूंजीगत खर्चों में जरूर कुछ कमी रही है और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च के अनुमान के विरुद्ध 10.18 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत खर्च होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11.12 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च की व्यवस्था बजट में की गई है। इस राशि को 11.11 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15 लाख करोड़ रुपए किया जाना चाहिए था क्योंकि पूंजीगत खर्च में वृद्धि से देश में आर्थिक विकास की दर तेज होती है और रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। इस संदर्भ में एक रास्ता यह निकाला गया है कि केंद्र सरकार के उपक्रमों एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों से अपेक्षा की गई है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ये संस्थान भी अपने पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करें ताकि उनके द्वारा किए गए पूंजीगत खर्चों की राशि को मिलाकर कुल पूंजीगत खर्च को 15 लाख करोड़ रुपए से ऊपर ले जाया जाए।



भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से राज्यों के साथ मिलकर कृषि धन धान्य योजना को 100 जिलों में प्रारम्भ किया जा रहा है, इस योजना के माध्यम से इन जिलों में ली जा रही फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दलहन के उत्पादन में आत्म निर्भरता प्राप्त करने के लिए 6 वर्षीय मिशन चलाया जाएगा। किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा को 5 लाख तक बढ़ाया जा रहा है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऋण सीमा को 5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए एवं स्टार्टअप के लिए ऋण की सीमा को 10 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए किया जा रहा है। लेदर उद्योग में रोजगार के 22 लाख नए अवसर निर्मित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारत को खिलौना उत्पादन का अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनाया जाएगा। यूरिया उत्पादन के क्षेत्र में भारत को आत्म निर्भर बनाया जाएगा। आज भारत खाद्य तेलों का भारी मात्रा में आयात करता है अतः तलहन के क्षेत्र में भी आत्म निर्भरता हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।। भारत में निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजारों की तलाश करते हुए विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापारिक समझौते सम्पन्न किए जा रहे हैं। देश में बीमा क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति प्रदान की जा रही है। विभिन्न शहरों में आधारभूत संरचना के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपए का एक विशेष फंड बनाया जा रहा है।

युवाओं में कौशल विकास के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, आगामी 5 वर्षों में देश के मेडिकल कॉलेजों में 75,000 युवाओं को अतिरिक्त दाखिला दिए जाएंगे। इंडियन इन्स्टिट्यूट आफ टेक्नॉलजी कॉलेजों में टेक्नलाजिकल रीसर्च के लिए 10,000 पी एम स्कालर्शिप प्रदान की जाएंगी एवं नए आईआईटी केंद्रों की स्थापना भी की जाएगी। आरटीफिशियल इंटेलीजेंस सेंटर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 500 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

श्री अयोध्या धाम, महाकुम्भ क्षेत्र प्रयागराज, काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी, महाकाल मंदिर उज्जैन की तर्ज पर अन्य धार्मिक स्थलों को भी विकसित किया जाएगा ताकि देश में धार्मिक पर्यटन की गतिविधियों को और अधिक आगे बढ़ाया जा सके। देश में 52 नए पर्यटन केंद्र भी विकसित किए जाने की योजना बनाई गई है तथा भगवान बुध सर्किट भी विकसित किया जाएगा।

## संपादकीय

### शुतुरमुर्ग न बनें

भारत निर्वाचन आयोग ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल से कहा है कि यमुना में अमोनिया की मात्रा बढ़ढ़रूने को नदी को जहरीला बनाने के आरोप से न जोड़ें। उनसे यमुना में विषाक्तता के प्रकार, मात्रा, प्रकृति व तरीके के बारे में तथ्यात्मक साक्ष्य उपलब्ध कराने को भी कहा है। ऐसा न करने पर आयोग मामले के संबंध में उचित निर्णय करने को स्वतंत्र होगा। केजरीवाल ने दावा किया था कि हरियाणा सरकार यमुना में जहर घोल रही है। वहां से प्राप्त पानी मानव स्वास्थ्य के लिहाज से दूषित और अत्यंत जहरीला है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा था कि लोगों को यह जहरीला पानी पीने दिया गया तो स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरा पैदा होगा और लोगों की मौत होगी। इससे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी चुनाव आयुक्त को पत्र लिख कर यमुना नदी में बढ़ते अमोनिया स्तर पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था। आरोप है कि हरियाणा से आने वाले पानी में अमोनिया का स्तर सात पीपीएम से ऊपर चला गया है जिसे उपचार योग्य सीमा से सात सौ गुना ज्यादा बताया जाता है। अमोनिया के टॉक्सेस लेवल को जल ट्रीटमेंट प्लांट्स प्रभावी ढंग्श से उपचारित करने में अक्षम हो जाता है। दिल्ली में प्रदूषित पानी की सप्लाई को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिलती है। पानी में अमोनिया का स्तर ज्यादा होने पर सांस व गुर्दे से संबंधित रोग हो जाते हैं तथा अंग क्षति की भी आशंकाएं बढ़ जाती हैं। राजधानी में चुनावी आरोप-प्रत्यारोपों का दौर है, इसलिए नेताओं को मुद्दों की तलाश है। ऐसे में जनता में भ्रम फैलाने के प्रति राजनेताओं को संयम बरतना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग को भी निष्पक्षता से सभी दलों पर नजर रखनी चाहिए। बावजूद इसके कि जहरीला पानी पर रोक लगे या शुद्ध पानी की व्यवस्था हो, सब दोषारोपण में व्यस्त हैं। दस साल से राज कर रहे केजरीवाल पेयजल की शुद्धता को लेकर पहले इतने संवेदनशील क्यों नहीं हुए। मुफ्त योजनाओं के बूते जनता को बरगलाने वालों को बुनियादी जरूरियात की शुद्धता के प्रति गंभीर होना होगा क्योंकि यह सब भारत निर्वाचन आयोग का अधिकार क्षेत्र नहीं है। केंद्रीय जल आयोग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड. और केंद्र व राज्य सरकार को पेयजल की शुद्धता के प्रति गंभीर होना होगा।

## चिंतन-मनन

### सन्मार्ग की प्रवृत्ति

उत्तम कार्य की कार्य प्रणाली भी प्रायः उत्तम होती है। दूसरों की सेवा या सहायता करनी है, तो प्रायः मधुर भाषण, नम्रता, दान, उपहार आदि द्वारा उसे संतुष्ट किया जाता है। परन्तु कई बार इसके विपरीत क्रिया-प्रणाली ऐसी कठोर, तीक्ष्ण एवं कटु बनानी पड़ती है कि लोगों को भ्रम हो जाता है कि कहीं यह दुर्भाव से प्रेरित होकर तो नहीं किया गया। ऐसे अवसरों पर वास्तविकता का निर्णय करने में बहुत सावधानी बरतने पड़ती है। सीधे-सादे अवसरों पर सीधी-सादी प्रणाली से भली प्रकार काम चल जाता है। भूखे, प्यासे की सहायता करनी है, तो वह कार्य अन्न-जल देने के सीधे-सादे तरीके से चल जाता है। किसी दुःखी या अभावग्रस्त को अभीष्ट वस्तुएं देकर उसकी सेवा की जा सकती है। धर्मशाला, कुआं, पाठशाला, अनाथालय, औषधालय आदि द्वारा लोकसेवा की जा सकती है। ऐसे कार्य निश्चय ही श्रेष्ठ हैं और उनकी आवश्यकता व उपयोगिता सर्वत्र स्वीकारी जा सकती है। परन्तु कई बार ऐसी सेवा की भी बड़ी आवश्यकता होती है, जो प्रत्यक्ष में बुराई मालूम पड़ती है और उसे करने वाले को अपयश ओढ़ना पड़ता है। इस मार्ग को अपनाने का साहस हर किसी में नहीं होता।

दुष्ट और अज्ञानियों को उस मार्ग से छुड़ाना, जिस पर वे बड़ी ममता और अहंकार के साथ प्रवृत्त हो रहे हैं, साधारण काम नहीं है। सीधे आदमी की भूल ज्ञान से, तर्क से, समझाने से सुधर जाती है पर जिनकी मनोभूमि अज्ञानान्धकार से कलुषित हो, साथ ही जिनके पास कुछ शक्ति भी है, वे ऐसे मदान्ध हो जाते हैं कि सीधी-सादी क्रिया-प्रणाली का उन पर प्रायः कुछ असर नहीं होता। मनुष्य शरीर धारण करने पर भी जिनमें पशुत्व की प्रधानता है, दुनिया में उनकी कमी नहीं है। उन्हें ज्ञान, तर्क, नम्रता, सज्जनता, सहनशीलता से अनीति के दुःखदाई मार्ग से पीछे नहीं हटाया जा सकता। पशु केवल दो चीजें पहचानता है- एक लोभ, दूसरा भय। दाना, घास खिला उसे ललचा कर कहीं भी ले जाइए, वह पीछे-पीछे चलेगा या लाठी का डर दिखा जिधर चाहे उधर ले जा सकते हैं।

भय या लोभ से अज्ञानियों को, कुमार्गगामियों को सन्मार्ग में प्रवृत्त किया जा सकता है। भय उत्पन्न करने के लिए दंड का आश्रय लिया जाता है। लोभ के लिए कोई ऐसा आकर्षण उसके सामने उपस्थित करना पड़ता है जो आज की अपेक्षा अधिक सुखदायी हो। नशेबाजी, व्यभिचार आदि के दुष्परिणाम को बढ़ा-चढ़ाकर, बताकर कई बार उस ओर चलने वालों को इतना डरा दिया जाता है कि वे उसे स्वतः छोड़ देते हैं।

# दिल्ली में मोदी बनाम केजरीवाल बनाम राहुल



राकेश अचल

दिल्ली विधानसभा का चुनाव है तो मुंबई महापालिका से भी छोटा लेकिन इस चुनाव को जीतने के लिए भाजपा और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियां आम आदमी पार्टी जैसे छोटे से दल से भिड़ गयीं है। इस चुनाव को अब दिल्ली वाले केजरीवाल बनाम मोदी बनाम राहुल होते देख रहे हैं। सत्तारूढ़ होने की वजह से जहाँ भाजपा ये चुनाव जीतने के लिए साम-दाम-दंड और भेद का इस्तेमाल कर रही है ,वहीं कांग्रेस भी आम आदमी पार्टी को आस्तीन का सांप मानकर कुचलने में जुटी हुई है।

सबसे पहले सत्तारूढ़ दल की बात करते है। इस चुनाव में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के ऊपर जितने भी हमले किये हैं उनका बचाव प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर पार्टी के हर छोटे बड़े नेता को करना पड़ रहा है। संख्याबल और अनुभव के हिसाब से देखें तो भाजपा के समाने आम आदमी पार्टी अभी भी शैशवकाल में है लेकिन उसका हौवा इतना है कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री तक को मैदान में उतरना पड़ा है। पूरे देश में भाजपा और डबल इंजिन की जितनी भी राज्य सरकारें हैं उनके मुख्यमंत्री भी दिल्ली जितने के लिए अपने -अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे है। एक यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जरूर महाकुम्भ हादसे की वजह से दिल्ली नहीं जा पाए।

भाजपा ने दिल्ली जीतने के लिए अपने सभी आजमाए हुए फामूर्ले दिल्ली में भी अपनाये है। भाजपा ने केंद्रीय चुनाव आयोग का खुलकर दुरुपोग किया है। पुलिस का इस्तेमाल किया है। आम आदमी पार्टी पर दबाव बनाने के लिए दिल्ली स्थित पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के घर छापा मरने की कोशिश की है। आम आदमी पार्टी के 7 पूर्व विधायकों के असंतोष का फायदा उठाते हुए उन्हें पार्टी छोड़कर बाहर आने पर मजबूर कर दिया है। अब ये सब भाजपा के लिए काम करेंगे। आम आदमी पार्टी सरकार के मुखिया से लेकर पुराने केजरीवाल मंत्रिमंडल के तीन मंत्रियों को जेल की हवा पहले ही खिलाई जा चुकी है ,यहां तक की आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह को भी जेल यात्रा करना पड़ी है।

अब कांग्रेस की बात करते है। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के साथ इंडिया गठबंधन में तालमेल बनाये रखने की बहुत कोशिश की ,लेकिन आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का लिहाज न मप्र विधानसभा चुनाव में किया और न हरियाणा और महाराष्ट्र में। गुजरात में तो किया ही नहीं ,उलटे दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस से अपने रिश्ते खराब और कर लिये। आम आदमी पार्टी ने भाजपा के भ्रष्ट नेताओं की सूची में लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी जोड़ लिया।आम आदमी पार्टी की इस हरकत के बाद कांग्रेस ने भी आम आदमी पार्टी को आस्तीन का सांप मानकर उसका फन कुचलना शुरू कर दिया है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ही नहीं बल्कि उनकी बहन प्रियंका वाड्रा और पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी अब आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर लगातार हमले कर रहे हैं। कांग्रेस भी भाजपा की तर्ज पर केजरीवाल को महाभ्रष्ट बता रही है। मुख्यमंत्री आवास को शीशमहल बनाने और शराब घोटाले के आरोप लगा रही है। कांग्रेस आम आदमी पार्टी को भाजपा की बी टीम बता रही है। भाजपा ने जहाँ दिल्ली में हिन्दुओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश की है ठीक वैसे ही कांग्रेस ने अल्पसंखयकों को अपने साथ रखने का प्रयास किया है।

दिल्ली में पहली बार विधानसभा का चुनाव साफ तौर पर त्रिकोणीय बना है। दिल्ली में इस बार आम आदमी पार्टी स्पष्ट बहुमत से बहुत दूर खड़ी दिखाई दे रही है। ऐसे में स्थितियां ऐसी बन सकतीं हैं कि आम आदमी पार्टी को सत्ता में बने रहने के लिए या तो एक बार फिर कांग्रेस के समाने समर्पण करना होगा या सचमुच में भाजपा की बी टीम बनकर रहना होगा। ये भी हो सकता है कि यही समस्या भाजपा और कांग्रेस के सामने भी आये। कुल जमा पशोपेश दिल्ली के मतदाता की है। उसे तय करना है कि वो कौन से भ्र्ष्ट दल की सरकार बनाती है ,क्योंकि आम आदमी पार्टी भाजपा और कांग्रेस को महाभ्रष्ट बता चुकी है ,वहीं कांग्रेस और भाजपा ने आम आदमी पार्टी को समवेत स्वर में महाभ्रष्ट कहा है। अर्थात दिल्ली में दूध का धुला कोई दल नहीं है। आगामी 5 फरवरी को दिल्ली में मतदान है। उसी दिन प्रधानमंत्री दिल्ली जीत की कामना लेकर प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ में डुबकियां लगाने जायेंगे। उन्हें यूपी के मुख्यमंत्री को पापमुक्त करने के लिए भी डुबकी लगना है। रहल गाँधी या उनके परिवार ने अपने आपको महाकुम्भ से मुक्त रखा है। शायद उन्हें न मोक्ष की कामना है और न पापों से मुक्ति की। मुमकिन है कि वे अपने आपको पापी समझते ही न हों।

# राष्ट्रपति मुर्मू पर बेचारी लेडी का कटाक्ष दुर्भाग्यपूर्ण



ललित गर्ग

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन बताया है। राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यह बयान न केवल गलत है, बल्कि राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह एवं जिन शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाना इसलिये स्वाभाविक है क्योंकि यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त है। सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क, शालीन एवं शिष्ट रहे। विशेषतः कांग्रेस के नेता अक्सर अपने बोल, बयान एवं भाषा की शिष्टता से चुकते रहे हैं। भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सबसे प्रतिष्ठित पद राष्ट्रपति का है। लेकिन, सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जिस तरह से राजनीति प्रेरित होकर विचार एवं नीतियों की आलोचना करने की बजाय सीधा राष्ट्रपति पर कटाक्ष किया है, उससे इस पद की गरिमा को गहरा आघात लगा है।

राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को रेखांकित करता है, इसमें राष्ट्रपति की अपनी कोई विशिष्ट विचारधारा नहीं होती, इसलिए विपक्ष चाहे तो नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना कर सकता है, यह उसका अधिकार होता है। वह इस अधिकार का उपयोग करता है और उसे करना भी चाहिए, लेकिन इस लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग राष्ट्रपति के व्यक्तित्व का छिद्रान्वेशन करना कैसे हो सकता है? यह अच्छा नहीं हुआ कि सोनिया गांधी ने अभिभाषण में व्यक्त विचारों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर ही कटाक्ष एवं तंज कस दिया। उन्हें यह कहने की आवश्यकता नहीं थी कि अभिभाषण के आखिर तक आते-आते राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं। कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया गांधी ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें उसे बेचारी महिला जैसे शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था, यह उनकी राजनीति अशिष्टता, अशालीनता, अहंकार एवं अपरिपक्वता का ही द्योतक है। ऐसा लगता है कांग्रेस एवं उनके शीर्ष नेताओं की चेतना में स्वस्थ समालोचना के बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है। ऐसे अमर्यादित एवं अशोभनीय आलोचना ने राष्ट्रपति पद की अस्मिता एवं अस्तित्व पर सीधा एवं तीखा आक्रमण कर दिया है।

यह आश्चर्य का नहीं बल्कि सर्तकता, समयज्ञता एवं जागरूकता विषय है कि राष्ट्रपति भवन को सोनिया गांधी की टिप्पणी पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करनी पड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देनी पड़ी है और कांग्रेस के बयान को न केवल गलत कहा, बल्कि इसे राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला भी बताया। राष्ट्रपति ने हिंदी जो उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन एवं प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। राष्ट्रपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया। विशेष रूप से जब वे हाशिए पर खड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की बात कर रही थीं, तब वे और भी ज्यादा संकल्पित एवं ऊर्जा से भरी हुए थीं। राष्ट्रपति को विश्वास है कि इन वर्गों की आवाज उठाना कभी भी थकावट का कारण नहीं बन सकता, बल्कि यह उनके कर्तव्य का एक अहम हिस्सा है। इसके अलावा, राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं की हिंदी भाषा की समझ पर भी सवाल उठाए। बयान में कहा गया कि संभवतः ये नेता हिंदी भाषा की लोकोक्तियों और मुहावरों से भली-भांति परिचित नहीं हैं, जिसके कारण उन्होंने राष्ट्रपति के भाषण की गलत व्याख्या कर ली। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि ऐसे भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण बयानों से बचा जाना चाहिए, जो न केवल अनावश्यक विवाद खड़ा करते हैं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाते हैं। राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं के बयानों को खराब और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए यह भी कहा कि इस तरह की टिप्पणियां पूरी तरह से अनुचित हैं और इन्हें टाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क रहें। राष्ट्रपति भवन की यह कठोर प्रतिक्रिया कांग्रेस नेताओं के लिये सबक एवं सीख बननी चाहिए।

स्वाभाविक रूप से कांग्रेस नेताओं और खुद प्रियंका गांधी ने सोनिया गांधी का बचाव किया, लेकिन यह समझा जा सके तो बेहतर होता कि उन्हें अपने शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए थी। ऐसे बयान ने न केवल गैरजिम्मेदाराना एवं विध्वंसात्मक इरादों को ही नहीं, छल-कपट की राजनीति को भी बेनकाब किया है। कांग्रेस न जाने क्यों मानसिक दुर्बलता की शिकार है कि उसे अंधेरे सायों से ही प्यार है। ऐसे राजनीतिक दलों एवं सोनिया गांधी जैसे राजनेताओं की आंखों में किरणें आंज दी जाएं तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि उन्हें उजालों के नाम से ही एलर्जी है। तरस आता है सोनिया जैसे राजनेताओं की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर राजनीतिक सागर की यात्रा करना चाहते हैं। इसीलिये राष्ट्रपति भवन ने यह सही कहा कि सोनिया गांधी की ओर से जो टिप्पणी की गई, वह सर्वथा टालने योग्य थी। शीर्ष नेताओं को अपनी बात कहते समय पद की गरिमा के साथ अपने शब्द चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। उस समय तो और भी जब टिप्पणी राष्ट्रपति के संदर्भ में की जा रही हो। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जिस सामाजिक परिवेश और पृष्ठभूमि से आती हैं, उसे देखते हुए तो और भी संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। समस्या यह है कि सोनिया गांधी हों या राहुल गांधी, वे किसी की आलोचना करते समय शब्दों के सही चयन में प्रायः चूक कर जाते हैं। जब ऐसा होता है तो यही ध्वनित होता है कि गांधी परिवार के सदस्य अहंकार में डूब कर अपनी राजशाही मानसिकता का परित्याग नहीं कर पा रहे हैं।

सोनिया गांधी अपने आपको सक्षम राजनीतिज्ञ मानती होंगी, वे विरोध एवं व्यक्तिगत आलोचना की राजनीति की खिलाड़ी भी स्वयं को साबित करने में जुटी हो, भले ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरोध में सारी हदें लांघी हो, लेकिन भारत की राजनीति केवल विरोध पर जीवंत नहीं रह सकती। राजनीति में समालोचना नितांत अपेक्षित है, समालोचक होना और समालोचना करना बहुत बड़ी बात है, पर जब नेता सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्तित्व की गरिमा को ही खंडित करता है, अपने विवेक को गिरवी रखकर समालोचना करता है, उसे समालोचना नहीं, स्तरहीन विरोध ही कहा जायेगा। ऐसे विरोध के प्रति दया का भाव ही जताया जा सकता है, उसका उत्तर नहीं दिया जा सकता। आखिर निषेधात्मक भावों का उत्तर कब तक दिया जाए? कांग्रेस की इस श्रृंखला का कहीं अंत ही दिखाई नहीं देता। रचनात्मक समालोचना हो, तथ्यों के आधार पर हो, विवेकसम्मत हो तो उसके बारे में चिंतन भी किया जा सकता है। लोकतंत्र समालोचना का विरोधी नहीं है, बल्कि स्वस्थ एवं शालीन समालोचना का स्वागत ही होता है, इससे राजनीति परिपक्व एवं मजबूत होती है, किन्तु नमक की रोटी का क्या स्वागत किया जाए? कुछ आटा हो तो नमक की रोटी भी काम की हो सकती है। पर जिसमें कोरा नमक ही नमक हो, वह स्पृहणीय कैसे बन सकती है। प्रश्न है कि इस तरह की दूषित राजनीति एवं पूर्वाग्रहों के घनघोर परिवेश से लोकतंत्र एवं राष्ट्रपति जैसा सर्वोच्च पद कब तक आहत होता रहेगा? सोनियाजी राजनीति ही करनी है तो मूल्यों की राजनीति करो, देश सेवा की राजनीति करो, जनता के दिलों को जीतने की राजनीति करो। उजालों पर कालिख पोतने का प्रयास एवं चरित्र हनन के उद्देश्य से किया जाने वाला ऐसा राजनीतिक प्रयत्न कितना जघन्य होता है, समझने वाली जनता अच्छी तरह समझती है।

# महाकुंभ पहुंचे एसटीएम चीफ, एक घंटा संगम में रुके

## आज एक करोड़ ने डुबकी लगाई, हेलिकॉप्टर की मॉनिटरिंग, ट्रेनी आईपीएस तैनात





**प्रयागराज।** महाकुंभ का कल रविवार को 21वां दिन था। कल दोपहर 2 बजे तक 97 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 34.57 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं। भीड़ और सुरक्षा की निगरानी हेलिकॉप्टर से की जा रही है। बसंत पंचमी स्नान को देखते हुए 2 से 4 फरवरी तक प्रयागराज शहर और मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है। वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। मेले में पुलिस और साधु की झड़प का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में पुलिस साधुओं की गाड़ी बैरियर पर रोक रही है, लेकिन वे जबर्दस्ती अंदर घुसना चाह रहे हैं। एक साधु ने बैरिकेड गिरा दिया, इसके बाद उसकी पुलिसकर्मियों से तीखी नोकझोंक हुई। आज महाकुंभ में बसंत पंचमी का अमृत स्नान है। किसी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में आज हेलिकॉप्टर से निगरानी रखी जा रही है। वह के अऊह्न कानून व्यवस्था और रळह्नचीफ अमिताभ यश श्क्ह घाट की सुरक्षा व्यवस्था देखने पहुंचे। उन्होंने बोट से संगम का निरीक्षण किया। अमिताभ यश करीब एक घंटे बाद संगम से निकल गए हैं। इस दौरान उन्होंने मोटरबोट से संगम घाटों का निरीक्षण किया। पैंटून पुल पर भी गए। अधीनस्थ अफसरों से बातचीत की। जब गंगा, यमुना और सरस्वती की पवित्र धाराएं प्रयागराज में मिलती हैं, तो लाखों लोग महाकुंभ में आध्यात्मिक तीर्थयात्रा पर निकलते हैं। आत्म-खोज और दिव्य कृपा का यह एक अनूठा अवसर कई श्रद्धालुओं के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 'तीर्थ यात्री सेवा' शुरू की है। इसमें पौष्टिक भोजन, आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षित परिवहन और निर्बाध कनेक्टिविटी शामिल हैं। श्रद्धालुओं से भरी ये रोड परेड ग्राउंड सेक्टर-2 की है। इस सड़क से श्रद्धालु मेले से प्रयागराज जंक्शन, रामबाग, सूबेदारगंज और प्रयाग स्टेशन के लिए लौटते हैं। आज महाकुंभ में अखिल भारतीय निवार्णी अनी अखाड़े में हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजूदास की ओर से दंगल का आयोजन किया गया। इसमें गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों के पहलवानों ने हिस्सा लिया। राजू दास ने कहा- प्राचीन समय में अखाड़े ही शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम होते थे, जो आज भी परंपरागत चल रहे हैं। आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने मोक्ष वाले बयान पर सफाई दी। उन्होंने कहा- इस प्रकार से बयान नहीं था। हमारा कहना यह था कि हमारे वैदिक परंपरा में गंगा के किनारे मृत्यु के बारे में मोक्ष की पद्धति की अवधारणा है। मौत के बाद हम सनातनी कहां जाते हैं? गंगा के किनारे ही तो जाते हैं। जो घटना हुई निश्चित रूप से निंदनीय हुई। हमारे मन में बहुत पीड़ा है। रोते-बिलखते हिंदू परिवारों को देखकर हमारा मन बहुत दुखी है। हमारा बयान तोड़ मरोड़कर प्रस्तुत किया गया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक वीडियो पर शेयर किया। साथ में लिखा- महाकुंभ हादसे में मारे गए श्रद्धालुओं के शव लेने के लिए, प्रयागराज में पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर परिजन लाइन लगाए खड़े हैं। परिजनों को शव नहीं दिया जा रहा है, जबकि ये परिजन आग्रह कर रहे हैं कि हमें सहायता-सांत्वना राशि या कोई मुआवजा नहीं चाहिए। बस हमारे परिजन का शव हमें दे दिया जाए। कोई सक्षम संज्ञान ले। कल बसंत पंचमी का अमृत स्नान है। पुराने शहर की अधिकतर मस्जिद, मदरसे, इमामबाड़ों की देखरेख करने वाले मुत्वल्ली ने फैसला लिया है कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मदरसे-मस्जिद खोल रखेंगे। वहीं पर श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने के भी इंतजाम रखेंगे। बता दें कि मौनी अमावस्या की भगदड़ के बाद बड़ी संख्या में मुस्लिमों ने मस्जिदों और मदरसों को श्रद्धालुओं के रहने के लिए खोल दिया था। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व क्ष्हर अमिताभ ठाकुर ने कुंभ में हुई मौत के आंकड़ों में छेड़छाड़ की बात कही है। इंस्पेक्टर कोतवाली, प्रयागराज को भेजी अपनी शिकायत में उन्होंने कहा है कि बीते दिनों तीन जगहों पर भगदड़ हुई। घटना के संबंध में आधिकारिक रूप से 30 व्यक्तियों की मौत की बात कही जा रही है। अमिताभ ठाकुर ने कहा- मीडिया रिपोर्ट से यह प्रमाणित होता दिखता है कि मौत की संख्या कम से कम 67 है। इसके साथ ही तमाम मीडिया रिपोर्ट में मौत की संख्या 100 तक होने की बात अनुमानित की जा रही है। साथ ही मृतक के परिवारजनों को अवैधानिक और आपत्तिजनक मृत्यु प्रमाणपत्र दिए जाने की बात सामने आई है। यह किसके आदेश पर हो रहा है। इसकी विवेचना होनी चाहिए। निरंजनी अखाड़े में महामंडलेश्वर बनाने के लिए साध्वी मंजू श्री का पट्टाभिषेक हो रहा है। अब इनका नाम महामंडलेश्वर गुरु दीदी मां मंजू श्री जी महाराज होगा। संगम पर जहां भगदड़ मची थी, वहां पर अब योगी मोदी के पोस्टर लगा दिए गए। महिला महामंडलेश्वर की गाड़ी रोकने पर रविंद्र पुरी ने कड़ी नाराजगी पुलिस-प्रशासनिक अफसरों से जताई थी। पीपा पुल-1 प्रशासनिक अधिकारियों के आने-जाने के लिए रिजर्व रखा गया है।

# मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने की बजट की आलोचना



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की बैठक फाजिलनगर स्थित जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में की गई। जिसमें केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की आलोचना की गई। रविवार को हुई बैठक में सर्वप्रथम प्रयागराज कुंभ में मरने वाले श्रद्धालुओं के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए शोक व्यक्त किया गया। बजट की समीक्षा करते हुए जिला सचिव कामरेड अयोध्या लाल श्रीवास्तव व वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के बजट में मुट्ठी भर लोगों को छोड़कर गरीब, मजदूर, युवा, किसान के लिए कुछ नहीं है। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए फसलों की एमएसपी गारंटी कानून का कोई जिक्र नहीं है। मजदूरों को मनरेगा में सौ दिन का रोजगार देने, हर एक बुजुर्ग को पेंशन देने की कोई योजना नहीं है। नौजवानों को नौकरी देने, गरीब, असहाय छात्रों को उच्च शिक्षा मुहैया कराने के संकेत नहीं हैं। महंगाई रोकने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं है। बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में देने और स्मार्ट मीटर लगाने से आम जनता के जेब पर बोझ बढ़ेगा। 10 वर्षों बाद अनमने ढंग से आयकर की सीमा बढाई गई है। बीमा क्षेत्र में सौ फीसदी एफडीआई कर दिया गया। बंदे भारत प्रधानमंत्री का जुमला साबित होने की आशंका है। अध्यक्षता का0 दुर्गा प्रसाद ने किया। इस दौरान का0 गेंदा सिंह, का0 इदरीश, का0 कामेश्वर सिंह, का0 बीपी गुप्ता, का0 रामनरेश, का0 महमूद, का0 होसिल, का0 दल्लू यादव आदि मौजूद थे।

## खेत में सिंचाई को लेकर दो भाईयों में मारपीट

**महोबा । कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के बेलाताल कस्बे में खेत में पानी लगाने को लेकर दो सगे भाइयों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मोहल्ला घुसियाना में रहने वाले छत्रपाल अपनी पत्नी धनकुंवर और 12 वर्षीय बेटी अंजली के साथ खेत में सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान छोटे भाई संतोष ने पाइप बिछाकर की जा रही सिंचाई को लेकर विवाद शुरू कर दिया। धनकुंवर के अनुसार, दोनों भाइयों का खेत में सिंचाई का समान अधिकार है, लेकिन इसके बावजूद छोटे भाई ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें छत्रपाल, उनकी पत्नी धनकुंवर और बेटी अंजली घायल हो गए।**

# हनुमान जी ने किया रामकाज : आचार्य त्रियुगीनारायण मणि

संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर के सुमही बुजुर्ग में श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दौरान हो रही श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए आचार्य पंडित त्रियुगीनारायण मणि जी ने हनुमान जी की वीरता और उनके राम काज के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला। आचार्य त्रियुगीनारायण मणि जी ने कहा कि जब श्रीराम की सेना समुद्र किनारे पहुंची और समुद्र पार करने में सभी वानर असमर्थ हो गए, तब जामवंत जी ने हनुमान जी को उनके सामर्थ्य की याद दिलाई और कहा रामकाज तब लगि अवतारा। अर्थात हनुमान जी आपका अवतार ही राम काज के लिए हुआ है। इन वचनों को



सुनकर हनुमान जी ने अपने बल का स्मरण किया और समुद्र पार कर लंका में प्रवेश किया। वहां उन्होंने सीता माता का पता लगाया और अशोक वाटिका में जाकर उन्हें श्रीराम का संदेश दिया। आचार्य जी ने आगे बताया कि हनुमान जी ने केवल माता सीता की खोज ही नहीं की, बल्कि लंका में रावण की राक्षसी संस्कृति का भी अंत कर दिया। जब रावण के सैनिकों ने उन्हें बंदी बनाकर दरबार में प्रस्तुत किया, तब उन्होंने अपने पराक्रम से अशोक वाटिका को विध्वंस कर दिया। इसके बाद, अपनी पूंछ में आग लगाकर पूरी लंका को जला दिया। आचार्य मणि ने कहा कि हनुमान जी का जीवन कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने पापमयी लंका को जलाकर यह सिद्ध किया कि अधर्म और अन्याय का अंत निश्चित है। आचार्य जी ने कहा कि हनुमान जी का चरित्र हमें सिखाता है कि जिस देश, समाज और धर्म में हमने जन्म लिया, उसके लिए हमें तन, मन और प्राण से समर्पित होना चाहिए। हनुमान जी का संपूर्ण जीवन निःस्वार्थ सेवा, पराक्रम और भक्ति का प्रतीक है। श्रीराम कथा प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए और जय श्रीराम व जय हनुमान के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कथा शुभारम्भ ग्राम प्रधान मधुबन सिंह ने व्यास गद्दी का पूजन कर कराया। इस दौरान मुख्य यजमान रामप्रताप सिंह, बिजेंद्र सिंह, ब्रजकांत सिंह,पौहारी गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष शेषनाथ मिश्र, चौरा खास व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय,डा.शारदा सिंह, केदार गुप्ता, भगवान लाल कुशवाहा, बसंत कुशवाहा, भागवत गुप्ता, प्रियांशु सिंह, कार्तिकेय गुप्ता,रुदल कुशवाहा, विनोद पांडेय, बीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, परमात्मा शर्मा समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# केंद्रीय बजट 2025-26 को आमजन के सशक्तिकरण का प्रतीक: पीएन पाठक

संवाददाता

**कुशीनगर।** कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने केंद्रीय बजट 2025-26 को आमजन के सशक्तिकरण का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट मध्यम वर्गीय परिवारों के उत्थान के प्रति सरकार की गहरी संवेदनशीलता को प्रकट करता है। इस बजट ने उन परिवारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दशार्या है, जो देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। 12 लाख तक की आय करमुक्त कर मध्यम वर्गीय परिवारों को एक अत्यधिक बड़ी राहत प्रदान की गई है, जिससे उनके जीवन में सहजता, समृद्धि



और आर्थिक स्वतंत्रता की नई राह खुलेगी। इस निर्णय से मध्यम वर्ग को न केवल वित्तीय राहत मिलेगी, बल्कि उनके सामर्थ्य में भी वृद्धि होगी, जिससे वे अपनी आकांक्षाओं को और भी साकार कर सकेंगे। वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर छूट दोगुनी कर उनके सम्मान को ऊंचा किया गया है, जबकि टीडीएस की सीमा 10 लाख तक बढ़ाकर व्यवसायियों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।साथ ही, चार वर्षों तक आईटी रिटर्न दाखिल करने की सुविधा करदाताओं के लिए बड़ी सुविधा प्रदान की गई है, जिससे उनके लिए कर प्रशासन को सरल और पारदर्शी बनाया गया है।यह बजट समृद्ध, आत्मनिर्भर और वैभवशाली भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।यह वास्तव में जन-जन का बजट है, जिसमें आमजन की आवश्यकताओं को संवेदनशीलता से समाहित किया गया है। मा.वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने स्वस्थ भारत की संकल्पना को साकार करते हुए 36 जीवन रक्षक दवाओं पर सीमा कर पूरी तरह से समाप्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। साथ ही, सभी सरकारी अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर की स्थापना तथा छह जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 5 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है।यह बजट स्वर्णिम भारत के निर्माण की दिशा में मजबूत आधारशिला है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ मध्यम वर्गीय परिवारों के जीवन को अधिक सुगम एवं समृद्ध बनाएगा।

# जानिए बसंत पंचमी में सरस्वती पूजन का मुहूर्त





**कानपुर। बसंत पंचमी 2 व 3 फरवरी को मनाई जाएगी, 2 फरवरी की सुबह 9:14 की सुबह पुष्य नक्षत्र में शुरू होगी और 3 फरवरी की सुबह 6:56 तक मनाई जाएगी।**

**ज्योतिषाचार्यो के मुताबिक विद्या, बुद्धि की देवी माता सरस्वती का पूजन बीज व उप मंत्रों के साथ करें, साथ मां सरस्वती को गाय के दूध, कमल व गेंदा के फूल अर्पित करें। ज्योतिषाचार्य डॉ. नीतिशा मल्होत्रा ने बताया-माता सरस्वती की पूजा का शुभ मुहूर्त 2 फरवरी को सुबह 9:15 से 12:35 बजे तक का समय है। इस दिन पीले रंग के कपड़े पहनने और पीले पकवान खाने की परंपरा है, जो समृद्धि और ज्ञान का प्रतीक है। विद्यार्थी इस दिन विद्या की प्राप्ति के लिए विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। राहु केतु से मिलने वाले सभी कष्टों से निवारण का सबसे प्रमुख दिन बसंत पंचमी होता है, क्योंकि उनकी अधिष्ठात्री देवी होने के कारण माँ सरस्वती की कृपा प्राप्त कर राहु केतु की महादशा राहु केतु से मिलने वाले सभी दोषों से मुक्ति मिलती है और राहू हमें शुभ फल प्रदान करते हैं। बसंत पंचमी के दिन बच्चों की विद्या प्रारंभ की जाती है, बच्चे पर मां सरस्वती की कृपादृष्टि बनी रहे इसके लिए पाटी पूजन करने के लिए सबसे पहले हल्दी, केसर, कुमकुम इत्र और गंगा जल का घोल बनाए और इससे कॉपी पर मां सरस्वती का बीज मंत्र या स्वास्तिक बनवाएं। माता सरस्वती को केसर युक्त मिष्ठान व खीर का भोग लगाएं, इसके साथ ही गन्ने के रस से पंचामृत से अभिषेक करना न भूले।**

**डॉ. नितिशा ने बताया- मां सरस्वती का एक स्वरूप मां मातंगी का भी है, जो एक तांत्रिक रूप है। जो तंत्र और मंत्रों की अधिष्ठात्री हैं। इन्हें विद्या, ज्ञान और संचार का प्रतीक माना जाता है। मातंगी माता का महत्व विशेष रूप से तंत्र साधना में होता है और इन्हें मानसिक शक्ति और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए पूजा जाता है। बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं व करियर में आगे बढ़ने के लिए मां के तांत्रिक रूप की पूजा करें, जो आपको नए आयामों पर पहुंचाएगी। पूजन स्थल पर धूप और दीप जलाएं, मातंगी माता के मंत्रों का जाप ॐ ह्रीं मातंगी स्वाहा करें। काले तिल का सेवन और दान के साथ नीले रंग का भोजन ग्रहण करें, जैसे नीलमणी फल। पूजा के लिए स्वच्छ और शांत स्थान चुनें, पूजा स्थल पर कलश स्थापित करें। माता के मंत्रों का जाप करें। माता को दूध, दही, और शहद का अभिषेक करें। माता को मीठे व्यंजन का भोग अर्पित करें। मातंगी माता की उपासना विशेष रूप से पूर्णिमा और अमावस्या के दिन की जाती है। इन दिनों विशेष तंत्र साधनाएं करने का महत्व होता है। तंत्र साधना के लिए रात्रि का समय सबसे उत्तम माना जाता है।**

## संक्षिप्त डायरी

### कलश यात्रा के साथ दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ आज

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** विगत वर्षों की भांति 15 वें वर्ष श्रीरामजानकी मंदिर मठ कसया द्वारा आज सोमवार 3 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर प्रातः काल 10 बजे कलश यात्रा के साथ दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ होगा। आयोजन की जानकारी देते हुए महंत त्रिभुवन शरण दास व व्यवस्थापक देव नारायण शरण ने बताया कि आज कलश यात्रा के साथ दस दिवस तक चलने वाले श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ होगा और कल 4 फरवरी से लेकर 12 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर में श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रख्यात कथावाचक अंकुश जी महाराज के श्रीमुख से भव्य श्रीराम कथा व अयोध्या धाम से आये कलाकारों द्वारा रात में भव्य श्रीरामलीला का मंचन होगा। श्रीराम महायज्ञ आचार्य रामजी पांडेय की देख रेख में सम्पन्न होगा और दस दिनों तक अयोध्या के संतों द्वारा अहर्निश श्रीसीताराम नाम संकीर्तन भी चलता रहेगा। 12 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ पूणाहुति होगी। दोनों संतो ने श्रद्धालुओं से बढ़चढ़ कर आयोजन में सहभागी बनने की अपील की।

### हमीरपुर राठ के टोला खंगारन खण्ड- 6- में प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से अवैध खनन कर ओवरलोडिंग के साथ ही अवैध परिवहन कर लगाया जा रहा है लाखों के राजस्व का चूना

संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर राठ के टोला खंगारन मोरम खण्ड संख्या-6- के पट्टाधारक राजकुमार सिंह के दबंग खण्ड मैनेजर, संचालक अंगद सिंह भदौरिया एनजीटी सहित शासन प्रशासन की सख्ती के बावजूद प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से अवैध खनन करने से नहीं आ रहे हैं बाज, जबकि इनकी दबंगई का आलम तो ये है कि इस खण्ड से मोरम के ओवर लोड ट्रकों के साथ ही धड़ल्ले से किया जा रहा है मोरम का अवैध परिवहन, जबकि शासन को लगाया जा रहा है लाखों के राजस्व का चूना।



### हमीरपुर के बेरी इन्दपुरी 10/6 कमल इंटर प्राईजेज के बेखौफ दबंग मोरम माफिया प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से जलधारा में अवैध खनन कर प्रशासन को दे रहे हैं खुली चुनौती

संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के ईमानदार मुखिया योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बावजूद मोरम माफियाओं के हौसले हैं बुलंद, ताजा मामला हमीरपुर के बेरी इन्दपुरी 10/6 मोरम खण्ड कंवर इंटरप्राइजेज के दबंग और बेखौफ मोरम माफिया हमीरपुर के तेज तर्रार जिलाधिकारी घनश्याम मीना के आदेशों को खुलेआम ठेंगा दिखाने के साथ ही एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ाकर प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से नदी की जलधारा में मोरम का अवैध खनन करने के साथ ही खण्ड में आने वाले ट्रकों में मोरम की ओवर लोडिंग के साथ ही मोरम के एन आर ट्रकों का धड़ल्ले परिवहन कर शासन को लगा रहे हैं, लाखों के राजस्व का चूना, वहीं प्रशासन को दे रहे हैं कार्यवाही की खुली चुनौती।



### गोरखपुर आए नेपाल के पूर्व नरेश: पत्नी संग क्रूज की सैर की



**गोरखपुर ।** रामगढ़ताल झील में चल रहे लेक क्विन क्रूज का जलवा अब विदेशों में भी दिख रहा है। पहली बार नेपाल से भारत दौरे पर आए नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र वीर विक्रम शाह ने शनिवार की शाम अपनी धर्मपत्नी कोमल राजलक्ष्मी शाह के साथ क्रूज की सैर की। क्रूज पर पहुंचते ही नेपाल के पूर्व नरेश और उनकी पत्नी का क्रूज संचालक राजकुमार राय और उनकी टीम ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद ज्ञानेंद्र वीर शाह ने अपनी पत्नी संग रामगढ़ताल झील में क्रूज की सैर की। उनके साथ उनकी पत्नी, परिवार के सदस्यों के अलावा लगभग 64 लोग और आए थे। उन्होंने क्रूज संचालक और उनकी टीम से क्रूज के बारे में विस्तार से जानकारी ली और इसके संचालन के तरीकों को बारीकी से समझा। इस दौरान उन्होंने क्रूज की जमकर तारीफ की और कहा कि इस तरह की पहल सिर्फ गोरखपुर को एक नई पहचान ही नहीं दिलाती है बल्कि इससे पर्यटन को भी काफी बढ़ावा मिलता है। ज्ञानेंद्र वीर शाह ने कहा कि गोरखपुर के इस क्रूज की चर्चा मैंने नेपाल में सुनी थी। जिसने भी देखा था, वह इसकी खूब तारीफ कर रहा था। ऐसे में मैंने भी सोचा कि अगर पहली बार भारत जाऊंगा तो सबसे पहले क्रूज देखूंगा और इसकी सवारी करूंगा। सच में इस क्रूज के बारे में मैंने जितना सुना था, यह उससे कहीं अधिक शानदार है। इसके लिए उन्होंने क्रूज संचालक को बधाई भी दी। इससे पहले शुक्रवार की शाम ज्ञानेंद्र वीर विक्रम शाह अपनी धर्मपत्नी कोमल राजलक्ष्मी शाह के साथ गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। यहां पहुंचकर उन्होंने गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन किया और नेपाल से लाई गई खिचड़ी भी चढ़ाई।

### लखनऊ में गृहकर नोटिस के खिलाफ लोगों ने दी चेतावनी

**लखनऊ।** नगर निगम जोन-2 द्वारा पीली कॉलोनी, ऐशबाग में भेजे गए गृहकर नोटिसों के खिलाफ स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है। इसे लेकर श्रमिक कॉलोनी जनकल्याण समिति के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें नगर निगम की कार्रवाई का विरोध किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष सतीश दुबे ने की, जबकि सचिव संजय सिंह, सुधीर सिंह, जीतेंद्र सिंह, लल्ला भैया, राहुल मिश्रा और अभिषेक तिवारी समेत मालवीय नगर, ताल कटोरा और लेबर कॉलोनी के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में नगर निगम द्वारा गलत तरीके से गृह कर नोटिस भेजने का आरोप लगाते हुए साकेत शर्मा के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि नगर निगम अपने निर्णय की समीक्षा करे। गरीब एवं श्रमिक वर्ग पर इस तरह का अन्याय बंद करे। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन नोटिसों को वापस नहीं लिया गया तो वे उग्र प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

# बजट 2025-26: भवन निर्माण में दाम स्थिर, घर, मकान खरीदना और बनाना सस्ता या महंगा?

**- निवेशकों को बढ़िया मौके मिलेंगे, बल्कि सामान्य लोगों को भी घर खरीदने में मदद मिलेगी**

**नई दिल्ली ।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में पेश किया गया आम बजट 2025-26 में इंफास्ट्रक्चर सेक्टर को तेजी से बढ़ाने के लिए घोषणाएं की हैं। लेकिन आम लोगों की मुख्य चिंता यह है कि बजट के बाद घर, मकान, दुकान और फ्लैट खरीदना और बनाना सस्ता रहेगा या महंगा। बजट में इंफास्ट्रक्चर सेक्टर को ध्यान में रखते हुए, बिल्डिंग से जुड़े मटेरियल पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। हालांकि, विभिन्न चीजों पर लगे टैक्स के मामले में थोड़ी चिंता है, जैसे बिजली मीटर और सोलर पैनल पर बढ़े एक्साइज और कस्टम ड्यूटी के चलते। केंद्र सरकार ने अन्य सामान और सेवाओं पर टैक्स में कोई बढ़ोतरी नहीं की है, जिससे घर बनाना या खरीदना अधिक महंगा हो। इससे आम जनता को हल्की सुधार देखने को मिला है। इसके साथ ही मोदी सरकार ने रियल एस्टेट सेक्टर के लिए कई घोषणाएं की हैं, जो निवेश के नए मौके प्रदान कर सकती हैं। नए टैक्स स्लैब और टैक्स मुक्ति योजनाओं से लोगों की आय में वृद्धि होने की संभावना है, जिससे घर खरीदने वालों को भी लाभ हो सकता है। बजट 2025 के बाद आने वाले भवन निर्माण के काम में आने वाले सामग्रियों के दाम स्थिर रहने के अनुमान हैं, जो कुछ क्षेत्रों में हल्का बढ़ या घट सकते हैं। यहाँ तक कि बीते कुछ महीनों से उन्हें न केवल सस्ता रहता है, बल्कि दाम निर्मित भवनों में भी स्थिर रहते हैं। इस पूरे बजट के माध्यम से सरकार ने घर, मकान, दुकान और फ्लैट बनाने वाले काम में आने वाले सामग्रियों के दाम स्थिर रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं जो लोगों को सस्ते और उपलब्ध मकानों तक पहुंचने में मदद कर सकते हैं। इससे न केवल निवेशकों को बढ़िया मौके मिलेंगे, बल्कि सामान्य लोगों को भी घर खरीदने में मदद मिलेगी।

# बुकिंग्स शुरू, 25 हजार का टोकन अमाउंट देकर बुक करें ई-विटारा




**नई दिल्ली ।**

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने बीते दिनों ऑटो एक्सपो में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार पेश की थी। तभी कंपनी ने मारुति सुजुकी ई-विटारा से पर्दा उठाया था। इसके बाद से ही ग्राहकों को इसके लांच का इंतजार है। लेकिन इस कार की अधिकारिक बुकिंग्स शुरू हो चुकी है।

25,000 रुपये का टोकन अमाउंट देकर आप अपनी कार यूनिट बुक कर सकते हैं। इसके बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि अब इसका लांच करीब है। हालांकि कंपनी ने अभी तक इस कार की कीमत की घोषणा नहीं की है। ई विटारा के लांच के बाद हमें सेम प्लेटफॉर्म पर टोयोटा की इलेक्ट्रिक कार की लॉन्चिंग भी देखने को मिलेगी जिसका नाम अर्बन क्रूजर ईवी होगा। ग्रैंड विटारा के समान, ई विटारा के तीन वेरिएंट पेश किए जा सकते हैं डेल्टा, जेटा और अल्फा है। बेस वेरिएंट में 49-किलोवॉट बैटरी पैक मिल सकता है, जबकि टॉप वेरिएंट 61-किलोवाट बैटरी पैक से लैस होगा। बड़े बैटरी पैक के साथ दावा की गई रेंज 500 किमी है।

ई विटारा के हाइ एंड बैटरी पैक में 120 लिथियम-आयन आधारित सेल शामिल हैं। इन्हें -30एडिग्री से 60एडिग्री के अत्यधिक तापमान में भी काम करने के लिए टेस्ट किया गया है। ईविटारा के बैटरी पैक एक अडवांस्ड थर्मल मैनेजमेंट सिस्टम से लैस हैं जिसमें लो-आयन कूलेंट शामिल है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ई विटारा रियल वर्ल्ड की स्थितियों के तनाव को संभाल सकती है, कंपनी ने इसे कई अलग अलग तरह की परिस्थितियों में टेस्ट किया है। मारुति ईविटारा में इको, नॉर्मल और स्पोर्ट ड्राइविंग मोड हैं। मारुति की इस इलेक्ट्रिक कार में 10.1 इंच टचस्क्रीन इंफोटेंटमेंट सिस्टम, 10.25 इंच मल्टि-इंफोर्मेशन डिस्प्ले, फ्रंट वेंटिलेटेड सीट्स, वायरलेस चार्जर के साथ हरमन का साउंड सिस्टम मिलता है।

# निर्मला सीतारमण के बजट के आते ही क्यों भागने लगे स्विगी-जोमैटो के शेयर

**मुंबई ।**

सैलरी वाला झुनझुने से निराश चल रहा था। जब नया टैक्स रिजीम आया, तब गजब कन्फ्यूजन था। शाम तक समझ आया कि नहीं ये नया टैक्स रिजीम है, इसमें कोई 80-सी, हाउस रेंट वाली छूट नहीं है। तब सारा उत्साह फुस्स हो गया। फिर धीरे-धीरे न्यू टैक्स रिजीम को चमकाने का काम शुरू हुआ। देखते ही देखते सात लाख तक की इनकम टैक्स फ्री हो गई। फिर 72 प्रतिशत टैक्स देने वाले उस ओर चले गए। शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सात लाख की लिमिट को 12 लाख कर दिया। अब 80 प्रतिशत से ज्यादा सैलरी वाले इसी में आ जाएंगे। 75000 रुपए स्टैंडर्ड डिडक्शन जोड़ने पर 12.75 लाख रुपए की सालाना इनकम टैक्स फ्री होगी। फिर हिसाब लगाया तब पता चला ओल्ड टैक्स रिजीम अभी भी फायदेमंद है। हां, नए न्यू टैक्स रिजीम में जाने पर टैक्स सेविंग की कठिन प्रक्रिया से छुटकारा मिलेगा। इसमें कोई शक नहीं कि 80 प्रतिशत टैक्स देने वाले फायदे में रहने वाले है। स्विगी-जोमैटो के शेयर इसीलिए भागे। इस लिहाज से वित्त मंत्री का आठवां बजट खपत बढ़ाने वाला है। मध्यम वर्ग का ध्यान सालों बाद रखा गया है। लेकिन वित्त मंत्री ने बुनियाद नहीं छोड़ी। मोदी सरकार अगले साल भी 11 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा पैसा रेल, रोड, बंदरगाह, एनर्जी जैसे सेक्टर्स पर खर्च करेगी। इनकम टैक्स छूट से एक लाख करोड़ रुपए सरकारी खजाने में कम जमा होने हैं, लेकिन सरकारी खर्चे में कोई कमी नहीं होगी। इतिहास बताता है कि टैक्स में छूट देने पर टैक्स देने वाले बढ़ते जाते हैं। इसके बाद हो सकता है कि अगले साल टैक्स देने वालों की संख्या 10 करोड़ पहुंच जाए।

इस बल्ले-बल्ले के बीच एक खाई बहुत चौड़ी होती हुई दिख रही है। टैक्स देने वालों और न देने वालों के बीच की। 140 करोड़ की आबादी में सिर्फ 8 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करते हैं। यानी कुल आबादी के सात प्रतिशत से भी कम लोग रिटर्न फाइल करते है। इसमें भी पांच करोड़ जीरो टैक्स देने वाले हैं। मतलब सिर्फ रिटर्न फाइल करते हैं क्योंकि ऐसा करना लोन लेने सहित कई और बातों के लिए जरूरी है।

अब एक और आंकड़ा देखिए। हमारे देश की प्रति व्यक्ति आय करीब एक लाख 72 हजार रुपए सालाना है। इसका मतलब प्रति व्यक्ति आय का सात गुना कमाने वाला भी टैक्स के दायरे से बाहर रहेगा। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। दिक्कत टैक्स नेट से है। 12 लाख 75 हजार रुपए से ज्यादा कमाने वाले सारे लोगों को इनकम टैक्स के दायरे में लाना चाहिए।

# बजट 2025: मध्यम वर्ग के लिए नया समय का आगाज़

**- एक लाख करोड़ रुपये आएंगे ग्राहकों के हाथ में**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय वित्त मंत्रालय ने हाल ही में प्रस्तुत किए गए बजट 2025 में 12 लाख रुपये तक की सैलरी पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इसके साथ ही अधिकतम कर दर भी बढ़ा दी गई है, जिससे सेक्टर को राहत मिलेगी। आम लोगों के लिए यह बजट एक सशक्तिकरण और सुरक्षा का संकेत है। इनकम टैक्स स्लैब में हुई बदलाव से लोगों के पास उचित धनराशि बचेगी, जिससे अर्थव्यवस्था में गति और विकास को प्रोत्साहित किया जा सकेगा। मिडिल क्लास के लिए यह बजट एक नए समय की शुरुआत है। सबसे अधिक प्रभावित सेक्टरों को राहत मिलने का भी आशा है, जो ग्रामीण भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बजट से मिडिल क्लास को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और उनकी जीवनशैली में सुधार आएगा। इससे रिटेल सेक्टर को नई ऊर्जा का संचार होगा, जिससे उसमें वृद्धि होगी और बढ़ावा मिलेगा। अब यह देखना है कि बजट के ऐतिहासिक प्रावधान कैसे सामाजिक और आर्थिक स्थिति में बदलाव लाते हैं और देश के लोगों के जीवन में कैसे एक नया परिवर्तन लाते हैं।

पिछले एक दशक में, ब्रांडेड दैनिक जरूरतों के सामान की बिक्री ग्रामीण भारत पर अधिक निर्भर रही है। भारत के गांवों में करीब 80 करोड़ लोग रहते हैं। इनका खरीदारी व्यवहार मुख्य रूप से कृषि उत्पादन से जुड़ा हुआ है। कंपनियों के अनुसार कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए 1.71 लाख करोड़ रुपये का आवंटन कई पहलों के साथ कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था बेहतर होगी। इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव के कारण लोगों के पास एक लाख करोड़ रुपये बचेंगे। यानी कह सकते हैं कि इतनी रकम उनके हाथ में होगी। इस रकम को वे टैक्सपेयर्स मार्केट में खर्च करेंगे।

# एप्पल आईफोन की बिक्री में 23 प्रतिशत का बड़ा उछाल

नई दिल्ली ।

सालाना आधार पर भारत में 2024 में एप्पल आईफोन की बिक्री में 23 प्रतिशत का जबर्दस्त उछाल दिखाई दिया। इतना ही नहीं, आईपैड की बिक्री में भी 44 प्रतिशत की मजबूत बढ़त हुई है। साइबर मीडिया रिसर्च (सीएमआर) द्वारा जानकारी में बताया गया कि 2024 में भारतीय स्मार्टफोन मार्केट में एप्पल आईफोन की हिस्सेदारी बढ़कर 7 प्रतिशत हो गई है। इसकी वजह स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ना और छोटे शहरों में प्रीमियमाइजेशन का बढ़ता चलन है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के वीपी (इंडस्ट्री रिसर्च ग्रुप), प्रभु राम ने कहा, कैलेंडर वर्ष 2024 में एप्पल के आईफोन और आईपैड में दोहरे अंक में मजबूत वृद्धि देखने को मिली है। इसकी वजह स्मार्टफोन में प्रीमियमाइजेशन बढ़ना है। इसके साथ ही एप्पल को घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने और रिटेल सेगमेंट के विस्तार का फायदा मिल रहा है।भारत मध्यम वर्ग तेजी से प्रीमियम डिवाइस की तरफ आकर्षित हो रहा है। इसकी वजह केवल लाइफस्टाइल में बदलाव होना ही नहीं, बल्कि एडवांस टेक्नोलॉजी को जल्द अपनाने की आकांक्षा होना भी है। उन्होंने आगे कहा, आईफोन और आईपैड की अपील एप्पल के लिए बाजार वृद्धि का एक प्रमुख चालक बनी हुई है। वर्ष 2025 और उसके बाद भी वृद्धि के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। भारत में एप्पल के लिए अभी भी शुरुआती दिन हैं। 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एप्पल की एंट्री भारत के शीर्ष पांच मोबाइल ब्रांड में हो गई थी। राम के मुताबिक, आने वाले वर्ष में भारत में एप्पल की वृद्धि मजबूत गति के साथ जारी रहने की उम्मीद है, जो आक्रामक खुदरा विस्तार, टारगेटेड विपणन रणनीतियों और महत्वाकांक्षी भारतीय बाजार में गहरी पैठ से प्रेरित है। उन्होंने आगे बताया कि भारत में एप्पल के लेटेस्ट के साथ पुराने मॉडल्स की मजबूत मांग बनी हुई है। वॉल्यूम के हिसाब से कंपनी का मार्केट शेयर करीब 10 प्रतिशत पर पहुंच गया था। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के कारण कंपनी ने घरेलू बिक्री के साथ निर्यात में भी रिकॉर्ड बनाया है। 2024 में एप्पल इंडिया द्वारा 1.1 करोड़ से ज्यादा शिपमेंट की गई है।

# गर्व की बात, भारत में बनी जिम्नी 5 डोर जापान में हुई लांच

नई दिल्ली ।

मारुति सुजुकी जिम्नी 5 डोर इंडिया की दूसरी कार बन गई है, जो कि जापान में लांच हुई है। इसके पहले मारुति सुजुकी फ्रोंक्स को भी जापान में लांच किया गया था। खास बात ये है कि ये दोनों कारें मेड इन इंडिया है। यानी इनकी मैन्युफैक्चरिंग भारत में की गई है और बाद में इन्हें एक्पोर्ट करके जापान के बाजार में भेजा गया है। इसके पहले अभी तक जापान में इस सब-कॉम्पैक्ट ऑफ रोडर की 3 डोर वर्जन की ही ब्रिकी होती थी। अब जापान में भी अब 5 डोर मॉडल लांच होने के बाद वहां के बाजार में भी 5 डोर मॉडल सेल होगा। मेड इन इंडिया कारों का जापान जैसे बड़े और विकसित बाजार में लांच होना भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए अच्छी खबर है। लांच से पहले ही जापान में जिम्नी 5 डोर की इमेज भी ऑनलाइन लीक हो गई थी जिससे कार के लिए बज क्रिएट हो गया था। जापान में 5 डोर जिम्नी का तस्वीर सामने आने के बाद से ही बाजार में इस कार के लिए काफी एक्साइटमेंट था। जापान में इस मॉडल को सिजलिंग रेज एंड ब्लैक ड्यूल टोन पेंट स्कीम के साथ देखा गया था।




# जनवरी में जीएसटी संग्रह 195506 करोड़ रहा

**नई दिल्ली ।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह जनवरी 2025 में 195506 करोड़ रुपये रहा जो जनवरी 2024 में संग्रिहत 174106 करोड़ रुपये की तुलना में 12.3 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 171653 करोड़ रुपये रहा है जो जनवरी 2024 में संग्रहित 154851 करोड़ रुपये की तुलना में 10.9 प्रतिशत अधिक है। जनवरी 2025 में कुल रिफंड 23853 करोड़ रुपये रहा है जो जनवरी 2024 के रिफंड की तुलना में 23.9 प्रतिशत अधिक है। जनवरी 2025 में सीजीएसटी 36077 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 44942 करोड़ रुपये, आई जीएसटी 101075 करोड़ रुपये रहा है। इसके अतिरिक्त अभिभार 13412 करोड़ रुपये रहा है।

# प्रेस्टीज एस्टेट्स की बिक्री बुकिंग अप्रैल-दिसंबर में 38 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की बिक्री बुकिंग चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर के दौरान 38 प्रतिशत घटकर 10,065.7 करोड़ रुपये रही है। कंपनी ने बताया कि नियामकीय मंजूरी में देरी के कारण वह कम आवासीय परियोजनाएं शुरू कर सकी। बेंगलुरु स्थित प्रेस्टीज एस्टेट्स देश की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में से है। अपनी हालिया निवेशक प्रस्तुति के अनुसार कंपनी ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) के पहले नौ महीनों के दौरान 13,128 रुपये प्रति वर्ग फुट की औसत कीमत पर 80.9 लाख वर्ग फुट क्षेत्र बेचा। बेची गई इकाइयों की संख्या 3,618 थी, जबकि बिक्री मूल्य 10,065.7 करोड़ रुपये और ग्राहकों से संग्रह 8,910.9 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में कुल बिक्री बुकिंग में गिरावट के बावजूद, प्रेस्टीज एस्टेट्स को पूरे वित्त वर्ष में 24,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग मिलने का भरोसा है, क्योंकि घरों की मांग मजबूत बनी हुई है। पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स की बिक्री बुकिंग 63 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 21,040 करोड़ रुपये थी, जो उससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 12,931 करोड़ रुपये थी।

# कहीं महंगा तो कहीं सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

**- ब्रेंट क्रूड का भाव 0.22 डॉलर गिरकर 75.67 डॉलर प्रति बैरल**

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में एक बार फिर से क्रूड ऑयल की कीमतों में रविवार को गिरावट दर्ज की गई। इसी के साथ देश के कई राज्यों में पेट्रोल और डीजल के भाव में बदलाव देखा गया। हालांकि देश के चार प्रमुख महानगरों- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में से तीन में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। वहीं वैश्विक बाजार में 2 फरवरी को डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमत 0.20 डॉलर गिरकर 72.53 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई जबकि ब्रेंट क्रूड का भाव 0.22 डॉलर गिरकर 75.67 डॉलर प्रति बैरल हो गया। इस दौरान आंध्र प्रदेश में पेट्रोल 10 पैसे सस्ता होकर 109.64 और डीजल 10 पैसे गिरकर 97.47 रुपये प्रति लीटर पर आ गया, जबकि अरुणाचल प्रदेश में तेल का भाव क्रमशः 28-26 पैसे टूटकर 90.67-80.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है। केरल में पेट्रोल की कीमत 18 पैसे टूटकर 107.30 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि डीजल का भाव 30 पैसे गिरकर 96.18 रुपये प्रति लीटर हो गया है। मणिपुर में पेट्रोल 6 पैसे सस्ता होकर 99.15 और डीजल 5 पैसे गिरकर 85.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है। उधर मेघालय में पेट्रोल का भाव तीन पैसे गिरकर 96.20 और डीजल 18 पैसे सस्ता होकर 87.73 रुपये प्रति लीटर हो गया है, ओडिशा में पेट्रोल 18 पैसे सस्ता होकर 100.93 और डीजल 18 पैसे गिरकर 92.51 रुपये प्रति लीटर हो गया है, पंजाब में पेट्रोल 7 पैसे गिरकर 97.47 और डीजल 7 पैसे टूटकर 87.96 रुपये प्रति लीटर हो गया है। वहीं तमिलनाडु में तेल का भाव क्रमशः 43-42 पैसे सस्ता होकर 100.80- 92.39 रुपये प्रति लीटर पर आ गया है। इसके अलावा बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में पेट्रोल और डीजल के भाव में हल्की तेजी देखी गई है।

# बजट के ऐलान और आरबीआई के फैसले का शेयर बाजार पर रहेगा असर

**- कच्चे तेल की कीमतें और भू-राजनीतिक घटनाएं भी घरेलू बाजारों को कर सकती हैं प्रभावित**

**मुंबई ।**

बीते सप्ताह 1.7 प्रतिशत चढ़े घरेलू शेयर बाजार पर इस सप्ताह केंद्रीय बजट की घोषणाओं, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय और जनवरी के वाहन बिक्री आंकड़ों का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1315.5 अंक (1.7 प्रतिशत) की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 77505.96 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 389.95 अंक (1.7 प्रतिशत) की बढ़ोतरी लेकर 24382.15 अंक पर बंद हुआ। बीते सप्ताह शनिवार को संसद में वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश किये जाने की वजह से बाजार में छह दिन कारोबार हुआ। शनिवार को बाजार का विशेष सत्र रखा गया था। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मिडकैप 168.65 अंक अर्थात 0.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 42884.28 अंक पर पहुंच गया वहीं स्मॉलकैप 7.71 अंक की मामूली गिरावट लेकर 50099.80 अंक पर सपाट रहा। विश्लेषकों के अनुसार बीते शनिवार को




संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पेश किए गए बजट में की गई घोषणाएं विशेष रूप से आर्थिक सुधार, बुनियादी ढांचे में निवेश और कर नीतियों से संबंधित प्रावधान इस सप्ताह बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगी। साथ ही आरबीआई की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक अगले सप्ताह 05 से 07 फरवरी को होने वाली है। नीतिगत दरों में बदलाव, विशेष रूप से ब्याज दरों में कटौती या तरलता बढ़ाने के उपाय बाजार की चाल पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। इसी तरह जनवरी 2025 के वाहनों की बिक्री का भी बाजार पर असर रहेगा। इनके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों की चाल, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक घटनाएं घरेलू बाजारों को प्रभावित कर सकती हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों पर निवेशकों की नजर रहेगी। हाल के महीनों में एफपीआई द्वारा बाजार से बड़े पैमाने पर पूंजी निकासी देखी गई है। हालांकि, जनवरी सीरीज के अंत में उन्होंने इंडेक्स फ्यूचर्स में अपनी शॉर्ट पोजिशन को कम किया है, जिससे उम्मीद है कि उनकी निकासी की गति धीमी हो सकती है। साथ ही इस सप्ताह डेरिवेटिव्स बाजार के संकेत का भी असर रहेगा। वित्तीय सेवाओं और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में उच्च ओपन इंटरेस्ट देखा गया है, जो इन क्षेत्रों में बढ़ी हुई गतिविधि का संकेत देता है। ये दोनों क्षेत्र निफ्टी में लगभग 50 प्रतिशत का योगदान करते हैं इसलिए इनकी चाल का बाजार पर महत्वपूर्ण प्रभाव होगा। इन कारकों के आधार पर इस सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव की संभावना है।

# हिमाचल प्रदेशः केंद्रीय बजट में आयकर से 1.50 लाख आयकरदाताओं को लाभ

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश में 12 लाख रुपये तक की आय में आयकर की छूट से 1.50 लाख आयकरदाताओं को सीधे लाभ मिलेगा। यह नई आयकर सीमा को बढ़ाने से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। इसमें 80 हजार सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश से 4.20 लाख लोग आयकर भरते हैं, जिसमें से 1.50 लाख ही आयकर देते हैं। आयकर सीमा को बढ़ाने के बाद 40 हजार सरकारी कर्मचारी आयकर मुक्त होंगे। ये आयकर सीमा को बढ़ाने का फोटो पीछे के वर्षों से कर्मचारियों की मांग थी। इस संबंध में सर्व कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि मध्यम वर्ग को अवश्य राहत दी गई है। इस नई पहल से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों को फायदा होगा और उन्हें आयकर भरने में काफी राहत मिलेगी। इस बजट में हिमाचल की रेल परियोजनाओं को लेकर अलग से कोई बजट नहीं आया है, जिससे कुछ लोगों की उम्मीदें भी टूटी हैं। इसके बावजूद आयकर सीमा में की गई यह बड़ी राहत हर किसी के लिए ऐसी है जिसे कोई भी सोच सकता नहीं था। इस प्रकार, नए आयकर सीमा को बढ़ाने से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों को बहुत ही सकारात्मक परिणाम मिलेंगे और उन्हें आर्थिक रूप से देश के विकास में योगदान देने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

# बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजार गिरावट के साथ बंद

**सरसों की नयी फसल की आवक के बीच उसकी कीमतों पर दबाव से सरसों तिलहन में गिरावट को बढ़ावा दिया**

**नई दिल्ली ।**

आम बजट में चिंता जताने और चीजों को बदलने के प्रयासों की घोषणा के बावजूद बीते सप्ताह बिनौला तेल को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहन के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने बताया कि इस गिरावट का मुख्य कारण सरसों की नयी फसल की आवक के बीच उसकी कीमतों पर दबाव है, जिसने सरसों तिलहन में गिरावट को बढ़ावा दिया। किसानों की सचेती और सोयाबीन के डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग प्रभावित रहने से सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम भी गिरावट के साथ बंद हो गए। इसके अलावा, बिनौला खल के दाम टूटने और भारतीय कपास निगम (सीसीआई) द्वारा पहले न्यूनतम समर्थन मूल्य की खरीद लागत से कम दाम पर बिनौला सीड की बिक्री करने से बाकी सभी देशी खल और डीओसी पर दबाव बढ़ गया है। । बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 175 रुपये गिरावट के साथ 6,050-6,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 100 रुपये की गिरावट के साथ 13,050 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये के हानि के साथ क्रमशः 2,240-2,340 रुपये और 2,240-2,365 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 50-50 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,225-4,275 रुपये और 3,925-4,025 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 50 रुपये, 50 रुपये और 100 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 13,200 रुपये, 13,000 रुपये और 9,250 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन का भाव भी 375 रुपये की गिरावट के साथ 5,300-5,625 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव भी क्रमशः 150 रुपये और 25 रुपये की गिरावट के साथ 13,950 रुपये और 2,115-2,415 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए।कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 100 रुपये टूटकर 12,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 150 रुपये टूटकर 13,700 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 100 रुपये टूटकर 12,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।गिरावट के आम रुख के उलट समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल 50 रुपये की तेजी के साथ 12,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# होंडा इंडिया लिमिटेड सिटी और एलिवेट की कीमतों में बढ़ोत्तरी करेगी

**मुंबई ।** होंडा कार इंडिया लिमिटेड ने नई अमेजन की लॉचिंग के साथ अपने सब 4 मीटर गाड़ियों के पोर्टफोलियो में सुधार किया है। ऑटोमेकर्स की होंडा सिटी और एलिवेट भी बाजार में अच्छी पकड़ बनाए हुए है। लेकिन नए साल 2025 में जापानी ऑटोमेकर्स अपनी कारों की कीमत में बढ़ोतरी करने जा रहे हैं। होंडा अपनी कारों की कीमत 20 हजार रुपये तक बढ़ाने वाली है। होंडा सिटी मैनुअल, ऑटोमेटिक और हाईब्रिड इन तीन ट्रांसमिशन के साथ बाजार में शामिल है। होंडा सिटी के मैनुअल वेरिएंट में आठ वेरिएंट बाजार में हैं, इसमें 20 हजार रुपये का इजाफा हुआ है। इस कार के बेस मॉडल एसवी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं हाईब्रिड के तीन मॉडल मार्केट में हैं, जिसमें केवल जेडएक्स वेरिएंट 20 हजार रुपये महंगा हुआ है। ये इस कार का टॉप वेरिएंट भी है। होंडा सिटी की एक्स-शोरूम प्राइस 11.82 लाख रुपये से शुरू होकर 20.75 लाख रुपये तक जाती है। होंडा एलिवेट मैनुअल और ऑटोमेटिक दो ट्रांसमिशन में इंडियन मार्केट में शामिल है। इस कार के मैनुअल में आठ वेरिएंट मौजूद है। होंडा की इस कार के किसी भी मैनुअल वेरिएंट की कीमत को नहीं बढ़ाया गया है। वहीं ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन के साथ इस कार में छह वेरिएंट आते हैं। होंडा एलिवेट की कीमत में बढ़ोतरी से बेस मॉडल की कीमत में इजाफा नहीं हुआ है, लेकिन इसके टॉप मॉडल की कीमत बदल गई है।

# बिहार में 15 फरवरी तक महसूस होगी ठंड






**पटना।** बिहार के 10 जिलों में आज घने कोहरे का यलो अलर्ट है। बाकी 28 जिलों में मौसम सामान्य रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, 15 फरवरी तक ठंड महसूस होगी। इसके बाद मौसम धीरे-धीरे सामान्य हो जाएगा। फिलहाल, 5 और 6 फरवरी को राज्य के कई जिलों में बादल छाए रहेंगे। इसके बाद से हल्की ठंड बढ़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 3 फरवरी को जो पश्चिमी विक्षोभ आने वाला है, वो पहले से ज्यादा ताकतवर है। इससे पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश की संभावना है। 6 फरवरी के बाद पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने से ठंडी हवा उत्तरी बिहार में प्रवेश करेगी। इससे न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी, जिससे रात में अधिक ठंड महसूस होगी। लेकिन कोल्ड-डे जैसी स्थिति नहीं रहेगी। पश्चिमी विक्षोभ के कारण इस सीजन में सबसे कम ठंड मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने 'इस बार बिहार में पिछले साल की तुलना में कम ठंड पड़ी है। इसका सबसे बड़ा कारण कमजोर पश्चिमी विक्षोभ है। इसके कारण दिसंबर के आखिरी हफ्ते और जनवरी में कड़ाके की ठंड नहीं पड़ी। बिहार में कोल्ड वेव और कोल्ड डे जैसी स्थिति काफी कम देखने को मिला है। इस साल किसी भी जिले में न्यूनतम तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक नहीं गया। अभी तक जितने पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण बने हैं, वो कमजोर ही रहा है।' ठंड की साइकिल 15 दिनों तक होती है वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि 'ठंड की साइकिल होती है। आम तौर पर 15 दिनों की साइकिल होती है। जनवरी और फरवरी महीने में कड़ाके की ठंड पड़ती है। इस दौरान अगर बारिश होती तो कोहरा छंट जाता है। धूप निकलने से राहत मिली है। जनवरी में पड़ी कम ठंड मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी में प्रदेश में सबसे ज्यादा औसत अधिकतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस खगड़िया और सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस डेहरी, रोहतास में दर्ज किया गया। इसके अलावा सबसे ज्यादा बारिश 1.6 मिलीलीटर त्रिवेनीगंज (वाल्मीकिनगर) में हुई है।क्या होता है पश्चिमी विक्षोभ अब वो समझिए पश्चिमी विक्षोभ खास तरह का तूफान होता है। ठंड के मौसम में ठंडी हवाएं लेकर आता है, जो मध्य सागर से आती है, क्योंकि वहां पर कम दबाव का क्षेत्र बनता है। इस वजह से हवाओं का एक एंटी साइक्लोनिक सकुर्लेशन बनता है। ऐसे में जब तक यह विक्षोभ एक्टिव रहता है, तब तक हवा की दिशा पूरब से पश्चिम की तरफ हो जाती है। इससे मैदानी इलाकों में तापमान बढ़ जाता है। जैसे ही यह पश्चिमी विक्षोभ दूर होता है। दोबारा हवाओं का रुख पश्चिम से पूरब की तरफ हो जाता है। इसके जाने के बाद दोबारा मैदानी इलाकों में ठंड अचानक से बढ़ जाती है। तापमान बढ़ने से फसलों को नुकसान हो सकता है वहीं, कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि 'तापमान बढ़ रहा है।

अगर ऐसी ही स्थिति रही तो फसलों को नुकसान हो सकता है। हालांकि, अभी कुछ दिनों तक ठंड की सामान्य स्थिति बनी रही तो चना, मसूर, मक्का अच्छा होगा। तेलहन फसलों को भी फायदा होगा।

## छात्रा से छेड़खानी के आरोप में शिक्षक सस्पेंड



**समस्तीपुर।** जिले के मोहिउद्दीन नगर प्रखंड के दुबहा गांव के अपग्रेड हाई स्कूल के शिक्षक सौरव कुमार पर आठवीं कक्षा की छात्रा से छेड़खानी का आरोप लगा है। इस आरोप के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी (DEO) ने उन्हें तुरंत निलंबित कर दिया। यह फैसला प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (BEO) की जांच रिपोर्ट के आधार पर लिया गया, जिसमें मामला सही पाया गया। घटना के बाद गांव में हंगामा मच गया और मोहिउद्दीन नगर पुलिस ने शिक्षक को हिरासत में ले लिया। लेकिन दो दिन तक पीड़ित परिवार की तरफ से कोई शिकायत न मिलने पर पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। परिवार ने कहा- कोई छेड़खानी नहीं हुई मोहिउद्दीन नगर थाना अध्यक्ष ने बताया कि छात्रा के परिवार ने लिखित में दिया है कि छेड़खानी जैसी कोई घटना नहीं हुई। हंगामे के कारण लोग स्कूल में इकट्ठा हो गए थे, लेकिन अभी तक कोई केस दर्ज नहीं किया गया है।

## कमरा खाली नहीं करने पर शिक्षिका को बनाया बंधक



**पूर्णिया।** में शनिवार को रूम खाली नहीं करने पर मकान मालिक ने सरकारी स्कूल की शिक्षिका को कमरे में 2 घंटे तक बंधक बनाकर रखा। टीचर के दोनों हाथ और पैर पिलर से बांध दिया था। उनके साथ मारपीट भी की गई। पीड़िता का सारा सामान घर के बाहर फेंक दिया। खाली कमरे में पीड़िता रो रही थी। खुद को छुड़ाने की गुहार लगा रही थी। मामले की सूचना स्थानीय पत्रकार को मिली। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शिक्षिका को मुक्त कराया। पीड़िता ने बताया कि 'एक महीने से मकान मालिक ने बिजली-पानी बंद कर दिया है। स्कूल भी नहीं जाने देता है। मामले से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। घटना कसबा थाना क्षेत्र के वार्ड-14 के तीनपनिया इलाके की है। 6 महीने से किराए के कमरे में रह रही है शिक्षिका पीड़िता प्राथमिक विद्यालय यासीन टोल की सहायक शिक्षिका हैं। घर खाली करने के लिए वो मकान मालिक से मोहलत मांग रही थी। मकान मालिक इसके लिए तैयार नहीं था। शिक्षिका ने बताया कि 'तीनपनिया इलाके में श्रवण कुमार साह के मकान में पिछले 6 महीने से किराए पर रह रही हूं। मुझ पर जबरन रूम खाली करने का दबाव बनाया जा रहा था। मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा था।' 'शनिवार को स्कूल के लिए निकल रही थी, तभी मकान मालिक श्रवण कुमार साह, उनकी पत्नी रेखा देवी और उनके दोस्त आए। मैं कुछ समझ पाती तब तक उनलोगों ने मोटी रस्सी से मुझे पिलर से बांध दिया। इसके बाद मेरे सारे सामान को फेंक दिया।' वहीं, मकान मालिक की पत्नी ने टीचर पर आरोप लगाया कि वो 4 महीने से रेंट नहीं दे रही थी। पीड़िता के बयान पर मकान मालकिन समेत 6 पर FIR दर्ज पीड़ित शिक्षिका के बयान पर मकान मालिक श्रवण कुमार शाह, उनकी पत्नी रेखा देवी और दोस्त अनिल यादव, उनकी पत्नी रेखा देवी,

## 9वीं का छात्र लड़की के गेटअप में बनाता था रील्स,मौत





**बेगूसराय।** में 17 साल के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। शनिवार को जब वो स्कूल से घर लौटा तो मां ने किसी बात को लेकर उसे डांट दिया। इसके बाद वह अपने कमरे में गया और फंदे से लटक अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान शंभू पंडित के बेटे अंकित कुमार (17) के रूप में की हुई है। वह इंस्टाग्राम, फेसबुक, यू-ट्यूब पर रील्स बनाकर अपलोड करता था। सभी रील्स वह लड़की के गेटअप में बनाता था। इंस्टाग्राम पर अंकित का अकाउंट रानी के नाम से था। आत्महत्या से 2 घंटे पहले भी उसने एक रील बनाकर अपलोड किया था। 'सच बताना आपको जिससे पहली बार प्यार हुआ था, उसका नाम का फर्स्ट लेटर क्या था'... इसी लाइन के साथ उसने अपनी लास्ट रील बनाई थी। घटना नयागांव थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव की है।जब तक लोग पहुंचते, तब तक अंकित की मौत हो चुकी थी पोस्टमॉर्टम कराने आए पड़ोसी पदम पंडित ने बताया कि 'अंकित ने आज फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किसी को उससे कोई शिकायत नहीं थी। घटना के बाद पुलिस को बुलाया गया। ऐसा कहा जा रहा कि घर वालों ने अंकित को डांटा था। बच्चा है तो मां डांटेगी ही। बाकी कोई विशेष बात नहीं है।' कमरा अंदर से बंद था पड़ोसी संतोष कुमार ने बताया कि 'अंकित की मां ने मुझे बुलाया। हम पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद था। गेट खुल नहीं रहा था। गेट तोड़कर देखे तो अंकित फंदे से झूल रहा था। लड़का वीडियो बनाता था। यूट्यूब, इंस्टाग्राम पर वीडियो डालता था।'घर में सिर्फ मां-बेटे ही थे बताया जा रहा कि घटना के वक्त घर में सिर्फ अंकित और उसकी मां रेणु देवी ही थी। अंकित के पिता बाहर नौकरी करते हैं। आत्महत्या के बाद मौके पर नयागांव पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

नयागांव थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि 'घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मामला आत्महत्या का लग रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच-पड़ताल कर रहे हैं, उसके बाद ही कारणों का खुलासा किया जाएगा।'

## सीतामढ़ी की बेटी ने राजस्थान में रचा इतिहास



**सीतामढ़ी।** राजस्थान के प्रतिष्ठित बनस्थली विद्यापीठ के 41वें दीक्षांत समारोह में बिहार के सीतामढ़ी जिले की बेटी अर्पिता राज ने दो स्वर्ण पदक हासिल कर अपने जिले का नाम रोशन किया है। डुम्हारपट्टी गांव की रहने वाली अर्पिता को रानी लक्ष्मीबाई स्वर्ण पदक और डॉ. एमएल बटवाल सुकेश बटवाल स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के चेयरमैन प्रो. टीजी सीताराम ने 30 जनवरी 2025 को आयोजित समारोह में अर्पिता को यह सम्मान प्रदान किया। अर्पिता ने 11वीं और 12वीं कक्षा (2022-2024) में लगातार प्रथम श्रेणी हासिल की। विशेष रूप से, 12वीं कक्षा में राजनीति विज्ञान और इतिहास विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए।पंचायत समिति सदस्य अरविंद चौधरी की पौत्री और रणजीत कुमार मुन्ना की बेटी अर्पिता वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज में राजनीति विज्ञान की छात्रा हैं। से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने वाली अर्पिता का लक्ष्य सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करना है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल परिवार बल्कि पूरे सीतामढ़ी जिले को गौरवान्वित किया है।

## संक्षिप्त डायरी

### नालंदा में रेड क्रॉस सोसाइटी का फ्री हेल्थ चेकअप शिविर



**नालंदा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा नालंदा ने आज 2 फरवरी को बिहार शरीफ स्थित रेड क्रॉस परिसर में सुबह 7:30 से 9:00 बजे तक एक विशेष निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया है। इस अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि इस शिविर में मधुमेह (शुगर) की भी निशुल्क जांच की जाएगी। साथ ही, इस रविवार से होम्योपैथिक चिकित्सा की सुविधा शुरू कर दी गई है, जो आगे नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। फ्री हेल्थ चेकअप शिविर का उद्देश्य राजेश कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें, खासकर उन लोगों तक जो आर्थिक कारणों से नियमित स्वास्थ्य जांच नहीं करवा पाते। हमारी यह पहल स्थानीय नागरिकों को स्वस्थ रहने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करती है और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगी। शिविर में नौ प्रमुख विशेषज्ञ चिकित्सक शिशु रोग विशेषज्ञः डॉ. श्याम बिहारी, वरिष्ठ फिजिशियनः डॉ. उमेश कुमार सिंह और डॉ. वीरेंद्र कुमार, सर्जनः डॉ. आशुतोष कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञः डॉ. अरुण कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञः डॉ. प्रशांत कुमार, दंत चिकित्सकः डॉ. रवि कुमार, फिजियोथैरेपिस्टः डॉ. सुरभि खत्री, होम्योपैथिक चिकित्सकः डॉ. गौतम कुमार शिविर में मरीजों का इलाज करेंगे।

### दरभंगा में जमीनी विवाद को लेकर व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या



**दरभंगा।** के बहेड़ी थाना क्षेत्र के धनौली गांव में जमीनी विवाद के चलते एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना में चार लोग घायल हो गए, जिनका इलाज दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) में चल रहा है। मृतक की पहचान योगेंद्र यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के परिजन की शिकायत के आधार पर दस लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना बहेड़ी के धनौली गांव में 26 जनवरी को ही हुई थी। वहीं, इलाज के दौरान पीएमसीएच में शनिवार की रात 1:30 बजे उनकी मौत हो गई।परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, 26 जनवरी को योगेंद्र यादव अपने खेत का मेड़ बांधने गए थे। उसी समय पड़ोसियों के साथ पहले गाली-गलौज हुई और फिर लाठी-डंडे चलने लगे। इस हमले में योगेंद्र यादव बुरी तरह घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें दरभंगा डीएमसीएच और फिर पीएमसीएच रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान रात 1:30 बजे उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों के अनुसार, हमले में विजय यादव, उदय यादव, लालू यादव, लक्ष्मी यादव और प्रमोद यादव मुख्य रूप से शामिल थे। जिसको लेकर परिजन ने कुल 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बताया गया है कि झगड़े के दौरान लाठी, डंडे और फरसा से हमला किया गया। योगेंद्र यादव को गंभीर चोटें आईं, जिनसे उनकी मौत हो गई। मृतक के भतीजे गंगाराम यादव ने बताया कि खेत का मेड़ लंबे समय से तैयार नहीं किया गया था, जिससे खेत की सीमा का पता नहीं चल रहा था। जब वे लोग आरी दे रहे थे, तभी बिना किसी बातचीत के हमला कर दिया गया। जांच और कार्रवाई बहेड़ी थानाध्यक्ष वरुण कुमार गोस्वामी ने बताया कि मृतक के परिजन सीफैत यादव के आवेदन पर 10 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। इस घटना से मृतक के पुत्र संजय यादव और अन्य परिजन इस घटना से गहरे सदमे में हैं। घायलों का इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। परिवार का कहना है कि जमीन उनके पूर्वजों की है और पानी भरने के कारण खेत की सीमा मिट गई थी, जिसे ठीक करने के दौरान यह विवाद हुआ। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रॉपर्टी डीलर की हत्या का अब तक खुलासा नहीं



**पटना।** के रामकृष्ण नगर में प्रॉपर्टी डीलर सुनील कुमार की हत्या का मामला 11 महीने बाद भी पुलिस के लिए एक पहेली बना हुआ है। 13 मार्च 2023 को संचार कॉलोनी के पास अपराधियों ने घर लौटते समय सुनील कुमार को गोलियों से भून डाला था। मृतक के भाई अनिल कुमार ने तीन बातों को लेकर शंका जताई है। पहला, सुनील का एक महिला मित्र से संबंध था, जिनकी दो बेटियां हैं। दूसरा, वह जमीन कारोबार के साथ-साथ पैसों का लेन-देन भी करते थे। तीसरा, गांव की जमीन से जुड़ा विवाद भी हत्या का कारण हो सकता है। पुलिस ने इस मामले में अब तक एक दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की है और कई संदिग्धों के मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर रखा है। इतनी जांच के बावजूद भी अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। पिपरा निवासी सुनील कुमार की हत्या के पीछे का सच अभी भी अनसुलझा है, जबकि परिवार न्याय की आस में है।जल्द ही मामले का होगा खुलासा : पुलिस वहीं इस मामले को लेकर रामकृष्ण नगर थाना प्रभारी अवध किशोर सिंह ने बताया कि अब तक इस मामले में एक दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। सुनील की महिला मित्र उनकी दो बेटी, आसपास के दुकानदार सहित जो लोग भी घटना में शक के दायरे में रहे हैं। इसके बाद भी हत्यारों तक पुलिस अभी तक नहीं पहुंची है। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच प्रभावित होने को लेकर कई बातों को मीडिया से शेयर नहीं कर सकती है।

उन्होंने बताया कि कई लोगों का मोबाइल भी सर्विलांस पर रखा गया।

## बीमारी में पहला पैर कटा, अब दूसरा भी कटने वाला

### स्पाइना बिफिडा से जूझ रही 26 साल की कोमल; 140 बच्चों का संवार रही फ्यूचर





**बेगूसराय।** की कोमल (26) स्पाइना बिफिडा क्लब फुट बीमारी से जूझ रही हैं। उनका एक पैर काटना पड़ा है। डॉक्टरों का कहना है कि दूसरे पैर भी काटना होगा। अपनी बीमारी से लड़ते हुए कोमल गांव के 140 बच्चों का जीवन संवारने में लगी हैं, उनकी चाहत है कि एक अच्छी शिक्षिका बने। कोमल के पिता बताते हैं कि 15 जनवरी 1999 उनके घर तीसरी संतान के रूप में जन्म लिया था। घर में काफी खुशी का माहौल था। माता-पिता इतने खुश थे कि फूल सी बच्ची का नाम कोमल रखा, लेकिन कुछ महीने होते ही पता चला कि कोमल दिव्यांग हैं। जैसे-जैसे कोमल की उम्र बढ़ने लगी, उनकी बीमारी भी सामने आने लगी। वह घसीट कर किसी तरह से चलकर गांव के हाई स्कूल जाती थीं, जहां से उन्होंने मैट्रिक किया। हाई स्कूल के बाद कोमल ने MRJD कॉलेज से इंटर किया, फिर GD कॉलेज से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन और पीजी की डिग्री हासिल की।अब शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही है। कोमल का लक्ष्य है टीचर बनना और उसके बाद लेक्चरर बनना। दिव्यांगता कोमल पर हावी न हो, इसके लिए उसने 2015 में इंटर पास करने के बाद से अपने गांव के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाना शुरू कर दिया था। डॉक्टरों ने बताया- कोमल को स्पाइना बिफिडा क्लब फुट बीमारी है कोमल के पिता बताते हैं कि 'जब बेटी का जन्म हुआ था, तब साल-डेढ़ साल के बाद वो अपने पैर जमीन पर नहीं रख पाती थी। कोमल के पैर में घाव हो जाते थे। जब कोमल करीब 7 साल की हुई, तब उसके इलाज के लिए दिल्ली AIIMS गए।' 'डॉक्टरों ने बताया कि आपकी बेटी को स्पाइना बिफिडा क्लब फुट नाम की बीमारी है। उपचार न किए जाने पर वह गंभीर स्थिति में पहुंच जाती है। एड़ी और पैर में अल्सर हो जाते, जो क्रोनिक ऑस्टियोमाइलाइटिस में बदल जाता है। डॉक्टर ने कह दिया कि वह कभी अपने पैर पर चल नहीं सकती है।' इसी बीच बीएड में एक इंटर्नशिप के दौरान मध्य विद्यालय रतौली में कोमल की मुलाकात VMCT के डॉ. रमण कुमार झा से हुई। उन्होंने देश-विदेश के डॉक्टर से संपर्क किया और निर्णय लिया गया कि पैर काटने के सिवा कोई विकल्प नहीं है। 2022 में कोमल का एक पैर काटा गया, दूसरा भी काटने की तैयारी कोमल बताती हैं कि 'साल 2021 में इंटर्नशिप के दौरान मेरी तबीयत बहुत बिगड़ रही थी, घर में शादी का माहौल था। मेरी छोटी बहन की शादी होनी थी और मैं अपने पापा को बताकर परेशान नहीं करना चाहती थी। एक दिन अचानक पता नहीं मेरे मन में कई सवाल थे, मैंने रमन सर को अपना पैर दिखाया। वह मेरा पैर देखकर बहुत चिंतित हुए। अपने स्तर से उन्होंने देश-विदेश के डॉक्टर से संपर्क किया। फिर कन्क्लूजन निकला कि पैर को काटना पड़ेगा। यह सब सुनकर मेरे अंदर और सुनने समझने की शक्ति नहीं बची थी, मैं शक्तिहीन हो चुकी थी। 20 दिसंबर 2022 को पैर का ऑपरेशन हुआ। बेगूसराय के ही अस्पताल में बायां पैर काट दिया गया। अब दायां पैर काटने की भी तैयारी है।' फिलहाल, कोमल अपने घर से 100 मीटर की दूरी पर करीब 140 बच्चों को मामूली फीस लेकर पढ़ाती हैं। कोमल के घर में मम्मी-पापा के अलावा, एक भाई है, जबकि दो बड़ी बहनों और एक छोटी बहन की शादी हो चुकी है। कोमल कहती है कि 'जब तक सरकारी नौकरी नहीं पा लेगी, शादी नहीं करेगी।'डॉ. रमन झा ने बताया, 'कोमल एक ऐसी शख्सियत है, जो उन करोड़ों लोगों में मिसाल बन सकती हैं, जिन्होंने अपनी हिम्मत खो दी है। यूं कहें कि अपनी जिंदगी से हार गए हैं। मेरी मुलाकात कोमल से उनके बीएड इंटर्नशिप के दौरान हुई थी।उस समय कोमल के जो हालात थे, उस हालात में किसी के लिए भी सर्वाइव करना मुश्किल होता है, लेकिन उस लड़की ने कभी ऐसा सोचा ही नहीं और आगे बढ़ती गई।

उसके पैर के घाव की वजह से हालात इतने बिगड़ते गए कि लास्ट में पैर कटवाना पड़ा।

उसके बावजूद उसने हिम्मत नहीं हारी।'




# क्यों की जाती है वसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजा



बसंत पंचमी का त्योहार हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। यह त्योहार ज्ञान की देवी माँ सरस्वती को समर्पित है। इस दिन माँ सरस्वती की पूजा की जाती है और उन्हें पीले रंग के फूल और भोग अर्पित किए जाते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, बसंत पंचमी माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि के दिन मनाई जाती है। साल 2025 में, यह तिथि 2 फरवरी को सुबह 9 बजकर 14 मिनट से शुरू होगी और 3 फरवरी को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी। तिथि के अनुसार, बसंत पंचमी 3 फरवरी 2025 को मनाई जाएगी।

## वसंत पंचमी का महत्व

भारतीय पंचांग में 6 ऋतुएं होती हैं। इनमें से वसंत को 'ऋतुओं का राजा' कहा जाता है। वसंत फूलों के खिलने और नई फसल के आने का त्योहार है। ऋतुराज वसंत का बहुत महत्व है। ठंड के बाद प्रकृति की छटा देखते ही बनती है।

इस मौसम में खेतों में सरसों की फसल पीले फूलों के साथ, आमों के पेड़ों पर आए फूल (मौर या बौर), चारों तरफ हरियाली और गुलाबी ठंड मौसम को और भी खुशनुमा बना देती है। यदि सेहत की दृष्टि से देखा जाए तो यह मौसम बहुत अच्छा होता है। इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों में नई चेतना का संचार होता है। इस ऋतु को काम बाण के लिए भी अनुकूल माना जाता है।

यदि हिन्दू मान्यताओं के मुताबिक देखा जाए तो इस दिन देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। यही कारण है कि यह त्योहार हिन्दुओं के लिए बहुत खास है। इस त्योहार पर पवित्र नदियों में लोग स्नान आदि करते हैं और इसके साथ ही वसंत मेले आदि का भी आयोजन किया जाता है। सृष्टि की रचना करते समय ब्रह्माजी ने मनुष्य और जीव-जंतु योनि की रचना की। इसी बीच उन्हें महसूस हुआ कि कुछ कमी रह गई है जिसके कारण सभी जगह सन्नाटा छाया रहता है। इस पर ब्रह्माजी ने अपने कमंडल से जल छिड़का जिससे 4 हाथों वाली एक सुंदर स्त्री, जिसके एक हाथ में वीणा थी तथा दूसरा हाथ वरमुद्रा में था तथा अन्य दोनों हाथों में पुस्तक और माला थी, प्रकट हुई।

ब्रह्माजी ने वीणावादन का अनुरोध किया जिस पर देवी ने वीणा का मधुर नाद किया। जिस पर संसार के समस्त जीव-जंतुओं में वाणी व जलधारा कोलाहल करने लगी तथा हवा सरसराहट करने लगी। तब ब्रह्माजी ने उस देवी को 'वाणी की देवी सरस्वती' का नाम दिया। मां सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादिनी और वाग्देवी आदि कई नामों से भी जाना जाता है। ब्रह्माजी ने माता सरस्वती की उत्पत्ति वसंत पंचमी के दिन की थी। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष वसंत पंचमी के दिन ही देवी सरस्वती का जन्मदिन मानकर पूजा-अर्चना की जाती है।

## सरस्वती व्रत की विधि

वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा करनी चाहिए। प्रात :काल सभी दैनिक कार्यों से निवृत्त होने के उपरांत मां भगवती सरस्वती की आराधना का प्रण लेना चाहिए। इसके बाद दिन के समय यानी पूर्वाह्न काल में स्नान आदि के बाद भगवान गणेशजी का ध्यान करना चाहिए। स्कंद पुराण के अनुसार सफेद पुष्प, चंदन, श्वेत वस्त्रादि से देवी सरस्वतीजी की पूजा करना चाहिए। सरस्वतीजी का पूजन करते समय सबसे पहले उनको स्नान कराना चाहिए। इसके पश्चात माता को सिन्दूर व अन्य श्रृंगार की सामग्री चढ़ाएं। इसके बाद फूलमाला चढ़ाएं।

## देवी सरस्वती का मंत्र

मिठाई से भोग लगाकर सरस्वती कवच का पाठ करें। मां सरस्वतीजी के पूजा के वक्त इस मंत्र का जाप करने से असीम पुण्य मिलता है।

'श्री ह्रीं सरस्वत्यै स्वाहा'।

मां सरस्वती का श्लोक - मां सरस्वती की आराधना करते वक्त इस श्लोक का उच्चारण करना चाहिए-

*ऊँ श्री सरस्वती शुक्लवर्णां सस्मितां सुमनोहराम।।*
*कोटिचंद्रप्रभामुष्टपुष्टश्रीयुक्तविग्रहाम।*
*वह्निशुद्धां शुकाधानां वीणापुस्तकमधारिणीम।।*
*रत्नसारेन्द्रनिर्माणनवभूषणभूषिताम।*
*सुपूजितां सुरगणैब्रह्मविष्णुशिवादिभि:।।*
*वन्दे भक्तया वन्दिता च।*

**विशेष उपाय-** आपका बच्चा यदि पढ़ने में कमजोर है तो वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा करें एवं उस पूजा में प्रयोग की हल्दी को 1 कपड़े में बांधकर बच्चे की भुजा में बांध दें। मां सरस्वती को 'वाणी की देवी' कहा माना जाता है इसलिए मीडिया, एंकर, अधिवक्ता, अध्यापक व संगीत आदि के क्षेत्र से जुड़े लोगों को वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा जरूर करनी चाहिए। माता सरस्वती की पूजा-अर्चना आदि करने से मन शांत होता है व वाणी में अच्छा निखार आता है। यदि आप चाहते हैं कि आपके बच्चे परीक्षा में अच्छे नंबर लाएं तो आप अपने बच्चे के कमरे में मां सरस्वती की तस्वीर अवश्य लगाएं। जो लोग बहुत ही तीखा बोलते हैं जिस कारण उनके बने-बनाए काम भी बिगड़ जाते हैं, उन लोगों को मां सरस्वती की पूजा अवश्य करनी चाहिए।



# क्यों की जाती है गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की पूजा?

हिन्दू माह के अनुसार नवरात्रि वर्ष में चार पवित्र माह में आती है। यह चार माह है - माघ, चैत्र, आषाढ और अश्विन। चैत्र माह की नवरात्रि को बड़ी नवरात्रि और अश्विन माह की नवरात्रि को छोटी नवरात्रि कहते हैं।दरअसल, बड़ी नवरात्रि को बसंत नवरात्रि और छोटी नवरात्रि को शारदीय नवरात्रि कहते हैं। दोनों के बीच 6 माह की दूरी है। बाकी बची दो आषाढ़ और माघ माह की नवरात्रि को गुप्त नवरात्रि कहते हैं।

## नवरात्रि की 9 देवियां हैं

शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री। यह सभी माता सती-पार्वती और अम्बिका के ही रूप हैं।

## गुप्त नवरात्रि की देवियां

1.काली, 2.तारा, 3.त्रिपुरसुंदरी, 4.भुवनेश्वरी, 5.छिन्नमस्ता, 6.त्रिपुरभैरवी, 7.धूमावती, 8.बगलामुखी, 9.मातंगी और 10.कमला। उक्त दस महाविद्याओं का संबंध अलग अलग देवियों से हैं।

प्रवृति के अनुसार दस महाविद्या के तीन समूह हैं। पहला - सौम्य कोटि (त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, मातंगी, कमला), दूसरा - उग्र कोटि (काली, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी), तीसरा - सौम्य-उग्र कोटि (तारा और त्रिपुर भैरवी)।

दस महाविद्याओं की पूजा : वैसे तो गुप्त नवरात्रि में भी उन्हीं नौ माताओं की पूजा और आराधना होती है लेकिन यदि कोई अघोर साधान करना चाहे तो दस महाविद्या में से किसी एक की साधना करता है जो गुप्त नावरात्रि में सफल होती है। गुप्त नवरात्रि विशेषकर तांत्रिक क्रियाएं, शक्ति साधना, महाकाल आदि से जुड़े लोगों के लिए विशेष महत्त्व रखती है। इस दौरान देवी भगवती के साधक बेहद कड़े नियम के साथ व्रत और साधना करते हैं। इस दौरान लोग लंबी साधना कर दुर्लभ शक्तियों की प्राप्ति करने का प्रयास करते हैं। भगवान विष्णु शयन काल की अवधि के बीच होते हैं तब देव शक्तियां कमजोर होने लगती हैं। उस समय पृथ्वी पर रुद्र, वरुण, यम आदि का प्रकोप बढ़ने लगता है इन विपत्तियों से बचाव के लिए गुप्त नवरात्र में मां दुर्गा की उपासना की जाती है।

# वसंत पंचमी के दिन किए जाते हैं ये खास 10 कार्य

हिन्दू मान्यता के अनुसार वसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त माना जाता है। इस दिन बिना मुहूर्त जाने शुभ और मांगलिक कार्य किए जाते हैं। वसंत पंचमी परंपरागत त्योहार होने के कारण कई प्राचीन मान्यताएं भी समाज में हैं। आइए जानते हैं किन खास दिनों का पर्व हैं वसंत पंचमी-

- वसंत पंचमी के दिन को मां सरस्वती के जन्मोत्सव के रूप में मनाते हैं।
- यह दिन वसंत ऋतु के आरंभ का दिन होता है।
- इस दिन बच्चों को पहला अक्षर लिखना सिखाया जाता है। नव बालक-बालिका इस दिन से विद्या का आरंभ करते हैं।
- पितृ तर्पण किया जाता है।
- कामदेव की पूजा की जाती है।
- संगीतकार अपने वाद्ययंत्रों का पूजन करते हैं।
- स्कूलों और गुरुकुलों में सरस्वती और वेद पूजन किया जाता है।
- विद्या की देवी सरस्वती और ग्रंथों का पूजन किया जाता है।
- इस दिन पहनावा भी परंपरागत होता है। पुरुष कुर्ता-पाजामा में और स्त्रियां पीले या वासंती रंग की साड़ी पहनती हैं।
- गायन और वादन सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं जो सरस्वती मां को अर्पित किए जाते हैं।

## वसंत पंचमी के दिन नील सरस्वती पूजने से होती है धन की वृद्धि

शास्त्रों में वर्णित है कि वसंत पंचमी के दिन ही शिव जी ने मां पार्वती को धन और सम्पन्नता की अधिष्ठात्री देवी होने का वरदान दिया था। उनके इस वरदान से मां पार्वती का स्वरूप नीले रंग का हो गया और वे 'नील सरस्वती' कहलाईं। वसंत पंचमी के दिन नील सरस्वती का पूजन करने से धन और सम्पन्नता से सम्बंधित समस्याओं का समाधान होता है। वसंत पंचमी की संध्याकाल को 'ऐं ह्रीं श्रीं नील सरस्वत्यै नम:' मंत्र का जाप कर गौ सेवा करने से धन वृद्धि होती है। उज्जैन में सरस्वती देवी की एक प्रतिमा सिंहपुरी क्षेत्र में बिजासन माता मंदिर के सामने प्रतिष्ठित हैं। जिन्हें सभी भक्त बरसों से स्याही अर्पित करते हैं। मान्यता है कि वही नील सरस्वती है।

# वसंत पंचमी पर राशि अनुसार पढ़ें सरस्वती मंत्र

गुप्त नवरात्रि में पंचमी के दिन अर्थात माघ शुक्ल पंचमी के दिन मां सरस्वती का जन्म हुआ था। इस दिन से वसंत ऋतु प्रारंभ होती है। इस दिन को वसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है।

इस दिन ज्ञानदायिनी मां सरस्वती की पूजा की जाती है। विद्यार्थी वर्ग को इस दिन माता का पूजन कर श्रेष्ठ ज्ञान प्राप्त करने के लिए सरस्वती आराधना करना चाहिए। इस दिन यदि अपनी राशि अनुसार मंत्र का जाप करें, तो अनन्य फल प्राप्त होता है। ज्ञानदायिनी मां सरस्वती विशेष बुद्धि और विद्या का वरदान दें, इस प्रकार कामना करते हुए आराधना करें.

मेष- ऊँ महाभद्रायै नम:।
वृषभ- ऊँ महापातक नाशिन्यै नम:। मिथुन- ऊँ महाविद्यायै नम:। कर्क- ऊँ शिवानुजायै नम:। सिंह- ऊँ सुनासायै नम:। कन्या- ऊँ दिव्यांगाय नम:। तुला- ऊँ मालिन्यै नम:। वृश्चिक- ऊँ विश्वायै नम:। धनु- ऊँ सौदामिन्यै नम:। मकर- ऊँ वाग्देव्यै नम:। कुंभ- ऊँ तीव्रायै नम:। मीन-ऊँ शारदे नम:।





# आ रही है वसंत पंचमी क्या करें विद्यार्थी

वसंत पंचमी सभी के लिए महत्व रखती है। वसंत पंचमी पर विद्यार्थियों को माता सरस्वती की आराधना अवश्य करनी चाहिए। जो लोग सरस्वती के कठिन मंत्र का जप नहीं कर सकते उनके लिए प्रस्तुत है मां सरस्वती के सरल मंत्र। वसंत पंचमी में इस मंत्र का पाठ करने से विद्या और बुद्धि में वृद्धि होती है।

ऊँ शारदा माता ईश्वरी मैं नित सुमरि तोय हाथ जोड़ अरजी करूं विद्या वर दे मोय।'

मां सरस्वती का सुप्रसिद्ध मंदिर मैहर में स्थित है। मैहर की शारदा माता को प्रसन्न करने का मंत्र इस प्रकार है।

ऊँ शारदा शारदांभौजवदना, वदनाम्बुजे।
सर्वदा सर्वदास्माकमं सन्निधिमं सन्निधिमं क्रियात।'

शरद काल में उत्पन्न कमल के समान मुखवाली और सब मनोरथों को देने वाली मां शारदा समस्त समृद्धियों के साथ मेरे मुख में सदा निवास करें।

सरस्वती का बीज मंत्र 'क्लीं' है। शास्त्रों में क्लींकारी कामरूपिण्यै यानी 'क्लीं' काम रूप में पूजनीय है।

नीचे दिए गए मंत्र से मनुष्य की वाणी सिद्ध हो जाती है। समस्त कामनाओं को पूर्ण करने वाला यह मंत्र सरस्वती का सबसे दिव्य मंत्र है।

**सरस्वती गायत्री मंत्र** : ऊँ वागदैव्यै च विद्महे कामराजाय धीमहि। तन्नो देवी प्रचोदयात।

इस मंत्र की 5 माला का जाप करने से साक्षात मां सरस्वती प्रसन्न हो जाती हैं तथा साधक को ज्ञान-विद्या का लाभ प्राप्त होना शुरू हो जाता है। विद्यार्थियों को ध्यान करने के लिए त्राटक अवश्य करना चाहिए। 10 मिनट रोज त्राटक करने से स्मरण शक्ति बढ़ती है। एक बार अध्ययन करने से कंठस्थ हो जाता है।

# वसंत पंचमी दिन कैसे चमकाएं भाग्य 12 राशियों के लिए उपाय

हिंदू पंचांग के अनुसार, बसंत पंचमी माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि के दिन मनाई जाती है। साल 2025 में, यह तिथि 2 फरवरी को सुबह 9 बजकर 14 मिनट से शुरू होगी और 3 फरवरी को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी। तिथि के अनुसार, बसंत पंचमी 3 फरवरी 2025 को मनाई जाएगी।

- मेष राशि- भगवान हनुमान की पूजा कर उनके बाएं चरण का सिन्दूर लेकर वसंत पंचमी से नित्य तिलक करें तथा हनुमान चालीसा का पाठ करें। विद्या व बुद्धि के लिए 'ऐं' का जप करें।
- वृषभ राशि- इमली के पत्ते 22 नग लेकर 11 पत्ते माता सरस्वती के यंत्र या चित्र पर चढ़ाएं। 11 पत्ते अपने पास सफेद वस्त्र में लपेटकर रखें, सफलता मिलेगी।
- मिथुन राशि- भगवान गणेश का यथा उपचार-पूजन कर यज्ञोपवीत चढ़ाएं तथा 21 दूर्वादल के अंकुर 21 बार 'ऊँ गं गणपतये नम:' का जप कर चढ़ाएं। विद्या प्राप्ति के विघ्न दूर होंगे।
- कर्क राशि- माता सरस्वती के यंत्र या चित्र पर 'ऊँ ऐं सरस्वत्यै नम:' जप कर आम के बौर चढ़ाएं।
- सिंह राशि - 'ऊँ ऐं नम:' गायत्री मंत्र 'नमो ऐं' से संपुटित कर जपें, लाभ होगा।
- कन्या राशि - पुस्तक, ग्रंथ इत्यादि दान करें तथा 'ऊँ ऐं नम:' का जप करें।
- तुला राशि -पुस्तक ग्रंथ तथा सफेद वस्त्र किसी ब्राह्मण कन्या को पूजन कर दान करें तथा श्वेत मिठाई खिलाएं। 'ऊँ ऐं नम:' का जप करें।
- वृश्चिक राशि - माता सरस्वती का पूजन कर श्वेत रेशमी वस्त्र चढ़ाएं तथा कन्याओं को दूध से बनी मिठाई खिलाएं। 'ऊँ ऐं सरस्वत्यै नम:' का जप करें।
- धनु राशि - माता सरस्वती का पूजन करें तथा श्वेत चंदन चढ़ाएं, श्वेत वस्त्र दान करें।
- मकर राशि - सूर्योदय के पहले ब्राह्मी नामक औषधि का सेवन कर 'ऊँ ऐं सरस्वत्यै नम:' से मंत्रित कर पी लें। सफलता कदम चूमेगी।
- कुंभ राशि - माता सरस्वती का पूजन कर कन्याओं को खीर खिलाएं तथा 'ऊँ ऐं नम:' जपें।
- मीन राशि - अपामार्ग की जड़ शास्त्रीय तरीके से निकालकर पुरुष अपनी दाहिनी भुजा तथा स्त्री अपनी बाईं भुजा पर 'ऊँ ऐं सरस्वत्यै नम:' की 11 माला, स्फटिक माला से कर सफेद वस्त्र में बांधकर धारण करें।

ऐसे व्यक्ति जिन्हें अपनी राशि इत्यादि के बारे में शंका या भ्रम हो, वे स्फटिक माला से यथाशक्ति 'ऊँ ऐं सरस्वत्यै नम:' का जप कर कन्याओं को दूध से बनी मिठाई खिलाएं।



# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार जीता अंडर 19 टी20 विश्व कप

## तृषा को प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज का अवार्ड

**क्वालालंपुर (एजेंसी)।** निकी प्रसाद की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में 9 विकेट से हराकर अंडर 19 टी20 विश्व कप खिताब जीत लिया है। ये लगातार दूसरी बार है जब भारतीय टीम ने ये खिताब जीता है। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने शेफाली वर्मा की कप्तानी में साल 2023 के पहले ही संस्करण में खिताब जीता था।

इस मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 82 रन बनाये। इस प्रकार भारतीय टीम को जीत के लिए 83 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने 11.2 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाकर हासिल कर लिया। भारतीय टीम की ओर से तृषा और कमालिनी ने अच्छी शुरुआत पर कमालिनी 8 रन बनाकर आउट हुई। ऐसे में तृषा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंदों में 44 रन की पारी खेली। तृषा के अलावा सानिका




चालके ने 22 गेंदों में 26 रन बनकार भारतीय टीम को जीत दिला दी।

तृषा ने फाइनल में ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने तीन विकेट लेने के अलावा नाबाद 44 रन भी बनाए। तृषा ने इस टूर्नामेंट में एक शतक भी लगाया था।

ऐस में उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज का भी अवार्ड मिला।

इससे पहले खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी फ्लॉप रही। उसका कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेमा बोथ 16 रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गयीं। इसके बाद सिमोन लॉरेंस भी खात खोले बिना ही परुणिका का शिकार बनी। . तीसरे नंबर पर आई डायरा रामलकन को आयुषी शुक्ला ने आउट किया। कप्तान रेनेकी भी 7 रन ही बना पायी। इस प्रकार पूरी टीम 82 रनों पर ही सिमट गयी। ऐसे में भारतीय टीम को जीत के लिए 84 रनों का लक्ष्य मिला। इस मैच में भारतीय टीम की ओर से तृषा ने कुल 3 विकेट लिए। वहीं वैष्णवी , आयुषी शुक्ला और परुणिका सिसोदिया ने 2-2 विकेट लिए। शबनक शकील ने एक विकेट लिया।

इस मैच में तृषा की गेंदबाजी कमाल की रही। तृषा ने 4 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट लिए। इसमें से अंतिम दो विकेट के लगातार दो गेंदों पर गिरे। तृषा ने इस टूर्नामेंट में एक शतक लगाया था।

# चैंपियंस ट्रॉफी में वरुण चक्रवर्ती के शामिल होने की उम्मीदें बढ़ी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही 5 मैचों की टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी फिरकी ने इंग्लिश बल्लेबाजों को परेशान कर दिया और वह विकेट लेने वालों की सूची में सबसे ऊपर चल रहे हैं। चक्रवर्ती ने सीरीज के तीसरे मैच में इतिहास रचते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच द्विपक्षीय सीरीज में 10 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड बनाया। अब तक चार मैचों में उनके नाम 12 विकेट दर्ज हो चुके हैं, और उनके द्वारा इस प्रदर्शन ने उनकी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में जगह बनाने की उम्मीदों को और मजबूत किया है।

भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की टीम में चार स्पिनरों को चुना गया है, जिनमें रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और रवि बिश्नोई शामिल हैं। हालांकि, यह टीम अस्थायी है और आईसीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार, टीमों को 11 फरवरी तक अपनी अंतिम टीम की घोषणा करनी होगी। अगर इस समय के दौरान कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाता है या किसी अन्य कारण से टीम में बदलाव किया जाता है, तो वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल किया जा सकता है। पिछले साल 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के दौरान अक्षर पटेल को अस्थायी टीम में जगह मिली थी, लेकिन टूर्नामेंट से पहले वह चोटिल हो गए थे और उनकी जगह रविचंद्रन अश्विन को अंतिम टीम में शामिल किया गया था।

वरुण चक्रवर्ती का इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में प्रदर्शन यह साबित करता है कि वह किसी भी मौके पर खुद को साबित करने के लिए तैयार हैं। उनके द्वारा लगातार विकेट लेने की क्षमता और दबाव में ठंडा दिमाग रखने की काबिलियत को देखते हुए यह उम्मीद जताई जा रही है कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में किसी तरह का बदलाव होता है, तो वरुण को एक मौका जरूर मिलेगा। अब यह देखना होगा कि उनका यह शानदार प्रदर्शन उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में स्थान दिलाने में सफल होता है या नहीं।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत की टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा।

# बीसीसीआई ने मंधाना को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर का अवार्ड दिया



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर का अवार्ड सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को मिला है। मंधाना ने साल 2024 में 57.46 की औसत से 747 रन बनाए। उन्होंने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए एक कैलेंडर वर्ष में चार एकदिवसीय शतक बनाए, जो महिलाओं के खेल में एक नया रिकॉर्ड है। इस बल्लेबाज को इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वर्ष की महिला एकदिवसीय क्रिकेटर का पुरस्कार भी दिया गया था।आईसीसी के अनुसार मंधाना ने कठिन हालातों भी रन बनाए। मंधाना ने जून 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3-0 से सीरीजी जीतने के दौरान शतक लगाए। अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी उन्होंने शतक लगाया। इसके बाद दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में शतक लगाया।मंधाना के नाम एक कैलेंडर वर्ष में 13 पारियों में 747 रन हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 95.15 रही है। इस वर्ष उन्होंने सौ से अधिक बार बाउंड्री भी लगाई।

# बीसीसीआई ने सचिन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक समारोह में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को कर्नल सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया है। बीसीसीआई ने सचिन को पुरस्कार देने की घोषणा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर की है। बीसीसीआई की इस पोस्ट में सचिन की तस्वीर साझा करते हुए लिखा गया है कि उन्होंने क्रिकेट प्रशंसकों को जश्न मनाने का कई बार अवसर दिया। तेंदुलकर को प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए बहुत-बहुत बधाई हो। वहीं ये पुरस्कार हासिल करने के बाद सचिन ने कहा कि मैं बीसीसीआई ने हमेशा ही मेरी सहायता की है। इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाने के लिए मैं बीसीसीआई का आभारी हूं। सचिन ने 200 मैच खेलते हुए टेस्ट में 15,921 रन बनाये हैं। उकना औसतः 53.78, शतकः 51, अर्धशतकः 68 और सबसे अधिक , स्कोरः 248 रन रहा है।

वहीं एकदिवसीय क्रिकेट में सचिन के नाम 463 मैच हैं। इसमें उन्होंने 44.83 के औसत से 18,426, रन बनाये हैं। इसमें 49 शतक और 96 अर्धशतक हैं।



उनका सबसे ज्यादा स्कोर 200 रन रहा है। उन्हें एक ही टी20 मैच खेलने को मिला। जिसमें उन्होंने 10.00 के औसत से 10 रन बनाये थे। वहीं प्रथम श्रेणी के 310 मैचों में उनके नाम 25,396 रन हैं।

## लियोन सबसे अधिक विकेट लेने वाले 7वें गेंदबाज बने, अश्विन को पीछे छोड़ा

गॉल ।ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में सात विकेट लेने के साथ ही अपनी टीम को जीत दिलाने के अलावा एक बड़ी उपलब्धि भी अपने नाम की है। पारी और 242 रन की बड़ी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।नाथन ने मैच में सात विकेट लीं और भारतीय पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।लियोन के अब 546 विकेट हो गये हैं और टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में 7वें स्थान पर पहुंच गये हैं।लियोन ने हाल ही में संन्यास लेने वाले भारतीय टीम के स्पिनर आर अश्विन को पीछ छोड़ा। अश्विन के 537 विकेट हैं और वह आठवें नंबर पर खिसक गये हैं।अश्विन ने गत माह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान संन्यास की घोषणा कर की थी।टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट 800 श्रीलंका के मुथैय्या मुरलीधरन के नाम हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वार्न 708 विकेट लेकर दूसरे और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन 704 विकेट लेकर तीसरे नंबर पर हैं।भारत के अनिल कुंबले 619 विकेट लेकर चौथे, इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड 563 विकेट लेकर पांचवे नंबर पर हैं।

# बीसीसीआई ने बुमराह को सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर का अवार्ड दिया

मुंबई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसी) ने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर के अवार्ड से सम्मानित किया है। बुमराह को 2023-24 के लिए वर्ष का सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) घोषित किया गया है। बुमराह को इससे पहले आईसीसी के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर का अवार्ड भी मिला था। उन्होंने टी20 विश्वकप में भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।उनके 15 विकेट और निर्णायक मैच जिताने वाले स्पैल ने भारत को 17 साल बाद टी20 विश्व कप जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी रहे।टेस्ट में उन्होंने साल 2024 के 13 मैचों में सबसे अधिक 71 विकेट लिए थे। वहीं महान ऑलराउंडर कपिल देव ने एक कैलेंडर वर्ष में लाल गेंद क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लिए हैं।बुमराह को पाली उमरीगर पुरस्कार मिला है। उन्हें इससे पहले 2018-19 और 2021-22 सीज़न में भी ये सम्मान मिला था।बुमरहा ने ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे अधिक 32 विकेट लिए थे। अपने शानदार प्रदर्शन से उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी मिला था।आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर कायम बुमराह आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते नजर आएंगे।



# आईएमएल में अपने-अपने देशों को प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगें युवराज, जेपी डुमिनी और उपुल तरंगा

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के शानदार बल्लेबाजों में से एक युवराज सिंह, अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) के पहले सीजन में इंडिया मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले हैं, जो 22 फरवरी से 16 मार्च तक होगा। युवराज 2007 में पहले आईसीसी टी20 विश्व कप में भारत की जीत के मुख्य वास्तुकारों में से एक थे, इसके दौरान उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। उन्होंने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2011 में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां उन्हें उनके बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया था।

इस पर युवराज सिंह ने कहा, सचिन और मेरे अन्य साथियों के साथ मैदान पर उतरना गौरवशाली दिनों को फिर से जीने जैसा अनुभव होगा है। उन सभी के साथ खेलना बहुत सारी पुरानी यादें वापस लाता है। मेरे



लिए, आईएमएल उस युग को श्रद्धांजलि है, जो कि भारतीय क्रिकेट को परिभाषित किया, और मैं उन सभी प्रशंसकों के लिए कुछ और अविस्मरणीय यादें बनाने का इंतजार नहीं कर सकता, जिन्होंने वर्षों से हमारा समर्थन किया है।

आईएमएल के क्रिकेट मास्टर्स परिवार में उनके साथ द.अफ्रीका के जेपी डुमिनी और श्रीलंका के उपुल तरंगा भी शामिल हैं, जो अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले हैं। डुमिनी अपने बेहतरीन स्ट्रोक-प्ले, दबाव में संयम और आसान ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए मशहूर थे। 9,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन और दक्षिण अफ्रीका के टी20 कप्तान के रूप में नेतृत्व के अनुभव के साथ, डुमिनी अक्सर महत्वपूर्ण क्षणों में स्थिरता देने की शक्ति थे। डुमिनी ने कहा, 'इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के पहले सीजन में साउथ अफ्रीका मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करना एक बहुत बड़ा सम्मान है। मैं इसतरह के टूर्नामेंट में खेलने के लिए उत्सुक हूं, जिसमें खेल के महान खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। स्टाइलिश और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज उपुल तरंगा ने श्रीलंका के लिए 9,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। उन्होंने टीम के लिए ठोस नींव रखने के लिए नई गेंद को शानदार तरीके से संभाला, अक्सर एंकर की भूमिका निभाई और आवश्यकता पड़ने पर तेजी से रन बटोरे। थरंगा ने कहा, मैं इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के उद्घाटन सत्र में श्रीलंका मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं। आईएमएल एक शानदार टूर्नामेंट होगा, जिसमें पुराने दोस्त और प्रतिद्वंद्वी मैदान में उतरने और यादगार क्रिकेट होगा। आईएमएल 22 फरवरी, 2025 को नवी मुंबई, राजकोट और रायपुर में शुरू होने वाला है।

## तृषा ने अवार्ड पिता को समर्पत किया, मिताती को आदर्श बताया

क्वालालंपुर ।अंडर-19 टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत में गेंद और बल्ले से ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाली जी तृषा ने उन्हें मिले प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट अवार्ड को अपने पिता को समर्पित किया।साथ ही कहा कि मेरी आदर्श मिताली राज हैं।मैच के बाद तृषा ने कहा, 'मेरे लिए सब कुछ अच्छा रहे है, मैं अभी इतनी खुश हूं कि कुछ भी कह नहीं सकती हूं। साथ देने के लिए सभी का धन्यवाद।हमारी योजना हमेशा अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने की थी, आज भी वही किया जो सफल रही।मैं हमेशा मिताली राज को अपना आदर्श मानती हूं। मैं प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट अपने पिता को समर्पित करना चाहूंगी जो मेरे लिए यहां आये और हौसला बढ़ाया।मैं अपने एक ऑलराउंडर के रूप में देखती हूं।मेरा लक्ष्य देश के लिए खेलना और अधिक से अधिक मैच जीतना है।' बता दें कि तृषा ने इस टूर्नामेंट में कुल 7 मैचों में 77.25 की औसत से 309 रन बनाए और 7 विकेट भी लिए। फाइनल मुकाबले में तृषा ने बल्ले और गेंद दोनों से अहम भूमिका निभाते हुए दक्षिण अफीका के 3 विकेट लेने के बाद तेजी से 44 रन बनाये।

# सालाह के दो गोल से लीवरपूल ने बोर्नेमाउथ को हराया, नॉटिंघम फॉरेस्ट 7-0 से जीता



लंदन ।मोहम्मद सालाह के दो गोल की मदद से लीवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में शनिवार को यहां बोर्नेमाउथ को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त नौ अंक की कर ली।बोर्नेमाउथ के खिलाफ सालाह ने 30वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागने के बाद 75वें मिनट में एक और गोल किया। सालाह प्रीमियर लीग में अब 178 गोल के साथ चेल्सी के महान खिलाड़ी फ्रैंक लैम्पर्ड को पछाड़कर सर्वाधिक गोल करने वालों की सर्वकालिक सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।मिस्र के इस फॉरवर्ड ने लीवरपूल के साथ अपने संभवतः आखिरी प्रीमियर लीग अभियान में अब तक 21 गोल किए हैं।लीवरपूल के साथ उनका अनुबंध इस सत्र के अंत में समाप्त हो रहा है।यह पांचवीं बार है जब उन्होंने क्लब के लिए एक ही सत्र में 20 या उससे अधिक लीग गोल किए हैं।इस जीत के साथ लीवरपूल के 23 मैच में 56 अंक हो गए हैं।आर्सेनल की टीम 23 मैच में 47 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।इस हार के साथ बोर्नेमाउथ का प्रीमियर लीग में 11 मैच से अजेय रहने का क्रम भी थम गया।टीम 24 मैच में 40 अंक के साथ सातवें स्थान पर है। अन्य मुकाबलों में नॉटिंघम फॉरेस्ट ने ब्राइटन पर 7-0 की एकतरफा जीत दर्ज की जबकि एवर्टन ने भी लीसेस्टर सिटी के खिलाफ 4-0 की आसान जीत हासिल की।न्यूकासल यूनाईटेड को फूलहम के खिलाफ 1-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि वोल्वरहैम्पटन ने एस्टन विला को 2-0 से हराया।

# कनकशन विवाद पर अश्विन भी बोले, पूरी तरह से क्रिकेट संबंधित गलत आकलन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान 'कनकशन सब्स्टीट्यूशन' के इस्तेमाल पर सवाल उठाते हुए इसे पूरी तरह से क्रिकेट संबंधित गलत आकलन करार दिया जिसमें मध्यम गति के गेंदबाज हर्षित राणा ने बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे की जगह ली थी। दुबे ने मैच के दौरान अर्धशतक बनाया था और भारत की पारी के अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद उनके सिर पर लग गई, तब जेमी ओवरटन गेंदबाजी कर रहे थे।

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने 'कनकशन प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए दुबे की जगह राणा को मैदान पर उतार दिया जो 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। राणा ने अपने पदार्पण मैच में 33 रन देकर तीन विकेट झटक लिए जिससे भारत ने मैच 15 रन से जीत लिया। इस तरह भारत ने एक मैच रहते ही टी20 श्रृंखला अपने नाम कर ली।

अश्विन ने 'ऐश की बात' पर कहा, 'खेल खत्म हो गया है। भारत ने घरेलू मैदान पर एक और श्रृंखला अपने नाम कर ली। टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत का सिलसिला वाकई शानदार रहा। लेकिन मेरा पहला सवाल यह है कि क्या हम भूल गए कि यह एक अंतरराष्ट्रीय मैच था या फिर हमने आईपीएल मैच खेला?' उन्होंने कहा, 'क्योंकि आज सारी चर्चा इस बात पर थी कि हर्षित राणा किस तरह शिवम दुबे के 'कनकशन सब्स्टीट्यूट' बन गए? मैं समझ सकता हूं कि ऐसा पहले भी हुआ है। कैनबरा में युजवेंद्र चहल ने रविंद्र जडेजा की जगह ली।'

अश्विन ने कहा, 'आप इसे 'पोएटिक जस्टिस' बल्कि 'पोएटिक इनजस्टिस' कह सकते हैं। मुझे यह समझ में नहीं आ रहा। कम से कम पहले तो स्पिनर चहल ने स्पिनर जडेजा की जगह ली थी। यहां हर्षित राणा ऑलराउंडर शिवम दुबे की जगह कैसे ले सकते हैं।' 'कनकशन प्रोटोकॉल' के अंतर्गत एक खिलाड़ी की जगह उसकी तरह के खिलाड़ी को ही शामिल करने की अनुमति है और राणा तो एक तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने मध्यम गति के गेंदबाज दुबे की जगह ली जिन्हें आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 'इम्पैक्ट खिलाड़ी' के तौर पर इस्तेमाल किया गया।

इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर इस फैसले से नाखुश हैं। उन्होंने कहा कि उनकी टीम से सलाह नहीं ली गई और वह मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ से स्पष्टता मांगेंगे कि कनकशन के मामलों में समान प्रतिस्थापन क्या होता है। अश्विन का मानना है कि दुबे के लिए समान प्रतिस्थापन खिलाड़ी के लिए रमनदीप सिंह अधिक उपयुक्त होते। उन्होंने कहा, 'भारतीय या इंग्लैंड टीम की इसमें कोई भूमिका नहीं है। अगर टीम में कोई नहीं है तो आप कह सकते हैं कि हर्षित राणा थोड़ी बल्लेबाजी कर



सकता है और शिवम दुबे थोड़ी गेंदबाजी कर सकता है इसलिए हमने उसे शामिल किया। पर समान प्रतिस्थापन खिलाड़ी रमनदीप सिंह बाहर बैठे थे। मुझे समझ में नहीं आ रहा।'

उन्होंने कहा, 'यह पूरी तरह से क्रिकेट की गलत गणना का मामला है। भले ही यह अंपायरों की ओर से हो या मैच रेफरी की ओर से या जो भी हो। रमनदीप सिंह वहां मौजूद थे। वह एक बल्लेबाज है जो शिवम दुबे की तरह ही थोड़ी बहुत गेंदबाजी कर सकता है। लेकिन उन्हें नहीं शामिल किया गया। हर्षित राणा को चुना गया था। मुझे लगता है कि प्रभारी लोगों को इस पर गौर करना चाहिए। आज इंग्लैंड के खिलाफ ऐसा हुआ जिसे नुकसान हुआ, पर किसी दिन भारत के साथ भी ऐसा हो सकता है।' भारत रविवार को अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

# हिना पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम की मैनेजर बनने वाली पहली महिला बनीं



लाहौर। महिला पुलिस अधिकारी हिना मुनव्वर को पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम का ऑपरेशंस मैनेजर बनाया गया है।हिना पहली महिला हैं जो पुरुष टीम की मैनेजर बनी हैं।उन्हें इसलिए नियुक्ति किस गया है जिससे कि टीम का संचालन सही तरीके से हो सके।हिना ने पहले भी कई अहम सुरक्षा भूमिकाएं निभाई हैं।हिना एक पुलिस अधिकारी हैं।पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास में ये पहला मौका है, जब किसी महिला को पुरुष टीम के मैनेजर की जिम्मेदारी सौंपी गई हो।हिना संवेदनशील और जोखिम भरे स्वात क्षेत्र में फ्रंटियर कांस्टेबुलरी में रही हैं।हिना 8 फरवरी से पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच त्रिकोणीय एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज से अपनी जिम्मेदार संभालेंगी।हिना पहले भी कई कानून प्रवर्तन और सुरक्षा भूमिकाओं में अपनी जिम्मेदारी निभा चुकी हैं।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक अधिकारी ने कहा, उनकी नियुक्ति का उद्देश्य टीम के भीतर और खिलाड़ियों और बोर्ड के बीच संचालन को सुव्यवस्थित करना है, क्योंकि उन्होंने रणनीतिक और नेतृत्वकारी भूमिकाओं में काम किया है, जिससे विभिन्न संचालन को सुव्यवस्थित करने में मदद मिली है।पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी, हिना को प्रतिनियुक्ति पर बोर्ड में लाए थे, क्योंकि वह पाकिस्तान की पुलिस सेवा का हिस्सा बनी हुई है।

